RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 34 ■ अंक 213 ■ मुंबई, शनिवार 28 फरवरी 2026 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह

**Short News** एक नजर

## दिल्ली-देहरादून हाईवे पर मुस्लिम विरोधी नारे

**नई दिल्ली।** यूपी में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर मुस्लिम विरोध आपत्तिजनक नारे लिखे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना के बाद केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई नेशनल हाईवे अथॉरिटी के एक कर्मचारी की शिकायत पर हिंदू रक्षा दल के अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ की गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें दो युवतियां रेलिंग पर स्प्रे पेंट से कुछ लिखती दिख रही हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सहारनपुर जिले के बिहारीगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र की सीमा के तहत बेहतीगढ़ के पास दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे के किनारे रेलिंग के लिए बनी दीवार पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने का मामला प्रकाश में आया है। दीवार पर लिखा गया था, 'यह सड़क मुसलमानों के लिए नहीं है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस वायरल वीडियो की असलियत भी वेरिफाई कर रही है जिसमें कथित तौर पर दो युवतियां NH-72A के एक ऊंचे हिस्से पर रेलिंग पर स्प्रे पेंट से उक्त नारे लिखती नजर आ रही हैं।

## सचिन के बेटे अर्जुन के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू

**जामनगर।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। शुरुआत गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर पर हुई, जहां तेंदुलकर और अंबानी परिवार के सदस्य देसी रंग में नजर आए। सचिन ने इस मौके पर बेटे को लेकर भावुक बात कही। उन्होंने कहा कि जब बेटा किसी लड़की को घर लाकर परिचय कराता है, तब पता चलता है कि बेटा बड़ा हो गया है। अर्जुन और सानिया की शादी 5 मार्च को मुंबई में होने वाली है। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं।

### अफगान संघर्ष पर पाक का बड़ा दावा

# 22 ठिकानों पर हमला

## 274 लड़ाकों को मार गिराया

**महानगर नेटवर्क**

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष लगातार खूनी होती जा रही है। गुरुवार रात को अफगानिस्तान की तरफ से किए गए पलटवार के बाद पाकिस्तान की तरफ से भी दोबारा हमले किए गए। अब इन हमलों को लेकर पाकिस्तानी सेना की तरफ से कहा गया कि गुरुवार रात और शुक्रवार तड़के अफगानिस्तान के 22 सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया, जिसमें करीब 274 तालिबानी लड़ाकों की मौत हुई है। इसके साथ ही पाकिस्तानी सेना ने स्वीकार किया कि इस लड़ाई में कम से कम 12 पाकिस्तानी सैनिकों की भी जान गई है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूरा ऑपरेशन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के दिशा निर्देशों पर चल रहा है। इसमें अभी तक 274 अफगानी लड़ाकों की मौत हो चुकी है, जबकि पाकिस्तान ने भी अपने 12 सैनिकों को गंवाया है। पाकिस्तानी सेना के अलावा विदेश मंत्रालय ने भी इस मामले पर बयान जारी करते हुए कहा कि अब अगर अफगान तालिबान ने कोई और उकसावे वाली कार्रवाई की, तो फिर उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।



### चीन-रूस ने की शांति की अपील

चीन, रूस और कतर ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच छिड़े जंग को लेकर दखल दिया है। जहां एक तरफ चीन ने दोनों देशों को संयम बरतने और बातचीत की सलाह दी है, वहीं कतर और रूस ने इस दुश्मनी को खत्म कराने के लिए मीडिएटर बनने का बड़ा ऑफर दे दिया है। चीन ने दोनों देशों से अपील की है कि वे अपनी सेनाओं को पीछे खींचें और अपने मतभेदों को केवल बातचीत के जरिए सुलझाएं। रूस ने भी सशस्त्र संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। मॉस्को ने कड़े शब्दों में कहा है कि हिंसा तुरंत बंद होनी चाहिए और राजनीतिक व कूटनीतिक रास्तों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। रूस ने मामले का हल निकालने के लिए मध्यस्थता पर भी विचार करने की बात कही है।

### चीन ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने को कहा

**बीजिंग/तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पड़ोसी देश चीन ने शुक्रवार को अपने नागरिकों को "जितनी जल्दी हो सके" ईरान छोड़ने की सलाह दी है। चीन के विदेश मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि क्षेत्र में बाहरी सुरक्षा खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में नागरिकों को सतर्क रहने और जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर जाने की आवश्यकता है। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि ईरान में अभी मौजूद चीनी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षा सावधानी बरतें और जितनी जल्दी हो सके निकल जाएं। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी मध्य-पूर्व में अपनी सैन्य गतिविधियां तेज कर दी हैं और संभावित हमले की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

# 7.8% की रफ्तार से बढ़ी भारतीय इकोनॉमी

● सरकार ने जारी किए आंकड़े

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

2022-23 को बेस ईयर मानकर नेशनल अकाउंट्स की नई सीरीज के अनुसार भारत की इकॉनमी 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान 7.8% बढ़ी, जो एक साल पहले 7.4% थी। मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन ने शुक्रवार को बेस ईयर 2022-23 के साथ एनुअल और क्वार्टरली नेशनल अकाउंट्स एस्टिमेट्स की नई सीरीज जारी की। यह पिछली सीरीज को 2011-12 के बेस ईयर से रिप्लेस करता है। नई सीरीज़ के अनुसार मौजूदा फ़ाइनेंशियल ईयर में ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट (GDP) के 7.6 परसेंट बढ़ने का अनुमान है, जबकि जनवरी में मिनिस्ट्री द्वारा जारी एडवांस अनुमानों में यह 7.4% था। 2025-26 के जुलाई-सितंबर पीरियड के लिए ग्रोथ रेट को 8.2% से बढ़ाकर 8.4% कर दिया गया है। हालांकि पहली तिमाही के लिए ग्रोथ रेट को 7.8% से घटाकर 6.7% कर दिया गया। आधार वर्ष में बदलाव से आर्थिक गतिविधियों के आकलन का दायरा व्यापक होता है और नई संरचना के अनुरूप आंकड़ों को अपडेट किया जाता है। इससे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति को बेहतर तरीके से दर्शाया जा सकता है।



सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा 2022-23 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई जीडीपी श्रृंखला एक दशक से अधिक समय बाद आई है। इससे पहले यह प्रक्रिया सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा एक दशक से भी अधिक समय पहले की गई थी। जनवरी 2015 में जब 2004-05 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई पिछली जीडीपी श्रृंखला को संशोधित किया गया था, तब भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को अधिक सटीक और व्यापक रूप से मापने के लिए अनुसंधान संस्थान (MoSPI) द्वारा कई कार्य प्रणालीगत परिवर्तन किए जाने के बाद कुछ वर्षों के लिए विकास दर बढ़ाई गई थी और कुछ वर्षों के लिए घटाई गई थी।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को कोर्ट से बड़ी राहत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर शुक्रवार को हर किसी की नजर टिकी थी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती



की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही थी। मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला आया है। कोर्ट ने शंकराचार्य को मामले में बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने उनकी तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। करीब एक घंटे तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया गया। दरअसल शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख किया था।

### दिल्ली शराब नीति केस : अरविंद-सिसोदिया बरी

## केजरीवाल के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, उनके सहयोगी मनीष सिसोदिया और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएसी) एमएलसी के. कविता को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपों को तभी माना जाएगा जब उनके साथ ठोस और पर्याप्त सबूत मौजूद हों, जो इस मामले में जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत नहीं किए जा सके। सबसे पहले कोर्ट ने आबकारी विभाग के पूर्व कमिश्नर कुलदीप सिंह को बरी किया। इसके बाद मनीष सिसोदिया और अंत में अरविंद केजरीवाल को भी राहत दी गई



वहीं अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। यह कदम राउज एवेन्यू कोर्ट के उस हालिया आदेश के बाद उठाया गया है, जिसमें अदालत ने सभी आरोपियों को यह कहते हुए आरोपमुक्त कर दिया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं। सीबीआई ने अपनी याचिका में निचली अदालत के निष्कर्षों को गलत बताते हुए मामले की दोबारा सुनवाई और आदेश पर रोक लगाने की मांग की है।

## चार दिवसीय भारत दौरे पर कनाडा के पीएम मार्क कार्नी

**मुंबई।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार को मुंबई पहुंचे। क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि वे संबंधों को फिर से स्थापित करेंगे और व्यापार को दोगुना करेंगे, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके देश के बिगड़ते संबंधों से हुए नुकसान की भरपाई हो सकेगी। कनाडा के प्रधानमंत्री सोमवार (2 मार्च) को नई दिल्ली की यात्रा करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मुंबई में कई कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद, वह रविवार (1 मार्च) को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



सोमवार (2 मार्च) को कार्नी विदेश मंत्री एस. जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे और समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान होगा। कनाडा लौटने से पहले वे भारत-कनाडा सीईओ फोरम को भी संबोधित करेंगे।



# बोर्ड परीक्षा के 107 केंद्रों की मान्यता रद्द

## स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने दी जानकारी

महानगर संवाददाता
मुंबई

शुक्रवार को स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने विधानसभा में जानकारी दी कि सरकार ने कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकल और अन्य कदाचार के विरूद्ध बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए राज्य भर में 107 परीक्षा केंद्रों की मान्यता रद्द कर दी है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में भुसे ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष की तरह ही फरवरी-मार्च 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए एक निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए 'नकल-मुक्त परीक्षा अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए क्रमशः 31 और 76 परीक्षा केंद्रों की मान्यता को 13 जनवरी के आसपास



कदाचार की घटनाओं की जानकारी मिलने के बाद रद्द कर दिया गया। मंत्री ने बताया कि कक्षा 10 और 12 के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सहित प्रमुख सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिना सीसीटीवी वाले परीक्षा केंद्रों पर अधीक्षकों, निरीक्षकों और अन्य कर्मचारियों को बदल दिया गया है तथा संवेदनशील केंद्रों पर विशेष स्थायी दल और ड्रोन तैनात किए गए हैं।

### जागरूकता अभियान

शिक्षा मंत्री दादाजी भूसे ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान लिखित उत्तर में कहा कि महाराष्ट्र सरकार आगामी शैक्षणिक वर्ष से एक जागरूकता अभियान शुरू करेगी, ताकि लोगों को सरकारी एजेंसी 'बालभारती' की तरफ से प्रकाशित असली पाठ्य पुस्तकों की पहचान करने में मदद मिल सके। बालभारती द्वारा डिजाइन और प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों की 20,000 से अधिक नकली प्रतियां दिसंबर 2025 में नागपुर जिले के एक निजी प्रिंटिंग प्रेस से जब्त की गईं। उन्होंने बताया कि नागपुर के हिंगना एमआईडीसी क्षेत्र में एक प्रेस पर छापे के दौरान नौवीं से 12वीं कक्षाओं तक की पाठ्यपुस्तकों की अवैध छपाई का पता चला।

# 350 करोड़ के बोझ तले टीएमटी

## 2,600 कर्मचारियों का वेतन बकाया

महानगर संवाददाता
ठाणे

शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली ठाणे परिवहन सेवा (टीएमटी) इन दिनों आर्थिक संकट से जूझ रही है। विभाग के 2,600 कर्मचारियों पर करीब 350 करोड़ रुपए का बकाया है। इसमें कार्यरत और सेवानिवृत्त दोनों कर्मचारी शामिल हैं। टीएमटी रोजाना 5,960 फेरे संचालित करती है। करीब 2 लाख 45 हजार यात्री इस सेवा पर निर्भर हैं। इसके बावजूद कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिला है। छठें वेतन आयोग की राशि आंशिक रूप से दी गई है। करीब 48 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ है। बाकी रकम अब भी लंबित है। सातवें वेतन आयोग की एक भी किस्त जारी नहीं की गई। यह बकाया लगभग 250 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

चौंकाने वाली बात यह है कि ठाणे नगर निगम के अन्य कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की तीन



किस्तें मिल चुकी हैं। लेकिन टीएमटी कर्मियों को अब तक कुछ नहीं मिला। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ढाई साल से ग्रेच्युटी का इंतजार है। छुट्टी नकदीकरण, चिकित्सा,महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों सहित 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अटकी है। परिवहन प्रशासन ने नगर आयुक्त सौरभ राव से चर्चा की है। बकाया जारी करने के लिए पत्र भी भेजा गया है। पहले विभाग में 2,600 कर्मचारी थे। अब सिर्फ 1,229 कार्यरत हैं। सेवानिवृत्ति बढ़ रही है। हालात नहीं सुधरे तो सेवा पर असर पड़ सकता है। कर्मचारियों की निगाह अब निगम प्रशासन के फैसले पर टिकी है।

# मुंबई को मिलेगा 800 एमएलडी अतिरिक्त पानी

**पानी सीवरेज की समस्या से निपटने के लिए बीएमसी खर्च करेगी 16 हजार करोड़ रुपए**

**मुंबई।** पानी की समस्या मुंबई में विकट होती जा रही है। बीएमसी ने पानी की समस्या से निपटने के लिए बड़ी तैयारी की है। बीएमसी ने मुंबई वासियों को पानी की समस्या दूर करने के लिए अगले चार सालों में 800 एमएलडी अतिरिक्त पानी करने का बीड़ा उठाया है। बीएमसी ने मुंबई के प्रोजेक्ट के लिए 48 हजार से अधिक का बजट विकास कार्य के लिए रखा है,जिसमे बीएमसी ने 16000 करोड़ रुपया पानी के लिए और सीवरेज के लिए रखा है। बीएमसी ने मुंबईकरों की प्यास बुझाने के लिए अगले चार सालों का अजेंडा तैयार किया है। फिलहाल मुंबई को प्रतिदिन लगभग 4,000 मिलियन लीटर पानी मिलता है, जबकि मांग करीब 4,463 मिलियन लीटर की है। असमान वितरण के कारण कई क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी रहती है।

बीएमसी ने समुद्र के पानी को



मीठा करने से लेकर गारगाई प्रोजेक्ट पर जोर देने का निर्णय है। बीएमसी ने विश्वसनीय जल स्रोत विकसित करने के लिए मनोरी में 200 एमएलडी क्षमता की समुद्र का पानी का मीठा करने का कदम उठाया है जो आगे चलकर और 200 एमएलडी भी सप्लाई करेगा इस तरह कुल मिलाकर मनोरी से 400 एमएलडी पानी सप्लाई हो सकेगी इसी तरह स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसे आगे चलकर 400 एमएलडी तक बढ़ाया जा सकेगा। इस परियोजना का ठेका हाल ही में दिया गया है और प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिए गए हैं। परियोजना की समयसीमा 48 महीने निर्धारित की गई है। जिसके तहत कुल 400 एमएलडी की पानी की सप्लाई होगी। इसी तरह वर्सोवा में भी वर्सोवा में भी 200 एमएलडी क्षमता वाले डिसैलिनेशन प्लांट के लिए मनपा ने निजी संस्थाओं की भागीदारी से पूर्ण करने का निणर्य लिया है। इस प्रोजेक्ट से भी शुरू में 200 एमएलडी समुद्र का पानी मीठाहोकर पीने योग्य होगा। उसके बाद उसकी क्षमता 200 एमएलडी और बढ़ाकर कुल 400 एमएलडी किया जाएगा।

# व्हाट्सएप पर डिस्प्ले पिक्चर को लेकर एक की हत्या




**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व में शुक्रवार को 24 वर्षीय एक युवक की उसकी पत्नी के सामने ही चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि यह घटना व्हाट्सएप डिस्प्ले पिक्चर को लेकर हुए विवाद के कारण हुई। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना हनुमान नगर इलाके में तड़के 4:30 बजे हुई। उन्होंने कहा, 'मेहंदी हसन शेख (25) ने अपने बेटे की व्हाट्सएप डीपी को लेकर हुए झगड़े के बाद आफताब शेख की पत्नी के सामने ही उस पर चाकू से हमला कर दिया। आफताब की मौके पर ही मौत हो गई।' इलाके के निवासियों ने दावा किया कि मेहंदी एक बांग्लादेशी नागरिक था,जिसने पहले एक गंभीर अपराध के लिए सजा काटी थी, हालांकि एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इन सभी पहलुओं की वर्तमान में जांच की जा रही है। नालासोपारा पुलिस थाना के अधिकारी ने बताया कि मेहंदी को अपराध के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था और उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है।

# बिना सेस चुकाए कारोबार करने वालों पर APMC की बड़ी कार्रवाई

**17.51 करोड़ रुपए का कृषि माल जब्त**

**वाशी/नवी मुंबई।** बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) लिए और बाजार शुल्क (सेस) का भुगतान किए बिना कृषि उपज की खरीद-फरोख्त करने वाले व्यापारियों पर मुंबई कृषी उत्पन्न बाजार समिती (APMC) ने सख्त कार्रवाई की है। जनवरी से फरवरी 2026 के बीच विशेष अभियान चलाकर 17 करोड़ 51 लाख 30 हजार रुपए मूल्य का कृषि माल जब्त किया गया। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यापारियों से तीन गुना दंड वसूलते हुए 59 लाख 90 हजार रुपए की वसूली की गई है।

**जेएनपीटी से ठाणे-बेलापुर बेल्ट तक छापेमारी**

यह कार्रवाई जेएनपीटी, तुर्भे, नेरुल और ठाणे-बेलापुर औद्योगिक क्षेत्र सहित कई स्थानों पर की गई। विशेष रूप से जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) के आसपास आयात-निर्यात से जुड़े गोदामों और थोक मंडियों की जांच की गई। बाजार समिति के सचिव शरद जरे के मार्गदर्शन में सतर्कता पथक (विजिलेंस टीम) के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई अंजाम दी।



**बिना लाइसेंस और बिना सेस के हो रहा था कारोबार**

जांच के दौरान सामने आया कि कई व्यापारी APMC की वैध अनुज्ञप्ति लिए बिना ही सीधे किसानों और एजेंटों से कृषि उपज की खरीद-बिक्री कर रहे थे। इतना ही नहीं, बाजार समिति को देय सेस और निगरानी शुल्क (सुपरविजन फीस) भी जमा नहीं किया गया था। कुछ आयातकों द्वारा विदेश से मंगाए गए कृषि उत्पादों को APMC के अधिकार क्षेत्र में लाते समय पूर्व सूचना नहीं दी गई। कई मामलों में आयातक के पास वैध लाइसेंस भी नहीं था, फिर भी बड़े पैमाने पर लेन-देन किया गया।

# MSCB घोटाला : हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया

## अजित पवार, सुनेत्रा पवार और रोहित पवार समेत सभी 70 आरोपियों को मिली 'क्लीन चिट'

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले कई वर्षों से तूफान मचाने वाले महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में शुक्रवार, 27 फरवरी को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा (EOW) द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इस फैसले के साथ ही दिवंगत नेता अजित पवार, वर्तमान उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और विधायक रोहित पवार समेत सभी 70 आरोपियों को मिली 'क्लीन चिट' पर अब आधिकारिक मुहर लग गई है।

यह फैसला महायुति सरकार के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि विपक्षी दल लगातार इस घोटाले को लेकर सरकार और पवार परिवार पर हमलावर थे।

**अन्ना हजारे और ईडी की आपत्तियां खारिज**

MSCB घोटाला मामले में सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ आपत्ति याचिका दायर की थी,जबकि प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने भी हस्तक्षेप याचिका के जरिए मामले की पुनर्जांच की मांग की थी। ईडी का तर्क था कि बैंक के पैसों के हेरफेर में मनी लॉन्ड्रिंग के पुख्ता संकेत हैं।

# कूड़ास्थल में लगी आग, कोई हताहत नहीं हुआ



**ठाणे।** नवी मुंबई के एक कूड़ास्थल (डंपिंग ग्राउंड) पर शुक्रवार तड़के आग लग गई,लेकिन इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। नगर निकाय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तुर्भे इलाके में सुबह पांच बजकर 40 मिनट पर एक कूड़ास्थल में आग लग गई। एक अधिकारी ने कहा, ''आग बुझाने का काम चल रहा है। इस घटना में कोई नहीं झुलसा है।'' उन्होंने बताया कि वाशी अग्निशमन केंद्र से दमकल की दो गाड़ियां और बेलापुर, कोपरखैरान, नेरुल और डी-ब्लॉक एमआईडीसी नेरुल दमकल केंद्रों से दमकल की एक-एक गाड़ी आग बुझाने में लगी हुई है।

# कोनगांव की गारमेंट फैक्ट्री में युवती से छेड़छाड़

## नौकरी से निकालने की धमकी

**भिवंडी।** भिवंडी के कोनगांव क्षेत्र स्थित एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करने वाली 21 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। फैक्ट्री में कार्यरत मास्टर पर बाथरूम के पास युवती से जबरदस्ती करने तथा विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर कोनगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है, हालांकि आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार कोनगांव स्थित अस्मिता कंपाउंड में संचालित जानवी गारमेंट्स कंपनी में पीड़िता काम करती है। मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे युवती बाथरूम गई थी। आरोप है कि इसी दौरान फैक्ट्री में मास्टर के पद पर काम करने वाला रोजन अली उसके पीछे वहां पहुंच गया और मौका पाकर उसका हाथ पकड़कर आपत्तिजनक हरकत करने लगा। युवती द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसे तथा उसके पति को नौकरी से निकालने की धमकी दी।

# मुंबई एयरपोर्ट पर नहीं अदा कर पाएंगे नमाज, सरकार ने बताई वजह

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर टैक्सी चालकों की नमाज अदा करने की मांग सुरक्षा कारणों के चलते खारिज कर दी गई है। राज्य सरकार और MMRDA ने एयरपोर्ट के बाहर शेड में नमाज की अनुमति देने में असमर्थता जताई थी। हालांकि मुंबई हाईकोर्ट ने वैकल्पिक स्थान खोजने पर विचार करने को कहा है,लेकिन सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए चालकों को पास की मस्जिदों में जाने का सुझाव दिया गया है। मुंबई के एयरपोर्ट पर नमाज पढ़ने को लेकर समाजवादी पार्टी और एमआईएम ने मांग की थी, जबकि भाजपा और उसके नेता शुरुआत से ही इसका विरोध करते आ रहे हैं। इसको लेकर विधानसभा में भी जमकर बहस देखने



को मिली थी। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकाई ने एमएमआरडीए से जवाब मांगा था। एमएमआरडीए ने कोर्ट में अपने जवाब में साफ तौर पर कहा कि एयरपोर्ट पर नमाज पढ़ने की अनुमति देना किसी भी हालत में संभव नहीं है। राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा कि टेक्सी और कैब ड्राइवर्स नजदीकी मस्जिदों में जाकर नमाज पढ़ सकते हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को होगी।

मुंबई हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा कारणों से छत्रपती शिवाजी महाराज आंतरराष्ट्रीय विमानतळ (सीएसएमआईए) के बाहर शेड बनाकर रमज़ान और अन्य दिनों में ऑटो, टैक्सी, ओला-उबर चालकों को नमाज अदा करने की अनुमति देना संभव नहीं है। जस्टिस बी.पी. कोलाबावाला और जस्टिस फिरदौस पुनिवाला की बेंच ने राज्य सरकार और एमएमआरडीए को निर्देश दिया कि वे सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट परिसर के भीतर ही कोई वैकल्पिक स्थान चिन्हित करने की संभावना पर विचार करें, ताकि रमजान के दौरान चालक और यात्री नमाज़ अदा कर सकें।

# 68 लाख का ड्रग्स और कोडीन कफ सिरप बरामद

## दो युवक गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे शहर में नशे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो युवकों को पकड़ा गया है। पुलिस ने दोनों के पास से मेफेड्रोन (MD) और प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की है, जिसकी कुल कीमत करीब 68 लाख रुपये बताई जा रही है। एजेंसी के अनुसार, यह कार्रवाई 24 फरवरी की रात ठाकुरपाड़ा इलाके में की गई। यहां एक जर्जर झोपड़ी में छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय अजीम अहमद नईम अहमद खान और 28 वर्षीय अबुजैद इम्तियाज खान के रूप में हुई है।

# रोहित पवार ने CM फडणवीस से की मुलाकात बारामती में अजित पवार के स्मारक की मांग

**मुंबई।** एनसीपी (शरद पवार गुट) के युवा विधायक रोहित पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस से विशेष मुलाकात की है। यह मुलाकात 28 जनवरी को हुई उस भीषण दुर्घटना के संदर्भ में थी, जिसमें राज्य के दिग्गज नेता अजित पवार की मृत्यु हो गई थी। इस बैठक के दौरान रोहित पवार ने घटना को लेकर अपनी गहरी शंकाएं व्यक्त कीं और कई अहम मांगें सरकार के सामने रखीं,उन्होंने इस संवेदनशील मामले से जुड़े अपने रिसर्च पेपर और सभी सार्वजनिक किए गए बिंदु मुख्यमंत्री को सौंप दिए हैं, ताकि जांच सही दिशा में आगे बढ़ सके। रोहित पवार ने मुख्यमंत्री से कड़े शब्दों में आग्रह किया कि इस पूरे प्रकरण का पूरी गंभीरता के साथ फॉलोअप किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि राज्य स्तर पर आवश्यकता महसूस हो,तो इस विषय को देश के गृहमंत्री के समक्ष भी रखा जाना चाहिए। रोहित ने कहा कि केंद्र सरकार से सिर्फ औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि एक बेहद विस्तृत और पारदर्शी रिपोर्ट आने की



उम्मीद है। एफआईआर (FIR) के विषय में उन्होंने बताया कि भीड़ की आशंका के चलते वे पहले मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में बीएनएस कानून के तहत जीरो एफआईआर (Zero FIR) दर्ज कराना चाहते थे। लेकिन वहां मामला दर्ज न होने पर उन्होंने घटनास्थल बारामती में ही एफआईआर दर्ज करने और पूरे मामले की सीआईडी (CID) जांच कराने की पुरजोर मांग की है। सोमवार सुबह 11 बजे वे एक विस्तृत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुछ अन्य बड़े खुलासे भी करने वाले हैं।

# सात साल के बच्चे की कुत्ते काटने से मौत

महानगर संवाददाता
कल्याण

कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में भटके कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ताजा घटना कल्याण के पास आंबिवली-मोहने इलाके के मोहिली गालेगांव क्षेत्र की है,जहां एक सात साल के बच्चे की कुत्ते के काटने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

वह मोहने के पास गालेगांव क्षेत्र के कातकरी आदिवासी पाड़ा में रहता था। उसके माता-पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले खुशील को एक भटके कुत्ते ने

**एक बच्चा गंभीर**



काट लिया था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया,लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसी समय एक और बच्चे को भी कुत्ते ने काटा था, जिसका इलाज जारी है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ही कल्याण पूर्व में एक युवक ने कुत्ते के काटने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब यह नई घटना सामने आ गई। घटना के बाद उद्धव गुट की नगरसेविका तेजश्री गायकवाड ने मनपा मुख्यालय पहुंचकर आयुक्त और महापौर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बल्याणी चौक, उंभार्णी, मोहिली, गालेगांव, जेतवन नगर, तिपन्ना नगर, आर.एस. टेकड़ी और मोहने इलाके में भटके कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है। कुत्ते राह चलते लोगों पर झपट्टा मार रहे हैं, जिससे लोग घायल हो रहे हैं और डर का माहौल बना हुआ है।

# मीरा-भायंदर महानगरपालिका में मराठी भाषा गौरव दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न




महानगर संवाददाता
भायंदर

मीरा-भायंदर महानगरपालिका की ओर से मराठी भाषा गौरव दिवस बड़े उत्साह और अभिमान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रंथदिंडी, पुस्तक प्रदर्शनी तथा मान्यवरों के प्रेरक विचारों से सुसज्जित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर डिंपल मेहता, उपमहापौर ध्रुवकिशोर पाटील, मनपा आयुक्त राधा विनोद शर्मा , अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उपआयुक्त डॉ. सचिन बांगर , प्रणाली घोंगे सहित अनेक मान्यवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मनपा मुख्यालय से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन (नगरभवन) तक निकाली गई भव्य ग्रंथदिंडी से हुई। इस ग्रंथदिंडी में स्कूली विद्यार्थियों ने मराठी भाषा के संवर्धन का संदेश देते हुए हाथों में तख्तियां लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे परिसर में मराठी भाषा गौरव दिवस का उत्सवमय वातावरण निर्मित हुआ।

# मार्वे पठारे वाडी में 23 अवैध गोदामों पर चला बुलडोजर

**मनपा पी/नॉर्थ वार्ड और कलेक्टर की संयुक्त कार्रवाई**



**मुंबई।** मालाड मार्वे पठारे वाडी क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मनपा पी/नॉर्थ वार्ड और कलेक्टर कार्यालय की संयुक्त टीम ने 23 अवैध गोदामों पर बुलडोजर चलाकर इस कार्रवाई में करीब 25 हजार वर्ग फीट सरकारी व निजी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। बताया गया है कि इन गोदामों का उपयोग शूटिंग और शादी समारोह के सामान रखने के लिए किया जा रहा था। जोन 4 की डीएमसी भाग्यश्री कापसे, पी/नॉर्थ वार्ड के सहायक आयुक्त कुंदन वलवी और अतिरिक्त जिलाधिकारी गणेश मिसाल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक अभियंता राजेश सोनवणे और उप अभियंता सुहास घोलप की टीम ने किया। अभियान में 2 जेसीबी मशीनें, 16 अधिकारी और 30 मजदूर शामिल थे। पूरी कार्रवाई ताबड़तोड़ तरीके से अंजाम दी गई और सभी अवैध गोदामों को जमींदोज कर दिया गया। डीएमसी भाग्यश्री कापसे ने कहा कि भू-माफियाओं को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि मुंबई में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा।

# रविवार को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच जम्बो ब्लॉक

## आवश्यक अनुरक्षण कार्य हेतु अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर पांच घंटे का ब्लॉक

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा रविवार,एक मार्च को ट्रैक, सिगनलिंग प्रणाली तथा ओवरहेड उपकरणों के अनुरक्षण हेतु चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक 10:35 बजे से 15:35 बजे तक कुल पांच घंटे का होगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान स्लो लाइन की सभी ट्रेनें चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच फास्ट लाइनों पर चलाई जाएंगी। इसके अलावा, कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय सेवाएं निरस्त रहेंगी, जबकि चर्चगेट की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर पर ही शॉर्ट-टर्मिनेट कर वहीं से रिटर्न चलाया जाएगा। प्रभावित ट्रेनों की विस्तृत सूची उपनगरीय खंड के सभी स्टेशनों पर स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त परिवर्तनों को ध्यान में रखें और तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

# मुंबई-रत्नागिरी के बीच छह अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलेंगी

**मुंबई।** रेलवे आगामी होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए छह अतिरिक्त अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाएगा।

जिसका विवरण इस प्रकार है :

1) पनवेल-रत्नागिरी-पनवेल अनारक्षित विशेष (6 सेवाएं)

01157 मेमू विशेष ट्रेन दिनांक 27, 28 फरवरी और एक मार्च को पनवेल से 16:40 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 23:55 बजे रत्नागिरी पहुंचेगी। (3 सेवाएं) 01158 मेमू विशेष दिनांक 27 , 28 फरवरी और 01 एक मार्च को रत्नागिरी से 09.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 16.10 बजे पनवेल



पहुंचेगी। (3 सेवाएं)

ठहराव : सोमाटने, आप्टा, जिते, पेन, कासु, नागोठाणे, रोहा, कोलाड, इंदापुर, मानगांव, गोरेगांव रोड, वीर, सापे वामने, करंजडी, विनेहेरे, दीवानखावटी, कलांबनी बुद्रुक, खेड़, अंजनी, चिपलून, कामथे, सावरदा, अरावली रोड, कदवई, संगमेश्वर रोड, उक्षी और बोके।

संरचना : 8 मेमू कोच।

2) दिवा-चिपलुन-दिवा अनारक्षित विशेष ट्रेन के संचालन के संशोधित दिन

अनारक्षित विशेष ट्रेन 01159 पहले घोषित तिथि एक के बजाय दो मार्च से दिवा से प्रस्थान करेगी।

अनारक्षित विशेष ट्रेन 01160 पहले घोषित तिथि एक के बजाय दो मार्च से चिपलुन से प्रस्थान करेगी।

01159/01160 मेमू विशेष ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना में कोई परिवर्तन नहीं होगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें कि उपरोक्त ट्रेनें अनारक्षित होंगी और सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए लागू सामान्य शुल्क लागू होंगे।

यात्री रेल बुकिंग और ट्रेन की जानकारी के लिए रेल वन ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

**● दिवा-चिपलुन-दिवा अनारक्षित विशेष ट्रेन दो मार्च से चलेंगीं**

# मध्य रेल पर एक मार्च को मेगा ब्लॉक

मुंबई। मध्य रेल, मुंबई मंडल पर एक मार्च को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार है। मेन लाइन पर सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार के बीच अप और डाउन स्लो लाइन 10:55 बजे से 15:55 बजे तक मेगा ब्लॉक रहेगा। सीएसएमटी मुंबई से 10:48 बजे से 15:45 बजे तक चलने वाली डाउन स्लो सेवाएं सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और भायखला, परेल, दादर, माटुंगा, सायन और कुर्ला स्टेशनों पर रुकेंगी और विद्याविहार स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर पुन: डायवर्ट की जाएंगी। घाटकोपर से सुबह 10:19 बजे से 15:52 बजे तक चलने वाली अप स्लो ट्रेन सेवाएं विद्याविहार और सीएसएमटी मुंबई स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और कुर्ला, सायन, माटुंगा, दादर, परेल और भायखला स्टेशनों पर रुकेंगी। हार्बर लाइन पर कुर्ला और वाशी स्टेशनों के बीच अप



और डाउन हार्बर लाइन पर सुबह 11:10 बजे से शाम 16:10 बजे तक ट्रेन सेवाएं रद्द रहेंगी। सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10:34 बजे से दोपहर 15:36 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल जाने वाली डाउन हार्बर लाइन ट्रेनें और पनवेल/बेलापुर/वाशी से सुबह 10:17 बजे से दोपहर 15:47 बजे तक सीएसएमटी मुंबई जाने वाली अप हार्बर लाइन ट्रेनें रद्द रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई-कुर्ला और पनवेल -वाशी खंडों पर विशेष उपनगरीय ट्रेनें चलेंगी। हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10:00 बजे से शाम 18:00 बजे तक ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों से होकर यात्रा करने की अनुमति है।

# कृत्रिम फूलों पर सख्ती जल्द आएगा नया जीआर

## मुख्यमंत्री फडणवीस का विधानसभा में ऐलान

## दादर फूल बाजार फिर से शुरू करने के आदेश

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में स्पष्ट किया कि बायोडिग्रेडेबल (जैव अपघटित न होने वाले) मटेरियल से बने कृत्रिम फूलों पर पहले से ही प्रतिबंध लागू है। इस प्रतिबंध को और स्पष्ट करने के लिए सरकार जल्द ही अलग से शासनादेश (जीआर) जारी करेगी। विधानसभा में शुक्रवार को ध्यानाकर्षण सूचना पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि बायोडिग्रेडेबल मटेरियल से बने फूलों का उपयोग करने वाले डेकोरेटर सजा के पात्र होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिबंधित कृत्रिम फूलों का उपयोग करने वाले डेकोरेटर्स और संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृत्रिम फूलों के उपयोग से पर्यावरण और किसानों को नुकसान



होता है। यदि इसमें अन्य विभागों को समाविष्ट करने की जरूरत पड़ी तो उन्हें किया जाएगा।

### फूल 'सनातन धर्म' में महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि फूल मार्केट चलना ही चाहिए। हम सभी सनातन धर्म को मानने वाले हैं, और हमारे लिए फूलों का विशेष महत्व है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि फूल बाजार को पूर्ववत शुरू करने के लिए महानगरपालिका को तत्काल आदेश दिए जाएंगे। ध्यानाकर्षण सूचना पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) के विधायक जयंत पाटिल ने कहा कि उन्होंने पिछले मानसून सत्र में कृत्रिम फूलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई गई थी। पाटिल ने कहा कि फूल उत्पादक किसान बड़े पैमाने पर ग्रीन हाउस बनाकर प्राकृतिक फूलों की खेती करते हैं, जिसमें भारी निवेश होता है, लेकिन बाजार में कृत्रिम फूलों की बढ़ती बिक्री के कारण उन्हें उचित दाम नहीं मिल रहा है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम फूलों की बिक्री पूरी तरह रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि दादर फूल मार्केट के फूल विक्रेताओं को हाल ही में महानगरपालिका ने हटाया है। इसके विरोध में मुंबई के फूल व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखी हैं। जयंत पाटिल ने प्रशासन से अपील की कि इस मामले को सहानुभूति से देखते हुए फूलों की बिक्री जल्द से जल्द सुचारु की जाए। इससे पहले विधायक विक्रम पाचपुते ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्लास्टिक फूलों में इस्तेमाल होने वाले रंग जहरीले होते हैं। इस पर पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने बताया कि जो कृत्रिम फूल बायोडिग्रेडेबल नहीं हैं, उन पर महाराष्ट्र में पाबंदी है और ऐसा करने वाला राज्य देश में पहला है। उन्होंने बताया कि विभाग ने अब तक 4125 टन प्लास्टिक उत्पाद जब्त किए हैं और 25 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला है।

## कोई मराठी स्कूल बंद नहीं होगा : दादा भुसे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने शुक्रवार को विधानसभा को आश्वासन दिया कि राज्य में कोई भी मराठी स्कूल बंद नहीं किया जाएगा बल्कि सरकार बेहतर बुनियादी ढांचे तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उन्हें मजबूत बनाने को प्रतिबद्ध है। भुसे ने स्कूली शिक्षा विभाग के लिए पूरक मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कई सदस्यों ने विद्यालयों की स्थिति, बुनियादी ढांचे की कमियों और शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण और रचनात्मक सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा, "मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मराठी स्कूल बंद नहीं किए जाएंगे। इसके बजाय, हम गुणवत्ता में सुधार और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करके उन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए एक सुनियोजित योजना पर काम कर रहे हैं। विभाग गुणवत्तापूर्ण और आनंददायक शिक्षा के साथ-साथ पेयजल, शौचालय, स्कूल भवन, डिजिटल अवसंरचना और खेल के मैदान जैसी भौतिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक खाका तैयार कर रहा है।'' वहीं, जलापूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटिल ने सदन में जल के मुद्दे पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने राज्य में स्वीकृत लगभग 50,000 जल आपूर्ति योजनाओं में से 26,000 से अधिक परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि शेष योजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और सरकार ने उन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा का फैसला किया है जो अंतिम चरण में हैं।

# अंधेरी सब-वे की ट्रैफिक समस्या का होगा स्थायी समाधान

- जलभराव से राहत के लिए 197 करोड़ की योजना प्रस्तावित
- अधिवेशन के बाद सभी विभागों की होगी संयुक्त बैठक




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

अंधेरी सबवे में बारिश के दौरान पानी भरने से होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मुंबई महानगरपालिका विभिन्न उपाय कर रही है। यह जानकारी राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जवाब में दी। अंधेरी पूर्व के विधायक मुरजी पटेल ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कहा कि अंधेरी पूर्व और अंधेरी पश्चिम को जोड़ने वाला अंधेरी सबवे एक महत्वपूर्ण मार्ग है। बारिश में यहां पानी भर जाने से भारी ट्रैफिक जाम हो जाता है, इसलिए इसका स्थायी समाधान जरूरी है।

राज्यमंत्री माधुरी मिसाल ने बताया कि अंधेरी पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला यह भूमिगत मार्ग भौगोलिक रूप से निचले स्तर पर है और इसके ऊपर पश्चिम उपनगरीय रेलवे लाइन गुजरती है। इस कारण इसकी गहराई या चौड़ाई बढ़ाने में तकनीकी और भौगोलिक बाधाएं हैं। यदि बारिश 19 मिमी प्रति घंटे से अधिक होती है तो सब-वे में पानी भर जाता है। बारिश के दौरान पानी निकासी के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका के वर्षा जल निकासी विभाग की ओर से अस्थायी उपाय के तहत प्रति घंटे 2250 घन मीटर क्षमता वाले तीन पंप लगाए जाते हैं। अंधेरी सबवे के अलावा अंधेरी पश्चिम और पूर्व को जोड़ने के लिए गोखले ब्रिज मुख्य मार्ग है। गोखले ब्रिज के नवीनीकरण का काम पूरा हो चुका है और इसे सभी प्रकार के यातायात के लिए खोल दिया गया है। अत्यधिक बारिश के कारण यदि सबवे बंद करना पड़े तो एसवी रोड का यातायात गोखले ब्रिज की ओर मोड़ दिया जाता है, जिससे अंधेरी



पश्चिम में ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बनती। उन्होंने बताया कि यदि 55 मिमी से अधिक बारिश होती है तो पानी जमा न हो, इसके लिए 197 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इस मुद्दे पर सभी संबंधित विभागों की बैठक लेकर स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

मुरली पटेल ने कहा कि यह विषय लंबे समय से लंबित है। वे पिछले 15 माह से इस मामले में फॉलो अप कर रहे हैं। उन्होंने राज्यमंत्री से सवाल किया कि इस बारे में बैठक कब होगी? जवाब में मंत्री ने कहा कि अधिवेशन संपन्न होने के बाद 15 दिनों में इस मामले को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। इस चर्चा में विधायक अमित साटम और दिलीप लांडे ने भी भाग लिया।

## पांच वर्ष में जंगली जानवरों के हमले से 420 नागरिकों की मौत

### वन मंत्री नाईक ने विधान परिषद में दी जानकारी

**मुंबई।** राज्य में वन्य प्राणियों का मनुष्य पर हमले की घटनाएं बढ़ रही है। पिछले पांच साल में बाघ और तेंदुए के हमले के कारण 420 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है,शुक्रवार को राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने विधान परिषद में यह जानकारी दी।नाईक ने कहा कि वन्य प्राणियों के हमले से हुई 420 नागरिकों की मौत में 248 पर वाघ तो 104 तेंदुए के हमले के कारण नागरिकों की मौत हुई है।सदन में प्रश्नोत्तर के माध्यम से भाजपा सदस्य परिणय फुके ने लगातार नागरिकों पर हो रहे वन प्राणियों से जुड़े मुद्दे को उठाया था इसके जवाब में वन मंत्री बोल रहे थे।गणेश नाईक ने सदन को बताया कि साल 2025 में चंद्रपुर जिले में वनप्राणियों के हमले के कारण 47 नागरिकों की मौत हो चुकी है। सरकार ने इन सभी नागरिकों के परिजनों को मुआवजा के रूप में 827 लाख रुपए दिए है। वही नासिक के जुन्नर में साल साल में तेंदुए के हमले से 27 व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।इस 27 में से 26 नागरिकों के परिजनों को 553 लाख रुपए मदद के रूप में दिया गया है। गणेश नाईक ने कहा कि राज्य में वन्य प्राणियों और नागरिको में लगातार बढ़ते संघर्ष को रोकने के लिए दीर्घकालिक उपाय योजनाएं लागू करने का सरकार

## विपक्ष आक्रमक, दोषियों के खिलाफ की जाएगी कड़क कार्रवाई : शंभुराजे

**विधानपरिषद में गुंजा बदलापुर नाबालिग छात्रा छेड़छाड़ मामला**

**मुंबई।** शुक्रवार को विधान परिषद में बदलापुर में नामी स्कूल की बस में नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना का मामला गुंजा। इस मुद्दे पर शिवसेना (ठाकरे गुट) के विधायक सचिन अहिर ने औचित्य मुद्दा के माध्यम से सदन में मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा कि राज्य में छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बदलापुर में एक छोटी बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना अत्यंत गंभीर है। स्कूल बसों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निर्देश दिए जाते हैं, इसके बावजूद एक इको वाहन में इस प्रकार की भयावह घटना हुई। उन्होंने मांग की कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराई जाए और राज्यभर में हो रही ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी जाए। विपक्ष की मांग पर मंत्री शंभुराजे देसाई ने कहा कि विद्यार्थियों के आवागमन के लिए स्कूल बसों के संबंध में एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को इन नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। यदि बसों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं तो इस संबंध में पुनः सख्त निर्देश जारी किए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और मालिकों के साथ-साथ संबंधित संस्थान संचालकों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री देसाई ने



सदन को जानकारी देते हुए कहा कि इस मामले में छात्रा के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर बदलापुर पश्चिम पुलिस ने गुरुवार को आरोपी जयेश मुने के खिलाफ पॉक्सो (POCSO) और अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, विधायक अनिल परब ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए अल्पकालीन चर्चा की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं और आरोपियों को संरक्षण दिया जाता है।

### आरोपी को 2 मार्च तक पुलिस हिरासत

इस मामले में आरोपी जयेश मुने को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 2 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस अवधि में उससे गहन पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि बदलापुर में एक महीने के भीतर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ की यह दूसरी घटना है, जिससे क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल है।

## वडेट्टीवार के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को भाजपा विधायक योगेश सागर ने कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। बुधवार को विधानसभा में चंद्रपुर जिले में साहूकारी कर्ज के जाल में फंसे एक किसान को अपनी किडनी बेचने के लिए मजबूर किए जाने का मामला उठा था। इस दौरान वडेट्टीवार ने सदन में दावा किया कि निजी साहूकारों के कर्ज जाल में फंसे 19 किसानों को कर्ज चुकाने के लिए अपनी किडनी बेचनी पड़ी। सागर ने कहा कि सदन में भ्रामक और अपुष्ट जानकारी दी गई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिन लोगों ने किडनी बेची, वे महाराष्ट्र के किसान नहीं थे या तथ्यों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। सागर ने कहा कि गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने 19 किसानों को कर्ज चुकाने के लिए किडनी बेचने के वडेट्टीवार के आंकड़े को गलत बताते हुए कहा कि राज्य के केवल दो मामले सामने आए हैं, इसके बावजूद वडेट्टीवार 19 लोगों का उल्लेख करते रहे।

## लोकतंत्र की सीढ़ियों पर नारी शक्ति का संगम!



महाराष्ट्र विधान भवन की सीढ़ियों पर एक यादगार पल। कैबिनेट मंत्री पंकजा मुंडे के साथ अन्य महिला विधायक साड़ियों में सेल्फी निकालते हुए। फोटो : कुणाल कासार

## दहिसर के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** दहिसर के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को विधानसभा में दहिसर की भाजपा विधायक मनीषा चौधरी ने प्वाइंट ऑफ इनफॉर्मेशन के तहत यह गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि तीनों स्कूलों के प्रिंसिपलों को ई-मेल के जरिए स्कूल परिसर में बम रखे जाने की धमकी दी गई है,जिससे पूरे दहिसर क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सदन में स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की धमकी को सरकार पूरी गंभीरता से लेती है, और जब मामला स्कूलों से जुड़ा हो तो सतर्कता और भी बढ़ा दी जाती है।

## विदेशी महिला ने मुंबई में उत्पीड़न का वीडियो पोस्ट किया

**मुंबई।** मुंबई में एक विदेशी महिला यात्री ने दो व्यक्तियों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया है और अपने अनुभव का एक वीडियो एक सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किया है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना दक्षिण मुंबई में घटी। पीड़ित महिला की पहचान इनेस फारिया के रूप में हुई है, जो एक यूट्यूबर है और पिछले दो महीनों से भारत में यात्रा कर रही है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण मुंबई में दो अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर उसका पीछा किया और उसके मना करने के बावजूद उसके साथ तस्वीरें लेने के लिए कहते रहे। उसके द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में, दो पुरुष लगातार उसके पास सेल्फी लेने के लिए आते हुए दिखाई दे रहे हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### वृक्ष प्राधिकरण

### - सार्वजनिक सूचना -

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 की धारा 8(3)(सी) (जनवरी 2018 तक संशोधित) के प्रावधानानुसार प्रभावित वृक्षों को हटाने हेतु वृक्ष प्राधिकरण/महानगरपालिका आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए **कुल : 04** प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं.

उपरोक्त प्रस्तावों में वृक्षों की कटाई/पुनरोपण संबंधी जानकारी निम्नानुसार हैः

| क्र. सं. | वार्ड | स्थल का पता | प्रभावित वृक्षों का विवरण एवं कुल विद्यमान वृक्ष | वृक्ष/वृक्षों को हटाने का कारण | आवेदक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एन | मुंबई बैंक के निकट, गोलिबार रोड, घाटकोपर (प), मुंबई 'एन' वार्ड | **कटाई हेतु प्रस्तावित : 01** (वृक्ष क्र. 1) **पुनरोपण हेतु प्रस्तावित : शून्य** **कुल विद्यमान वृक्ष : 01** | सड़क किनारे स्थित वृक्ष ड्रेनेज लाइन पर खतरनाक स्थिति में है तथा मानसून में गिरने की संभावना | सहायक अभियंता (रख.-2) एन वार्ड |
| 2 | एन | ग्राम घाटकोपर-किरोल, सी.टी.एस. क्र. 4079 का भूखंड, एल.बी.एस. मार्ग, घाटकोपर (प), मुंबई 'एन' वार्ड | **कटाई हेतु प्रस्तावित : 02** (वृक्ष क्र. 3 एवं 4) **पुनरोपण हेतु प्रस्तावित : शून्य** **कुल विद्यमान वृक्ष : 06** | प्रस्तावित वाणिज्यिक इमारत निर्माण में बाधक | मेसर्स डिवाइन कैलाश रियाल्टर्स एलएलपी |
| 3 | एन | ग्राम घाटकोपर, सी.टी.एस. क्र. 20 का भूखंड, वर्तमान आनंदगढ़ टैंक के निकट, वीपीएस रोड क्र. 2, विक्रोली पार्क साइट, विक्रोली (प), मुंबई 'एन ' वार्ड | **कटाई हेतु प्रस्तावित : 06** (वृक्ष क्र. 1 से 6) **पुनरोपण हेतु प्रस्तावित : शून्य** **कुल विद्यमान वृक्ष : 06** | बीएमसी द्वारा प्रस्तावित सहायक सक्शन टैंक एवं पंपिंग व्यवस्था निर्माण में बाधक | एईडब्ल्यूडब्ल्यू (निर्माण) ई.एस. |
| 4 | एस | जीएमएलआर, नाहुर (प), मुंबई 'एस' वार्ड स्थित मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल हेतु अभिगम मार्ग | **कटाई हेतु प्रस्तावित : 11** (वृक्ष क्र. 1, 7, 8, 9, 11, 14 से 17, 22 एवं 29) **पुनरोपण हेतु प्रस्तावित : 04** (वृक्ष क्र. 2, 3, 10 एवं 26) **कुल विद्यमान वृक्ष : 29** | मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल हेतु अभिगम मार्ग सुधार (सीसी/सीसी मार्ग) कार्य में बाधक | कार्यकारी अभियंता (सड़क) Z-VI |

उक्त जानकारी बीएमसी की वेबसाइट https://portal.mcgm.gov.in पर About us → Wards/Departments → Department manuals → Gardens & Tree Authority → Tree Authority →134→Public notice 7 days में उपलब्ध है.

उपरोक्त प्रस्तावों के संबंध में नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आपत्तियां/सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर अधीक्षक उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित किए जाते हैं.

आप अपने आपत्ति/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in इस ई-मेल पर भी भेज सकते हैं. निर्धारित समयावधि में प्राप्त आपत्तियां/सुझावों पर विचार किया जाएगा. उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त ई-मेल अथवा लिखित आपत्तियां/सुझाव स्वीकार नहीं किए जाएंगे. प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर सुनवाई दिनांक 9/03/2026 को सायं 04.30 बजे से 05.00 बजे तक उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी. इच्छुक नागरिक अपने ई-मेल/आपत्ति/सुझाव की प्रति सहित उपस्थित रह सकते हैं.

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी का कार्यालय
2री मंजिल, हम्बोल्ट पेंगुइन भवन
वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणी उद्यान
संत सावता माली मार्ग, भायखला (पूर्व), मुंबई-400 027
दूरभाष : 23742162
ई-मेल : dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**

पीआरओ/3153/विज्ञा./2025-26

सड़क पर खुले में रखें खाद्य पदार्थ, काटे हुये फल और पेय पदार्थों का सेवन ना करें.


## हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी समागम का आयोजन

**मुंबई।** हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी समागम का आयोजन 28 फरवरी और 1 मार्च को नवी मुंबई में किया जाएगा। कोकण विभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी ने जानकारी दी कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित पत्रकार परिषद में कार्यक्रम की जानकारी दी गई। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 18 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मुख्य पंडाल में एक समय



में 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। 150 से अधिक विशेष एनएमएमटी की बस सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। 38 पार्किंग स्थल, 3 हेलीपैड, 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए आवास, 1,000 से अधिक अस्थायी शौचालय, 500 से अधिक स्वच्छता कर्मचारी तैनात रहेंगे। स्वास्थ्य व्यवस्था के तहत 300 से अधिक डॉक्टर और पैरामेडिकल कर्मचारी,15 से अधिक अस्थायी चिकित्सा केंद्र, एक अस्थायी ICU केंद्र, 350 आरक्षित बेड तथा 75 ICU बेड की व्यवस्था की गई है। 10 हजार से अधिक स्वयंसेवक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदृश्य प्रणाली के माध्यम से उपस्थित जनों को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, गुजरात मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंग सैनी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, तामीलनाडू के अण्णामलाई, योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, दीदी मां साध्वी ऋतंभरा भी उपस्थित रहेंगे।

## अनुशासनहीनता मामले में आईएएस अधिकारी निलंबित

### तालिका अध्यक्ष के आदेश पर जीएडी ने की कार्रवाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शुरू विधानमंडल बजट सत्र के बीच सरकार ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को निलंबित कर दिया। यह कारवाई विधानसभा के तालिका अध्यक्ष दिलीप लांडे के आदेश पर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने किया। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण महामंडल के सचिव पद तैनात आईएएस अधिकारी एम.देवेंद्र सिंह पर यह कार्रवाई की गई है। पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। हालांकि,उनके निर्देश के बावजूद आईएएस अधिकारी एम. देवेंद्र सिंह ब्रीफिंग के लिए उपस्थित नहीं हुए,जिसे लेकर विधानसभा के तालिका अध्यक्ष दिलीप लांडे ने निलंबन के आदेश जारी किए,जिसके आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने कार्रवाई की। इसके पहले भी विधानसभा में चर्चा के दौरान मंत्री पंकजा मुंडे द्वारा ब्रीफिंग में देवेंद्र सिंह को बुलाया था, लेकिन वे बैठक में उपस्थित नहीं हुए थे। एम. देवेंद्र सिंह वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित थी,जिसके तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त सचिव वी. राधा के हस्ताक्षर से जारी आदेश के माध्यम से की गई। यह कार्रवाई यूपीएससी (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1969 के नियम 3 के उपनियम (1) के खंड (क) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए महाराष्ट्र सरकार ने यह निलंबन आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय मुंबई ही रहेगा और वे कोकण विभाग, मुंबई के विभागीय आयुक्त की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। साथ ही, निलंबन अवधि में वे कोई निजी नौकरी या व्यापार/व्यवसाय नहीं कर सकेंगे। एम देवेंद्र सिंह को निलंबन अवधि में उन्हें निर्वाह भत्ता, महंगाई भत्ता तथा अन्य अनुमन्य भत्ते दिए जाएंगे। इसके लिए उन्हें यह प्रमाणित करना होगा कि वे किसी अन्य नौकरी, व्यवसाय या पेशे में संलग्न नहीं हैं।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public at large on behalf of my clients (1) Mrs. Yashwanti Sudhama Suvarna, (2) Mrs. Rekha Navin Amin, and (3) Mr. Dheeraj Narayan Salian, Daughters and Son of Late Shri Narayan Babu Salian (father) & Late Smt. Sushila Narayan Salian (Mother), all residing at A/31, Vandana, Shree Mahalaxmi Colony, Veera Desai Road, Near MVM School, Andheri (West), Mumbai - 400 058.

It is reported that the above mentioned Flat was owned by Late Smt. Sushila Narayan Salian, Wife of Late Mr. Narayan Babu Salian. Late Smt. Sushila Narayan Salian died on 13.02.2026 at Mumbai.

My Clients being the only legal heirs have now applied to the Society to transfer Share Certificate bearing No. 105, and member's Register No. 105 for five fully paid up shares of Rupees Fifty each bearing distinctive Nos. 0521 to 0525 (both inclusive) in their names, and admitting them as the bonafide members of the society.

If anyone has any claim, right, share, interest over said flat premises may kindly contact me within 15 days from this notice and beyond that no claims shall be entertained.

Place: Mumbai
Dt: 28/02/2026

Sd/-
Nagesh Mendon
Advocate High Court,
Romell Amore Tower, Flat No. 1907,
B-Wing, 19th Floor, Mhatarpada,
Amboli, Andheri (W), Mumbai - 400 058.

## नए नेतृत्व की तलाश में मुस्लिम समाज

पूरा विपक्ष एक अंजान डर से भयभीत है, उसे समझ नहीं आ रहा है कि अगर उसका डर सच साबित हो गया तो उसकी राजनीति का क्या होगा। इस डर को देश ने तब देखा, जब संसद परिसर का एक वीडियो सामने आया। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संसद परिसर में अपने साथियों से बात करते नजर आ रहे हैं। वो कहते हैं कि उसको यूपी में न आने दो, वो अगर आया तो वो खत्म हो जाएगा क्योंकि वो नेशनल पार्टी नहीं है लेकिन वो हमें भी खत्म कर देगा। वो असदुद्दीन ओवैसी ओवैसी के बारे में बोल रहे थे। ये बात वो अपने साथियों के साथ कर रहे थे लेकिन कैमरे पर पकड़े गए। सवाल यह है कि कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी का नेता एआईएमएएम जैसी छोटी सी पार्टी से क्यों डरा हुआ है। सच तो यह है कि यूपी में कांग्रेस के पास भी कुछ बचा नहीं है जिसे ओवैसी खत्म कर देंगे। वास्तव में उत्तरप्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के रहमो करम पर जिंदा है। समाजवादी पार्टी भी एक अंजान डर से जूझ रही है। उसे पता है कि कांग्रेस के पास ऐसा कुछ नहीं है कि उससे गठबंधन करने से कुछ फायदा हो। वास्तव में समाजवादी पार्टी को डर है कि अगर कांग्रेस अलग चुनाव लड़ती है तो मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव हो सकता है। समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन उसके मुस्लिम-यादव वोट बैंक पर टिका हुआ है. इसमें थोड़ा सा भी परिवर्तन उसके लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इसकी कोई गारंटी नहीं है कि कांग्रेस के अलग चुनाव लड़ने से मुस्लिम वोट बैंक का कुछ हिस्सा उसके खाते में जा सकता है। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी अपने डर से बाहर नहीं निकल पा रही है। इसका बड़ा फायदा कांग्रेस को मिल रहा है। असदुद्दीन ओवैसी ने देश के हर हिस्से में जाकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जहां भी मुस्लिम समाज चुनाव परिणाम बदलने की हैसियत रखता है, वहां ओवैसी जरूर चुनाव लड़ते हैं। उत्तरप्रदेश की कई विधानसभा सीटों पर मुस्लिम समाज जीत और हार तय करता है, इसलिए ओवैसी का वहां जाना तय है। इसी बात का डर कांग्रेस अध्यक्ष को सता रहा है। वास्तव में मुस्लिम समाज धीरे-धीरे सेक्युलर राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों से दूर होता जा रहा है। मुस्लिम समुदाय की राजनीतिक सोच यह है कि जो भी दल और उम्मीदवार भाजपा को हरा सकता है, उसको वोट दिया जाए। पिछले कुछ समय से जहां भी भाजपा और विपक्ष का मुकाबला होता है, वहां मुस्लिम वोटों में जबरदस्त ध्रुवीकरण देखने को मिलता है। पहले इस ध्रुवीकरण का फायदा विपक्ष को जबरदस्त तरीके से मिलता था और भाजपा को नुकसान होता था। 2014 के बाद भारतीय राजनीति पूरी तरह से बदल गई है। अब मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की प्रतिक्रिया में हिन्दू वोटों का भी ध्रुवीकरण होने लगा है। धीरे-धीरे देश में हिन्दू वोट बैंक तैयार हो गया है और अब इतना ताकतवर हो गया है कि मुस्लिम वोट बैंक बेअसर होता जा रहा है। मुस्लिम समाज देख रहा है कि उसके एकमुश्त वोट देने के बावजूद विपक्षी दल भाजपा को रोक नहीं पा रहे हैं। विपक्षी दलों की बढ़ती चुनावी असफलता से मुस्लिम समाज में निराशा छाती जा रही है। ऐसा लगता है कि मुस्लिम समाज ने तय कर लिया है कि जब तथाकथित सेक्युलर दल भाजपा को हराने की क्षमता खो चुके हैं तो उन्हें नया नेतृत्व ढूंढना चाहिए। अब ऐसा लगता है कि उन्होंने नए नेतृत्व के लिए मुस्लिम समाज में ही खोज शुरू कर दी है। वर्तमान राजनीति में मुस्लिम समाज के लिए मुस्लिम नेतृत्व की तलाश असदुद्दीन ओवैसी पर जाकर खत्म हो रही है। विपक्षी दल औवेसी की पार्टी को भाजपा की 'बी टीम' का तमगा देकर मजाक उड़ाते रहे हैं लेकिन अब उनका विमर्श खत्म होता दिखाई दे रहा है। बिहार और महाराष्ट्र ने दिखा दिया है कि धीरे-धीरे ओवैसी मुस्लिम समाज में अपनी जगह बना रहे हैं। उनकी पार्टी को हैदराबाद तक सीमित बताया जाता था, लेकिन अब वो पूरे देश की पार्टी बनने की ओर चल पड़ी है। बेशक राजनीतिक रूप से यह पार्टी मजबूत दिखाई न दे रही हो लेकिन मुस्लिम वोटों को देखते हुए इसकी ताकत में लगातार इजाफा हो रहा है। इसकी बढ़ती ताकत ने ही विपक्षी दलों में हड़कंप पैदा किया हुआ है। मुस्लिम वोटों में बिखराव पूरे विपक्ष के लिए चिंता का विषय है। आज़ादी के बाद से ही मुस्लिम वोट बैंक पर कांग्रेस का एकाधिकार रहा है लेकिन 1990 के बाद इस वोट बैंक के कई दावेदार पैदा हो गए। यूपीए के शासन में कांग्रेस का अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन था, इसलिए इस वोट बैंक में बिखराव नजर नहीं आ रहा था लेकिन भाजपा की बढ़ती ताकत ने इसे सामने ला दिया है। जहां कांग्रेस के विकल्प के रूप में क्षेत्रीय दल ताकतवर हो गए, वहां मुस्लिमों ने कांग्रेस को छोड़कर उनका साथ देना शुरू कर दिया। अब कांग्रेस को वहीं मुस्लिम वोट मिलते हैं, जहां वो भाजपा के सामने एकमात्र विकल्प होती है। कांग्रेस से मुस्लिम वोट बैंक का छिटकना ही उसको राज्यों की राजनीति से बाहर कर रहा है। बंगाल में टीएमसी, तमिलनाडु में डीएमके, बिहार में राजद, यूपी में सपा के साथ मुस्लिम वोट बैंक चला गया है। बंगाल के अलावा अन्य राज्यों में विपक्षी दलों ने कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाया हुआ है क्योंकि वो समझते हैं कि कांग्रेस का अलग लड़ना उनके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। इसका फायदा कांग्रेस को हुआ है क्योंकि उसने इन राज्यों में अपना अस्तित्व बचाया हुआ है। सच तो यह है कि मुस्लिम समाज का बड़ा हिस्सा आज भी कांग्रेस का समर्थक है। समस्या यह है कि सभी विपक्षी दल मिलकर भी भाजपा को सत्ता से बेदखल नहीं कर पा रहे हैं। इससे मुस्लिम समुदाय ने नए नेतृत्व की तलाश शुरू कर दी है। दिक्कत यह है कि कोई भी मुस्लिम आधारित राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर पर मौजूद नहीं है। ओवैसी का दल कई राज्यों में मुस्लिम बहुल सीटों पर जोर आजमाइश करता है लेकिन उसे मुस्लिम वोट नहीं मिलता है। अब धीरे-धीरे इसमें बदलाव आ रहा है। बिहार और महाराष्ट्र का यही संदेश है। खड़गे का डर गलत नहीं है लेकिन उनका यह कहना कि वो खत्म हो जाएगा, ये सही नहीं है। ओवैसी लगातार ताकतवर हो रहे हैं क्योंकि मुस्लिमों में उनका समर्थन बढ़ता जा रहा है। मुस्लिम समाज के किसी भी मुद्दे पर उनका बयान सबसे पहले आता है।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*देखि-देखि के थकि गए, मुरहा बाबू ट्रंप*
*झूठइ सगरे विश्व मा, मचल अहइ हड़कंप*
*मचल अहइ हड़कंप,युद्ध कब करिब्या भइया*
*झुठ्ठइ नाचि रहल बाया तू ता ता थइया*
*कह सुरेश ललकारि रहल बाटइ खोमैनी*
*शौचालय भा चोक, खात हौं सैनिक खैनी*

# भारत के नये एजेंडे में इजरायल और जापान

> एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर भारत अपनी विदेश नीति को मज़बूत कर रहा है, तो दूसरी ओर राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश वैश्विक पूंजी और तकनीक को आकर्षित करने की कोशिश में जुटा है। पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है। भारत-इज़रायल संबंध रणनीतिक साझेदारी के नए स्टेप में आ चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी का इजरायल दौरा जहां वैश्विक रणनीतिक संतुलन, सुरक्षा सहयोग और हाई क्वालिटी टेक्नीक शेयरिंग पर फोकस्ड है, वहीं योगी आदित्यनाथ का सिगापुर-जापान दौरा आर्थिक कूटनीति और निवेश आकर्षित करने की दिशा में अहम कदम है। एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर भारत अपनी विदेश नीति को मजबूत कर रहा है, तो दूसरी ओर राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश वैश्विक पूंजी और तकनीक को आकर्षित करने की कोशिश में जुटा है। दोनों यात्राएं यह दर्शाती हैं कि आज की राजनीति में कूटनीति सिर्फ राजनीतिक संवाद तक सीमित नहीं है बल्कि सुरक्षा, तकनीक, व्यापार और निवेश से सीधे जुड़ी हुई है। पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में तनाव जारी है। एक तरफ ईरान पर अमेरिकी हमले का खतरा बरकरार है तो दूसरी तरफ इस्राइल भी लंबे समय से फलस्तीन में हमास से संघर्ष में जुटा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की इस्राइल यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर रही। पीएम मोदी और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी इस मुलाकात के दौरान रक्षा से लेकर व्यापार और तकनीक से लेकर कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के मुद्दे पर कई समझौते किए। दोनो देशों के बीच 27 अहम समझौतों पर सहमति बनी, जिसने द्विपक्षीय रिश्तों को स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के नए स्तर पर पहुंचा दिया। भारत की विदेश नीति को लेकर इस समय विश्व में खासा चर्चा है। क्योंकि देश के दो दिग्गज नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विदेश का दौरा




किया। दोनों ही नेताओं की यात्राएं अपने-अपने स्तर पर राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक नजरिए से बेहद अहम रही हैं। एक तरफ भारत-इजरायल की सुरक्षा और रक्षा साझेदारी को नई मजबूती देने की कोशिश हुई, तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने के प्रयास की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दूसरा इजरायल दौरा है। इससे पहले वे 2017 में इजरायल गए थे। नौ साल बाद हो रही यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में जियोपॉलिटिक्स के लिहाज से हालात तेजी से बदल रहे हैं। भारत-इजरायल संबंध रणनीतिक साझेदारी के नए स्टेप में आ चुके हैं। पीएम मोदी तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने खुद उनकी आगवानी करेंगे। स्वागत का यही शुरुआती पहला स्टेप ये बताता है कि संबंध सिर्फ फॉर्मेलिटी नहीं है, बल्कि दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच आपस में भरोसा और राजनीतिक समझ के लेवल पर व्यक्तिगत विश्वास मजबूत हो चुके हैं। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी इजरायल की संसद नेसेट को संबोधित किया, हालांकि इजरायल के विपक्षी दलों ने उनके संबोधन का बहिष्कार करने की धमकी दी है। इस पर नेसेट के स्पीकर अमीर ओहाना ने कहा कि अगर विपक्षी सांसद गैरमौजूद रहते हैं तो खाली सीटों को पूर्व सांसदों से भर दिया जाएगा। यह घटनाक्रम बताता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की भूमिका और उसकी लीडरशिप को लेकर वैश्विक राजनीति में चर्चा और मतभेद दोनों मौजूद हैं। बावजूद इजरायली सरकार की ओर से पीएम मोदी को दिया जा रहा महत्व दोनों देशों की बढ़ती नजदीकियों को गहराई देता है। पीएम मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के बीच द्विपक्षीय बातचीत में रक्षा सहयोग, सुरक्षा साझेदारी और नई तकनीकों पर विशेष फोकस रहेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (इा), साइबर सुरक्षा और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। भारत और इजरायल के बीच रक्षा सहयोग पहले से ही मजबूत है। भारत के प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ताओं में शामिल है। ड्रोन, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग रहा है। इस दौरे के दौरान सुरक्षा और रक्षा सहयोग को लेकर नए एमओयू पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। 26 फरवरी को पीएम मोदी यहूदी नरसंहार स्मारक का दौरा करेंगे और वहां श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा वे इजरायल के राष्ट्रपति ईसाक हरजोग से भी मुलाकात करेंगे। यह कार्यक्रम प्रतीकात्मक रूप से ऐतिहासिक स्मृति और मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। भारत और इजरायल के बीच राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए थे। तब से लेकर अब तक व्यापार, रक्षा, कृषि और तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ा है। दोनों देशों के बीच व्यापार कई अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। आतंकवाद-रोधी सहयोग और खुफिया साझेदारी ने भी संबंधों को रणनीतिक गहराई दी है। पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देश आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह यात्रा सुरक्षा सहयोग को और व्यापक बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। अब बात करते हैं सीएम योगी के विदेश दौरे की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंच चुके हैं। यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट रोडशो किया और जापानी निवेशकों से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश को भगवान राम की जन्मभूमि और भगवान बुद्ध की पवित्र भूमि बताते हुए सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास को साथ लेकर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और यहां निवेश के असीम अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। राज्य में व्यापक रेल नेटवर्क और तेजी से बढ़ती एयर कनेक्टिविटी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 56 प्रतिशत आबादी युवा है, जो एक मजबूत वर्कफोर्स के रूप में उपलब्ध है. स्किल्ड मैनपावर और अपेक्षाकृत कम लागत निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। राज्य सरकार की नीतिगत स्थिरता और फास्ट-ट्रैक क्लीयरेंस सिस्टम को भी उन्होंने निवेशकों के सामने प्रमुख ताकत के रूप में रखा। जापान से पहले योगी आदित्यनाथ ने सिगापुर में प्रमुख निवेशकों से मुलाकात की। उन्होंने टेमासेक के चेयरमैन टी ओ ची हीन से चर्चा की। इस दौरान डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स हब, रिन्यूएबल एनर्जी और औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर में संप्रभु निवेश की संभावनाओं पर बात हुई। इसके अलावा उन्होंने जीआईसी के सीईओ लिम चाओ कियात से भी मुलाकात की। इस बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल पार्क, लॉजिस्टिक्स और शहरी विकास परियोजनाओ में दीर्घकालिक निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे और अन्य परियोजनाओं में जीआईसी की मौजूदा भागीदारी की सराहना भी की. सरकार का लक्ष्य 'ब्रांड यूपी' को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना और 'मेक इन यूपी' पहल को गति देना है। योगी आदित्यनाथ अपने दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को भी सामने रख रहे हैं।

■ राजेश श्रीवास्तव

# नस्लीय घृणा देश की एकता के लिए घातक

दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश की तीन युवतियों के साथ हुई नस्लीय दुर्व्यवहार की घटना ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। एसी लगवाने के दौरान ड्रिलिंग से निकला मलबा पड़ोसियों के एसी कंप्रेसर पर गिरा और इसी छोटी सी बात ने नस्लीय घृणा का रूप ले लिया। "मोमो", "मसाज पार्लर वाली", "चाइनीज" जैसे अपमानजनक शब्दों ने न केवल इन लड़कियों को ठेस पहुंचाई बल्कि पूर्वोत्तर भारत के लाखों लोगों की पीड़ा को फिर से उजागर कर दिया। एक लड़की दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा है, दूसरी ओटीटी टेकनीशियन, तीसरी सिविल सेवा की तैयारी कर रही है. ये सभी सात महीने से किराए के फ्लैट में रह रही थीं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह घटना महानगरों में पूर्वोत्तर के लोगों के साथ होने वाले भेदभाव की कड़वी सच्चाई को सामने लाती है। पूर्वोत्तर के निवासी शिक्षा, नौकरी और बेहतर अवसरों के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे शहरों में आते हैं लेकिन यहां उन्हें अक्सर "पराया" महसूस होता है। उनकी आंखों की बनावट, छोटे कद, अलग खान-पान या बोली को आधार बनाकर उनको अपमानित किया जाता है। कोविड के दौरान भी उनके साथ भेदभाव नजर आया था। घर खोजने में दिक्कत, ऊंचा किराया—ये रोजमर्रा की कहानियां हैं। मेट्रो में "चाइनीज" कहकर बुलाना, सड़कों पर जानबूझकर अपशब्द बोलने जैसी शिकायतें आम हैं। यह इक्का-दुक्का नहीं, समाज में गहरी जड़ें जमा चुका नस्लवाद है। यह पहली घटना नहीं है। नस्लीय दुर्व्यवहार ही नहीं, हिंसा के मामले भी



सामने आते रहते हैं। 2014 में अरुणाचल के निडो तानिया को नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर पीट-पीटकर मार दिया गया। 2012 में रिचर्ड लोइताम और 2014 में शालोनी जैसे युवाओं की संदिग्ध मौतें हुईं। बेंगलुरु में 2023 में पूर्वोत्तर के छात्रों पर हमले, पुणे में हिंसा के मामले भी सभी को याद हैं। उत्तराखंड के देहरादून शहर में त्रिपुरा के दो भाइयों पर हमले की घटना भी ज्यादा पुरानी नहीं है जिसमें घायल होने के बाद एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। सुप्रीम कोर्ट तक सांस्कृतिक भिन्नताओं के नाम पर भेदभाव की निंदा कर चुका है। बेजबरुआ समिति का गठन हुआ लेकिन जमीनी बदलाव कम ही दिखा। पढ़े-लिखे लोग भी अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं जो सबसे दुखद है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर-पूर्व के लोगों के साथ होने वाले नस्लीय भेदभाव और हिंसा से जुड़े मामलों पर गंभीरता दिखाते हुए गृह मंत्रालय द्वारा गठित निगरानी समिति को निर्देश दिया कि वह कम से कम हर तीन महीने में एक बार बैठक करे। अदालत ने यह भी कहा कि समिति किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान ले और आवश्यकता होने पर तुरंत बैठक बुलाकर सुधारात्मक कदम उठाए। इस नस्लवाद की जड़ें सांस्कृतिक अज्ञानता में हैं। मुख्यधारा का मीडिया पूर्वोत्तर को कम कवर करता है। उनके त्योहार, परंपराएं, इतिहास के बारे में देश के दूसरे क्षेत्रों के लोगों को ज्यादा जानकारी नही है। नक्शे में पूर्वोत्तर भले ही छोटा सा नजर आए, लेकिन यह जैव विविधता, संस्कृतियों का खजाना है। "एकता में अनेकता भारत की विशेषता" का नारा दिया जाता है लेकिन नस्लीय भेदभाव की घटनाओं से साफ है कि जमीनी स्तर पर पूर्वाग्रह बरकरार है। ताजा घटनाक्रम से दिल्ली में रह रही तीनों युवतियां डर गईं, परिवार वाले उनको वापस बुला रहे हैं। यह पूरा घटनाक्रम व्यक्तिगत आघात तो है ही राष्ट्र की एकता पर भी चोट है। नस्लवाद पर अंकुश के लिए बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले कानूनी सख्ती जरूरी है। ऐसे मामले में एफआईआर तुरंत दर्ज हो, गिरफ्तारी हो, फास्ट ट्रैक ट्रायल हो। इस तरह के मामलों में तेजी से सजा होगी, तो समाज में सही संदेश जाएगा। स्कूल पाठ्यक्रम में पूर्वोत्तर के इतिहास, संस्कृति को शामिल किया जाना चाहिए। बड़े शहरों में पूर्वोत्तर फूड फेस्टिवल, सांस्कृतिक मेले आयोजित किए जाएं। विश्वविद्यालयों में पूर्वोत्तर स्टडीज सेंटर बनाएं। सामुदायिक जागरूकता के कैंपेन चलाए जाएं। कॉरपोरेट्स, हाउसिंग सोसायटीज में संवेदनशीलता वर्कशॉप अनिवार्य करें। पुलिस नस्लीय भेदभाव की शिकायतों को गंभीरता से ले। मीडिया भी अपनी जिम्मेदारी समझे। पूर्वोत्तर को मुख्यधारा में लाए। इन राज्यों की संस्कृति को हाइलाइट करे। सिनेमा, ओटीटी पर भी ऐसी फिल्में बनें। बेजबरुआ समिति की सिफारिशों को ठीक तरीके से लागू किया जाए। पूर्वोत्तर के लोगों के लिए हेल्पलाइन शुरू हो और काउंसलर नियुक्त करें। दिल्ली जैसे शहरों में पूर्वोत्तर एसोसिएशन को मजबूत किया जाए। पूर्वोत्तर के लोगों की भी जिम्मेदारी है कि सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग हो तो तुरंत रिपोर्ट करें, पड़ोसियों से बातचीत शुरू करें। अलग—थलग नहीं रहें। पूर्वोत्तर के लोग खुद सोशल मीडिया पर अपनी कहानियां शेयर करें। दिल्ली में नस्लीय भेदभाव का मामला सामने आने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली पुलिस से बात की और भेदभाव के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की नीति दोहराई। सिक्किम सीएम प्रेम सिंह तमांग, अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, मणिपुर के पूर्व सीएम एन. बीरेन सिंह ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की और सख्त कार्रवाई की मांग की लेकिन यह पर्याप्त नहीं। पूर्वोत्तर पर चीन अपनी आंख लगाए हुए है। ऐसे समय में एकजुटता की जरूरत है। निश्चय ही समूचा पूर्वोत्तर भारत का अंग है। अगर कोई अरुणाचली युवती दिल्ली में असुरक्षित महसूस करे, तो राष्ट्र की एकता मजबूत कैसे हो सकती है। नस्लवाद अपराध है। शिक्षा, कानून और सांस्कृतिक मेलमिलाप के माध्यम से इस मानसिकता को खत्म किया जा सकता है।

■ ज्ञान चंद पाटनी

## फागुन का दहकता दर्पण, जिसमें झांकती है हमारी परंपरा

जब फागुन की बयार चलती है तो प्रकृति मानो अपना मौन तोड़कर रंगों की भाषा में बात करने लगती है। इस संवाद का सबसे प्रखर और दीप्तिमान शब्द है-पलाश। जिसे हम लोकभाषा में 'टेसू' या 'ढाक' भी कहते हैं। पलाश मात्र एक वृक्ष नहीं, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप की उस अदम्य जिजीविषा का प्रतीक है, जो तपन और अभावों के बीच भी सौंदर्य का उत्सव मनाना जानती है। पलाश को 'वनों की ज्वाला' (Flame of the Forest) कहा जाता है। वैज्ञानिक रूप से इसे ब्यूटिया मोनोस्पर्मा (Butea \ monosperma) कहते हैं। जब बसंत अपने चरम पर होता है, तब पलाश के पत्तों का साथ छूट जाता है और उसकी नग्न टहनियों पर सिंदूरी-नारंगी फूलों का ऐसा सैलाब उमड़ता है कि दूर से देखने पर लगता है मानो जंगल में आग लगी हो। यह दृश्य विस्मयकारी होता है; पत्तों की अनुपस्थिति में फूलों का यह वर्चस्व यह संदेश देता है कि सृजन के लिए कभी-कभी पुराने आवरणों का त्याग अनिवार्य है। पलाश का खिलना इस बात की घोषणा है कि जीवन की सार्थकता केवल हरे-भरे बने रहने में नहीं, बल्कि प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने भीतर के रंग को पूरी प्रखरता के साथ बिखेरने में है। जिस तरह एक नदी अपनी मर्यादा (किनारों) में रहकर ही सुंदर और उपयोगी होती है, उसी तरह हमारे त्योहार भी नियमों और लोक-लाज की सीमाओं में ही आनंददायी होते हैं। टेसू का चटक रंग इसी अनुशासित उल्लास की अभिव्यक्ति है। पलाश का रंग 'केसरिया' या 'नारंगी' होना मात्र संयोग नहीं है। यह त्याग, वैराग्य और शौर्य का रंग है। प्राचीन काल में होली का पर्व पलाश के फूलों से बने प्राकृतिक रंगों से ही मनाया जाता था। ये रंग केवल त्वचा को ही नहीं, बल्कि मन को भी शीतलता प्रदान करते थे। पलाश के फूलों को रात भर पानी में भिगोकर जो केसरिया रंग तैयार होता था, वह त्वचा के रोगों के लिए रामबाण था। आज के कृत्रिम रंगों ने न केवल हमारे चेहरों को बिगाड़ा है, बल्कि उस उत्सवधर्मिता की आत्मा को भी मलिन कर दिया है। पलाश हमें याद दिलाता है कि उत्सव प्रकृति के विरुद्ध जाकर नहीं, बल्कि उसके साथ लयबद्ध होकर मनाया जाना चाहिए। पलाश का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी आधार रहा है। इसके पत्तों से बने 'दौने और पत्तल' हमारी उस परंपरा का हिस्सा रहे हैं, जहाँ 'उपयोग करो और फेंक दो' (Use and Throw) की संस्कृति प्लास्टिक के कचरे से नहीं, बल्कि मिट्टी में मिल जाने वाले तत्वों से बनी थी। इसके पत्तों का भोजन पर एक विशेष औषधीय प्रभाव होता था। ग्रामीण अंचलों में आज भी पलाश की छाल से रस्सियाँ बनाई जाती हैं और इसके गोंद (कमरकस) का उपयोग स्वास्थ्यवर्धक औषधियों में होता है। यह वृक्ष हमें सिखाता है कि जो वस्तु देखने में जितनी सुंदर है, वह उतनी ही उपयोगी भी हो सकती है। यह 'कला के लिए कला' नहीं, बल्कि 'जीवन के लिए कला' का उत्कृष्ट उदाहरण है। भारतीय साहित्य पलाश की महिमा से भरा पड़ा है। कालिदास के 'ऋतुसंहार' में इसे बसंत का आभूषण बताया गया है। संत और मनीषी इसे 'ब्रह्मवृक्ष' कहते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो पलाश के त्रिपत्र (तीन पत्ते) ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक माने जाते हैं।

आज का कार्टून

साभार




## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# अंधविश्वास और पाखण्ड से बाहर आएं...

28 फरवरी का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि समाज के लिए चेतना और जागरूकता का अवसर है। इसी दिन 1928 में भारत के महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज करके भारत को वैज्ञानिक दुनिया में स्थापित किया। यह खोज न केवल विज्ञान की उपलब्धि थी बल्कि यह दिखाती है कि तर्क, प्रयोग और जिज्ञासा के बल पर समाज और राष्ट्र दोनों नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। आज, जब हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना रहे हैं, तो यह सवाल उठाना भी जरूरी है कि क्या हम सच में वैज्ञानिक सोच को अपने जीवन में उतार पाए हैं या सिर्फ तकनीक और दिखावे के पीछे भाग रहे हैं। आज का समाज तकनीक के मामले में काफी आगे बढ़ चुका है। स्मार्टफोन, इंटरनेट, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान, आधुनिक अस्पताल—यह सब हमारी जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। किसान नई तकनीक से खेती कर रहे हैं, बच्चे डिजिटल माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं। बावजूद इसके समाज के एक बड़े हिस्से में अंधविश्वास और पाखण्ड की जड़ें गहरी बनी हुई हैं। लोग बीमारी में डॉक्टर की बजाय झाड़-फूंक और टोटकों का सहारा लेते हैं। प्राकृतिक घटनाओं को चमत्कार या अशुभ संकेत बताकर डर फैलाते हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैज्ञानिक सलाह की बजाय पारंपरिक और तर्कहीन पद्धतियों पर भरोसा किया जाता है। यह स्थिति न केवल तर्कहीनता को दिखाती है, बल्कि हमारे संविधान द्वारा स्थापित मूल्यों और अधिकारों के खिलाफ भी है। संविधान ने हर नागरिक को ज्ञान का अधिकार (आर्टिकल 21ए), समानता और स्वतंत्रता का अधिकार (आर्टिकल 14, 19) और समान अवसर का अधिकार (आर्टिकल 15) दिया है। जब हम अंधविश्वास और झूठी मान्यताओं के अधीन रहते हैं, तब हम न केवल अपने अधिकारों से वंचित होते हैं बल्कि समाज में समानता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी कमजोर करते हैं। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब नागरिक सोच-समझकर निर्णय लें और सत्य पर आधारित जानकारी अपनाएं। अंधविश्वास केवल



व्यक्तिगत सोच की कमजोरी नहीं है बल्कि यह एक संगठित उद्योग का रूप भी ले चुका है। कई लोग डर और आशंका का फायदा उठाकर दूसरों को शोषित करते हैं। टोटकों, मंत्रों और चमत्कारों के नाम पर आर्थिक और मानसिक शोषण होता है। गरीब और अशिक्षित वर्ग इसका सबसे अधिक शिकार होता है। संवैधानिक रूप से सभी नागरिकों को समान सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार है, लेकिन अंधविश्वास इसे कमजोर कर देता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का अर्थ है हर बात का कारण जानने की जिज्ञासा रखना, प्रमाण मांगना और तर्क के आधार पर निर्णय लेना। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं और कक्षा की किताबों तक सीमित नहीं है, यह जीवन जीने का तरीका है। जब समाज में यह मानसिकता विकसित होगी, तभी लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी। बच्चों को बचपन से ही सवाल पूछने, प्रयोग करने और तथ्यों को परखने की आदत डालना जरूरी है। अगर प्रश्न पूछने को विद्रोह या असम्मान समझा जाए, तो अंधविश्वास और पाखण्ड को बढ़ावा मिलता है। मीडिया और सोशल मीडिया इस स्थिति को और जटिल बना रहे हैं। अफवाहें मिनटों में लाखों लोगों तक फैल जाती हैं। विज्ञान की बजाय सनसनी और डर को बढ़ावा देने वाली खबरें वायरल होती हैं। संविधान के अनुसार, सत्य और न्याय की रक्षा करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। इसलिए हमें हर जानकारी को परखना और प्रमाणित करना सीखना होगा। बिना जांचे-परखे जानकारी फैलाना केवल समाज की वैज्ञानिक चेतना को कमजोर करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से वैज्ञानिक जागरूकता की आवश्यकता है। गांवों में शिक्षा और वैज्ञानिक जानकारी की कमी के कारण अंधविश्वास तेजी से फैलता है। स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं का समाधान विज्ञान के पास है, लेकिन जानकारी की कमी और पुरानी मान्यताओं के कारण लोग टोटकों और परंपरागत पद्धतियों पर निर्भर हो जाते हैं। यदि स्कूल, पंचायत और सामाजिक संगठन लोगों तक सरल भाषा में विज्ञान की जानकारी पहुंचाएं।

■ प्रमोद दीक्षित मलय

# भोजपुर में खुलेगा 50000 लीटर क्षमता का दूध केंद्र

## पांच एकड़ जमीन पर बनेगा

**महानगर नेटवर्क**
**भोजपुर**



भोजपुर के तरारी में जल्द ही सुधा (कंफेड) का 50000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक दूध शीतक केंद्र शुरू होने वाला है। इसके लिए बिहटा इंडस्ट्रियल एरिया में करीब पांच एकड़ जमीन तय कर दी गई है और प्रशासन से एनओसी भी मिल चुकी है। अभी भोजपुर जिले में सुधा रोजाना करीब 1.150 लाख लीटर दूध 32 हजार किसानों से खरीदती है। लेकिन तरारी और आसपास के रोहतास जिले के काराकाट, नासरीगंज और बिक्रमगंज जैसे इलाकों में दूध बेचने और उसे ठंडा रखने की सही सुविधा नहीं थी। इस वजह से कई बार किसानों को कम दाम में दूध बेचना पड़ता था या फिर नुकसान उठाना पड़ता था।

### इनकम बढ़ेगा

नया शीतक केंद्र शुरू होने से किसानों को अपने ही इलाके में दूध बेचने की सुविधा मिल जाएगी। दूध को तुरंत ठंडा करने की व्यवस्था होगी, जिससे खराब होने का डर कम होगा। साथ ही बाहर भेजने का खर्च भी घटेगा। यह केंद्र सिर्फ दूध ठंडा करने तक सीमित नहीं रहेगा। यहां दूध की जांच, जमा करने और आगे डिस्ट्रीब्यूशन की पूरी व्यवस्था होगी। इससे स्थानीय युवाओं को भी रोजगार मिलेगा। दूध संग्रह केंद्र, ट्रांसपोर्ट, लैब और पैकेजिंग जैसे कामों में कई लोगों को नौकरी मिलने की उम्मीद है। प्रशासन का कहना है कि सात निश्चय पार्ट-3 के तहत अगले दो साल में जिले के सभी गांवों में दूध समितियां बनाने का लक्ष्य है। अभी जिले में 1215 समितियों का टारगेट रखा गया है, जिनमें से 932 काम कर रही हैं। बाकी 283 समितियां जल्द बनाई जाएंगी। इसके अलावा काराकाट और बिक्रमगंज इलाके में करीब 500 नई समितियां गठित करने की योजना है।

# बिहार में धर्म परिवर्तन रोकने के लिए बनेगा कानून!

## भाजपा विधायकों ने की मांग

**बिहार में 5000 से अधिक चर्च की हो चुकी है स्थापना**

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में बीजेपी विधायक वीरेंद्र कुमार ने धर्म परिवर्तन के खिलाफ कड़ा क़ानून बनाने की मांग की। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के कारण बिहार में मुसलमानों और ईसाई की जनसंख्या में असामान्य वृद्धि हुई है। बिहार में 5000 से अधिक चर्च की स्थापना हो चुकी है। ईसाइयों को राष्ट्रीय स्तर पर ग्रोथ रेट 15.52 प्रतिशत है। वहीं बिहार में 143.23 फीसदी है। इसी प्रकार सीमावर्ती कई जिलों के क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।



### 'धर्म परिवर्तन रोकने संबंधी कोई कानून विचाराधीन नहीं'

इस पर प्रभारी गृह मंत्री अरुण शंकर प्रसाद (बीजेपी) ने बताया की राज्य में धर्म परिवर्तन रोकने संबंधी कोई कानून विचाराधीन नहीं है। इसको लेकर BJP के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। वीरेंद्र कुमार, जीवेश मिश्रा, जनक सिंह ने नाराजगी व्यक्त की। सख्त कानून बनाने की मांग की।

### विधायकों ने क्या कुछ कहा?

विधायकों ने कहा कि यह बेहद गंभीर एवं संवेदनशील मुद्दा है। सरकार कदम उठाए। विधायकों ने कहा कि कई राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात सहित अन्य प्रदेशों में इसको लेकर कानून लागू है। धोखाधड़ी, बल-विवाह, प्रलोभन के माध्यम से धर्म परिवर्तन के विरुद्ध इन कानूनों के अन्तर्गत 01-10 या 20 वर्षों तक सजा का प्रावधान है और यह सभी अपराध गैर जमानती हैं। विधायकों ने दावा किया कि बिहार में विवाह के बहाने धर्मातरण, प्रलोभन के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराया जा रहा। ईसाई मिशनरियों और इस्लामिक धर्म गुरूओं द्वारा धड़ल्ले से यह सब कराया जा रहा है। इसके कारण सर्वाधिक SC/ST/EBC/OBC एवं सामान्य वर्गों की युवतियां ज्यादा शिकार हो रही हैं। लालगंज विधायक संजय सिंह ने कहा कि ये धर्मांतरण बड़ी संख्या में हो रहा। सीमांचल और सीमा से सटे इलाकों में ये ज्यादा हो रहे हैं। ये जिहादी प्रक्रिया है। जीवेश मिश्रा ने कहा कि भारत के संविधान मे धर्म के परिवर्तन की इजाजत नहीं देता है। इस देश में जाती बदलने की इनजात नहीं है तो धर्म कैसे बदल लेंगे।

# इस जिले को मिले 4325 करोड़ का प्रोजेक्ट और गंडक पर पुल

## नीतीश सरकार ने केंद्र से की सिफारिश



**महानगर नेटवर्क**
**वाल्मीकिनगर**

वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली नेशनल हाईवे-727 की सड़क लंबे समय से लटकी है। वन विभाग की आपत्तियों और नियमों के कारण मदनपुर से पनियहवा के बीच सड़क निर्माण मुमकिन नहीं हो पा रहा था। इसी समस्या का समाधान निकालते हुए बिहार सरकार ने एक आउटर रास्ता तैयार करने का प्रस्ताव दिया है।

### गंडक नदी पर बनेगा विशाल पुल

मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि जनता की सुविधा के लिए बगहा के शास्त्रीनगर से बेलवनिया के बीच गंडक नदी पर एक बड़ा पुल और सड़क बनाने का प्लान तैयार किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 4325.72 करोड़ रुपए है। इसका डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) पहले ही 15 मई 2025 को केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है।

### विकास के लिए लाइफलाइन

इस सड़क और पुल के लिए स्थानीय लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार और बगहा के पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह ने इस मुद्दे को मंत्री के सामने रखा था। हाल ही में वकील फिरोज आलम की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में भी इस प्रोजेक्ट को क्षेत्र के विकास के लिए लाइफलाइन बताया गया था।

# किशनगंज में बाहरी लोगों के जमीन कागज जांचेगी नीतीश सरकार

**पटना।** बिहार सरकार ने नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से सटे सीमांचल क्षेत्र में घुसपैठियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। मुस्लिम बाहुल्य किशनगंज जिले में सरकार अब बाहर से आए लोगों द्वारा स्थानीय जमीनों पर कब्जा करने के मामलों की जांच करेगी। बाहरी लोगों द्वारा कागज-दस्तावेज बनाने की प्रक्रिया की जांच के लिए सरकार द्वारा विशेष समिति का गठन किया जाएगा। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र में यह ऐलान किया। ठाकुरगंज से जनता दल यूनाइटेड के विधायक नीरज अग्रवाल

### घुसपैठियों पर ऐक्शन शुरू



ने शुक्रवार को सदन में गैर सरकारी संकल्प के जरिए यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किशनगंज जिले के दिघलगंज प्रखंड में बीते 40 सालों में भूदान की जमीन जो स्थानीय दलित, आदिवासी और गरीब मुस्लिमों के नाम पर की गई थी, उन पर बाहरियों ने कब्जा कर लिया है।

### मालदा और मुर्शिदाबाद से आए लोगों ने किया कब्जा

जदयू विधायक ने दावा किया कि वर्तमान में दिघलबैंक प्रखंड में ऐसी 90 प्रतिशत जमीनों पर बीते 10 सालों में मालदा और मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) से आए लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने राज्य सरकार से ऐसी जमीनों का भौतिक निरीक्षण कराकर अवैध कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

# बेतिया में सिलेंडर ब्लास्ट 10 लोग झुलसे

## चश्मदीद बोले- तेज धमाका था, लगा कि बम फटा

**पटना।** बेतिया में सिलेंडर ब्लास्ट में 10 लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। शुक्रवार दोपहर 12 बजे खाना बनाने के दौरान एक ठेले पर अचानक सिलेंडर में धमाका हुआ। ब्लास्ट के दौरान आसपास मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को लौरिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घटना नगर पंचायत लौरिया के हनुमान चौक की है। फिलहाल, धमाके की वजह से लगी आग पर करीब आधे घंटे बाद काबू पा लिया गया है। चश्मदीदों ने बताया, एक ठेले वाले के यहां सुबह से ही सिलेंडर में हल्की-हल्की गैस लीकेज की शिकायत थी, लेकिन भीड़ और काम के दबाव में किसी ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। ठेले पर मीट तैयार किया जा रहा था। दोपहर तक सिलेंडर गर्म हो चुका था और अचानक तेज आवाज के साथ फट पड़ा। धमाका इतना तेज था कि कुछ दुकानदारों को लगा कि पास में कोई बम फट गया हो। सिलेंडर फटने के दौरान ठेले के आसपास लगभग 12-15 लोग खड़े थे। इनमें से 10 लोग सीधे आग की चपेट में आ गए। लोगों के कपड़ों में आग लग गई और कुछ लोग बुरी तरह जलकर जमीन पर गिर पड़े।

# होली से पहले नशा तस्करी की साजिश नाकाम

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने दो स्थानों पर छापेमारी कर करीब 50 लाख रूपये मूल्य की विदेशी शराब बरामद की है। उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को यहां बताया कि होली पर्व को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 28 पर छापेमारी की गई। इस दौरान ट्रक पर लदी 4915.440 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले मे ट्रक चालक मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 28 पर बसढिया गांव के समीप छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान एक कंटेनर में छिपाकर रखा हुआ 706.5 लीटर शराब बरामद किया गया है।

# स्टेज पर दुल्हन को गोली मारने वाले का कबूलनामा

## 'मैंने 32 हजार में UP से पिस्टल खरीदी

**पटना।** बचपन से साथ रहने के बावजूद वो मेरी नहीं हो पाई। मैं उससे प्यार करता था, वो मेरी थी, किसी और का होते नहीं देख पाया। मैंने कभी उसको खोने का सोचा भी नहीं था पर जब सुना कि उसकी शादी तय हो गई है, तो लगा अब मेरा सब कुछ खत्म हो गया है। पहले भी मैंने उसकी शादी तोड़ी थी। वो मेरी बात मानने को तैयार ही नहीं हो रही थी। मैंने यूपी से 32 हजार रुपए में पिस्टल खरीदी और सीधे गोली मार दी। दूसरी गोली फंसती नहीं तो वो वहीं पर मर जाती।' ये कबूलनामा है लाल जोड़े में वरमाला स्टेज पर मौजूद दुल्हन को गोली मारने वाले सिरफिरे आशिक दीनबंधु का। जो उसने पुलिस पूछताछ में बातें बताईं। बक्सर की आरती कुमारी (22) और दीनबंधु (24) बचपन से साथ पले-बढ़े। दोनों के घर की दूरी मात्र 150 मीटर है। दोनों में अकसर बातचीत हुआ करती थी। आरती उसे दोस्त समझती थी, लेकिन दीनबंधु उसे अपनी प्रेमिका समझने लगा। जब आरती ने उसके प्रपोजल को ठुकरा दिया तो वह उसका दुश्मन बन गया।

# पहले व्हाट्सएप पर 'तीन तलाक', अब ससुर से 'हलाला' की शर्त

## दो साल से भटक रही महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**बेगूसराय।** जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला का वैवाहिक रिश्ता कथित तौर पर एक व्हाट्सएप संदेश से खत्म कर दिया गया। यहां एक पति ने मोबाइल पर 'तलाक, तलाक, तलाक' लिखकर अपनी पत्नी के साथ न सिर्फ संबंध तोड़ दिया, बल्कि दोबारा साथ रखने के लिए हलाला की शर्त भी रखी। महिला ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट और लाखों रुपए हड़पने के आरोप भी लगाए हैं।

### मायके वालों से पैसों की मांग करता था पति

मिली जानकारी के अनुसार, 30 वर्षीय रुखसाना खातून उसके पति



ने मोबाइल पर 'तलाक, तलाक, तलाक' लिखकर न सिर्फ संबंध तोड़ दिया, बल्कि दोबारा साथ रखने के लिए हलाला की शर्त भी रखी। पीड़िता के अनुसार, उसकी शादी 11 मार्च 2022 को बेगूसराय के पोखरिया निवासी मोहम्मद मकबूल (34) से हुई थी। शादी के समय 51 हजार रुपए नकद और दो तोला सोना दिया गया। रुखसाना का कहना है कि शादी के तीन महीने बाद ही ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त 5 लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

### 'बिजनेस' के नाम पर 16-17 लाख रुपए लेने का आरोप

रुखसाना का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उसे घर से निकाल दिया गया। बाद में समझौते के बाद पति उसे दिल्ली ले गया और कारोबार शुरू करने के नाम पर उसकी मां से 5 लाख रुपए लिए। बेटी का घर बचाने के लिए मां ने गहने गिरवी रखकर रकम दी। इसके अलावा, पहली शादी से बेटी के भविष्य के लिए कराई गई 1.40 लाख रुपए की एफडी भी तुड़वा ली गई। पीड़िता का दावा है कि अब तक उसके पति ने करीब 16-17 लाख रुपए उससे और उसके परिवार से ले लिए। महिला का कहना है कि जुलाई 2022 में जब परिवार ने रकम वापस मांगी तो उन पर हमला कराया गया, जिसमें उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिस में शिकायत की सलाह दी गई, लेकिन पति के माफी मांगने पर मामला शांत हो गया।

# रमजान में साथ दिखे लड़का-लड़की तो करा देंगे निकाह

**मधुबनी।** बिहार के एक कॉलेज में रमजान के महीने में लड़का-लड़की के एक साथ दिखने पर उनका निकाह करा देने की बात कहने वाला सर्कुलर फर्जी पाया गया है। मधुबनी मेडिकल कॉलेज के नाम से जारी यह सर्कुलर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल किया जा रहा है। हालांकि, कॉलेज प्रशासन ने इसे पूरी तरह खारिज करते हुए फेक यानी फर्जी बताया है। इस वायरल सर्कुलर में कहा गया है कि रमजान के पाक महीने में लड़का-लड़की एक साथ खड़े नजर ना आए। एक साथ खड़े नजर आने पर तुरंत निकाह करा दिया जाएगा।

# शादी के चार दिन बाद दुल्हन प्रेमी संग फरार

## मोतिहारी में पति ने FIR किया दर्ज, बोला- 3 साल में 8 लाख करवा चुकी खर्च

**मोतिहारी।** मोतिहारी में शादी के चार दिन बाद एक नवविवाहिता अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। यह घटना तुरकौलिया थाना क्षेत्र के मझार गांव की है। पीड़ित पति भानु शर्मा ने अपनी पत्नी के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दुल्हन अपने साथ ससुराल और मायके के जेवर तथा लगभग 50 हजार रुपए नगद भी ले गई है। भानु शर्मा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी शादी 20 फरवरी 2026 को संग्रामपुर थाना क्षेत्र के इंद्रगाछी गांव निवासी लक्की कुमारी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। 21 फरवरी को दुल्हन की विदाई के बाद वह



उसे अपने घर मझार गांव ले आए थे, जहां परिवार ने उसका विधिवत स्वागत किया।

### मायके के एक लड़के के साथ हुई फरार

आरोप है कि 24 फरवरी को दुल्हन ने कॉलेज में किसी आवश्यक कार्य का बहाना बनाया और पति के साथ मोतिहारी गई। वहां कॉलेज गेट पर पति को खड़ा कर वह अपने मायके के एक युवक के साथ फरार हो गई। भानु शर्मा ने यह भी बताया कि पिछले तीन वर्षों से उसका लक्की कुमारी के साथ संपर्क था और दोनों के बीच फोन पर लगातार बातचीत होती थी। उसने दुल्हन की तबीयत ठीक रखने के लिए हर महीने पैसे भेजे थे और अब तक करीब सात से आठ लाख रुपए खर्च कर चुका है। हालांकि, शादी के दिन जयमाल के दौरान ही दुल्हन का व्यवहार कुछ बदला हुआ लगा था,लेकिन उस समय कोई संदेह नहीं हुआ। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दोनों पक्षों के बीच पंचायत का दौर शुरू हो गया है।

## व्यापार

# महाराष्ट्र में एक्टिवा की 50 लाख बिक्री का आंकड़ा पार

**मुंबई।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया जो देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी है, ने महाराष्ट्र में एक्टिवा की कुल 50 लाख बिक्री का आंकड़ा दर्ज किया है। यह उपलब्धि भारत के सबसे महत्वपूर्ण दोपहिया बाजारों में से एक में ब्रांड के लिए एक बड़ी सफलता को दर्शाती है। पिछले 25 वर्षों में हासिल किए गए इस माइलस्टोन से ग्राहकों की लगातार पसंद और बाजार में कंपनी की मजबूत उपस्थिति साफ झलकती है। यह कामयाबी महाराष्ट्र के पुणे, मुंबई, थाने, नागपुर और नवी मुंबई जैसे खास मार्केट में लगातार डिमांड की वजह से मिली है। ये शहर मोबिलिटी ट्रेंड को बनाने



में अहम भूमिका निभाते रहे हैं, जहाँ टू-व्हीलर रोज़ाना ट्रांसपोर्ट का एक प्रैक्टिकल और भरोसेमंद तरीका बना हुआ है। महाराष्ट्र में एक्टिवा की ग्रोथ को पूरे राज्य में 700 से ज़्यादा सेल्स और सर्विस टचपॉइंट्स के बड़े कस्टमर नेटवर्क का सपोर्ट मिला है। यह बड़ी मौजूदगी आसान ओनरशिप, भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सपोर्ट और लंबे समय तक कस्टमर का भरोसा दिलाती है। इस माइलस्टोन पर कमेंट करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स एंड मार्केटिंग के डायरेक्टर, मिस्टर मुत्सुओ उसुई ने कहा, "महाराष्ट्र में 5 मिलियन एक्टिवा की बिक्री पार करना दिखाता है कि कस्टमर्स ने पिछले 25 सालों में ब्रांड पर कितना भरोसा किया है। महाराष्ट्र सबसे डायनामिक मार्केट में से एक बना हुआ है और यह अचीवमेंट दिखाता है कि कैसे भरोसेमंद मोबिलिटी रोज़ाना आने-जाने को आकार दे रही है। हमारा फोकस कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने, पहुंच बढ़ाने और यह पक्का करने पर है कि एक्टिवा पूरे राज्य में राइडर्स की बदलती उम्मीदों पर खरा उतरती रहे।"

# शेयर बाजार हुआ 'लहूलुहान'

## निवेशकों के डूबे 5 .5 लाख करोड़

**मुंबई।** शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजारों में तेज गिरावट आई, सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में काफी दबाव देखने को मिला। सेंसेक्स करीब 1,050 पॉइंट्स गिर गया और निफ्टी 25,200 के निशान से नीचे कारोबार कर रहा था। लगातार दूसरे सेशन में गिरावट जारी रही, क्योंकि FMCG, ऑटो, रियल्टी और फार्मा स्टॉक्स पर भारी बिकवाली का दबाव था। सेंसेक्स 1,000 पॉइंट्स से ज्यादा गिरकर 81,159 पर आ गया, जबकि निफ्टी 50 भी 300 पॉइंट्स से ज्यादा गिरकर 25,200 से नीचे आ गया। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बिकवाली से निवेशकों के 5.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा स्वाहा हो गए जिससे BSE में लिस्टेड सभी फर्मों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर करीब 463 लाख करोड़ रुपए रह गया है। सेंसेक्स पर सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा (M&M), भारती एयरटेल और बजाज फिनसर्व के शेयर टॉप लूजर्स में शामिल हुए, जबकि IT स्टॉक्स इंफोसिस और HCL टेक, साथ ही ट्रेंट ही एकमात्र गेनर रहे।

# अमेजन ने 'प्रोटीन सप्ताह' शुरू किया

**बेंगलुरु।** Amazon.in ने विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर अपने "प्रोटीन सप्ताह" की शुरुआत करते हुए भारत में वेलनेस क्रांति को नई गति दी है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान ग्राहक देश के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स के व्हे प्रोटीन, प्लांट और यीस्ट-आधारित प्रोटीन, सप्लीमेंट्स, प्रोटीन बार और रेडी-टू-ड्रिंक विकल्पों में शीर्ष उत्पादों पर 45% तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं। चाहे आप प्रोफेशनल एथलीट हों या फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले उत्साही व्यक्ति, Amazon.in ने हर तरह के फिटनेस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विशेष चयन तैयार किया है।

# इन्फोमेरिक्स ने फ्रेडुन फार्मास्यूटिकल्स की रेटिंग बढ़ाई

**मुंबई।** फ्रेडुन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड भारत की अग्रणी फार्मास्यूटिकल फॉर्मुलेशन निर्माण कंपनियों में से एक है। जेनेरिक्स, कॉस्मेस्यूटिकल्स, न्यूट्रास्यूटिकल्स, मोबिलिटी और पशु स्वास्थ्य उत्पादों में विविधीकृत कंपनी ने अपनी 156.17 करोड़ की बैंक सुविधाओं के लिए इन्फोमेरिक्स वैल्यूएशन एंड रेटिंग प्राइवेट लिमिटेड से क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड हासिल किया है। इन्फोमेरिक्स ने कंपनी की दीर्घकालिक बैंक सुविधाओं की रेटिंग को IVR BBB (स्थिर) से बढ़ाकर IVR BBB+ (स्थिर) कर दिया है, जबकि अल्पकालिक रेटिंग IVR A2 को पुनः पुष्टि दी है। इससे पहले कंपनी को ब्रिकवर्क रेटिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से भी समान अपग्रेड मिला था, जिसमें बैंक सुविधा की क्रेडिट रेटिंग A3+ से बढ़ाकर A2 कर दी गई थी। फ्रेडुन के प्रबंध निदेशक, श्री फ्रेडुन मेधोरा ने कहा, यह अपग्रेड हम सभी के लिए उत्साहवर्धक है। यह हमारी टीम की कड़ी मेहनत और व्यवसाय को अनुशासित तरीके से आगे बढ़ाने के हमारे प्रयासों को दर्शाता है। जैसे-जैसे हम विभिन्न बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, हमारा ध्यान कंपनी की नींव को और मजबूत करते हुए बड़े अवसरों को जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने पर बना हुआ है।

# AGR और रेवेन्यू शेयर में जियो अव्वल 43% हिस्सेदारी के साथ मजबूत बढ़त

**मुंबई।** टेलीकॉम सेक्टर पर ICICI सिक्योरिटीज और CLSA की ताजा रिपोर्ट में रिलायंस जियो की बढ़त साफ तौर पर उभरकर सामने आई है। तीसरी तिमाही (Q3FY26) में इंडस्ट्री के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) और रेवेन्यू शेयर दोनों मोर्चों पर जियो ने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। ICICI सिक्योरिटीज के मुताबिक, Q3FY26 में तीनो प्राइवेट प्लेयर्स यानी जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को मिलाकर, AGR 2.9% तिमाही दर तिमाही (QoQ) और 8.9% सालाना (YoY) बढ़कर 720 अरब रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान रिलायंस जियो का AGR 321 अरब रुपये रहा, जो 3.9% QoQ और 11.2% YoY की वृद्धि दर्शाता है। इसके साथ जियो की AGR बाजार हिस्सेदारी 43% पर पहुंच गई है। इसके मुकाबले भारती एयरटेल का AGR 299 अरब रुपये और बाजार हिस्सेदारी 39.9% रही, जबकि वोडाफोन आइडिया 99 अरब रुपये AGR और 13% के आसपास हिस्सेदारी पर सिमटी रही।

# NSE ने निवेशकों को आगाह किया

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) निवेशकों को आगाह करता है कि वे ठगों से स्वयं को सुरक्षित रखें और उन संचार माध्यमों से सतर्क रहें जिन्हें भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के अधिकारियों द्वारा भेजा हुआ बताकर भुगतान की मांग की जा रही है। एनएसई के संज्ञान में आया है कि कुछ ठग स्वयं को सेबी का अधिकारी बताकर फर्जी लेटरहेड, लोगो और मुहर का उपयोग करते हुए सेबी के आधिकारिक पत्रों की नकल कर जाली संचार भेज रहे



हैं। इन फर्जी दस्तावेजों/नोटिसों में वित्त अधिनियम, 2004 के तहत धनराशि जारी करने के लिए प्रतिभूति लेनदेन कर (STT) के भुगतान की झूठी मांग की जा रही है। ऐसी धोखाधड़ी गतिविधियों से बचाव के लिए निवेशकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें। सेबी/एक्सचेंज के नाम पर जानकारी या भुगतान की मांग करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं की प्रामाणिकता की पुष्टि अवश्य करें।

पुनः स्पष्ट किया जाता है कि सेबी/एक्सचेंज धनराशि जारी करने के लिए STT सहित किसी भी कर के सीधे भुगतान की मांग करते हुए पत्र जारी नहीं करते हैं। सेबी के वास्तविक परिपत्र केवल सेबी की आधिकारिक वेबसाइट (www.sebi.gov.in) पर उपलब्ध हैं और एनएसई के परिपत्र केवल एनएसई की आधिकारिक वेबसाइट (www.nseindia.com) पर उपलब्ध हैं।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोटक लाइफ ने जीवन बीमा की पहुंच बढ़ाने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

**मुंबई।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ("उत्कर्ष एसएफबीएल ") ने आज कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ("कोटक लाइफ") के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी बैंक की उत्पाद विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह साझेदारी उत्कर्ष एसएफबीएल के जीवन बीमा वर्टिकल को उल्लेखनीय रूप से मजबूत करता है। कोटक लाइफ के बड़े प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो को बैंक के 1105 बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से एकीकृत करता है। यह आउटलेट्स 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले



हुए हैं। इस करार से उत्कर्ष एसएफबीएल के 51.4 लाख ग्राहकों को फायदा पहुंचेगा। इन ग्राहकों को कोटक लाइफ द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विभिन्न जरूरतों के अनुसार डिजाइन जीवन बीमा उत्पाद और समाधान मिलेंगे। इनमें जिनमें प्रोटेक्शन, सेविंग्स, यूनिट-लिंक्ड और रिटायरमेंट योजनाएं शामिल हैं।

# द बॉडी शॉप के साथ होली पर पाएं सुरक्षित, स्वस्थ और दमकती त्वचा

**मुंबई।** होली के रंगों और बदलते मौसम के बीच त्वचा और बालों की देखभाल पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। सर्दियों से गर्मी की ओर बढ़ते इस मौसम में तेज धूप, धूल और रंग त्वचा की नमी छीन सकते हैं। ऐसे में द बॉडी शॉप होली से पहले और बाद की संपूर्ण स्किन और हेयर केयर रूटीन के साथ उपभोक्ताओं को सुरक्षित और बेफिक्र उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करता है। होली से पहले त्वचा को तैयार करना बेहद जरूरी है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी के 35 लाख कर्मियों की बल्ले-बल्ले

## होली से पहले वेतन, चार दिन की छुट्टी



महानगर नेटवर्क

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के करीब 35 लाख सरकारी कर्मचारियों और लाखों संविदाकर्मियों की होली रंगीन होने वाली है। इस बार होली में सरकार की ओर से तीन दिनों की छुट्टी का ऐलान किया गया है। वहीं, रविवार को मिला दें तो लगातार चार दिनों तक लोग अपनों के साथ रंगों का पर्व मना सकेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने होली को लेकर प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। सीएम योगी ने कहा है कि सभी नियमित कर्मचारियों का वेतन हर हाल में होली से पूर्व उनके खातों में पहुंच जाना चाहिए। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी और अन्य अस्थायी कर्मचारियों के भुगतान में भी किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

### कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का न करना पड़े सामना

सीएम योगी आदित्यनाथ ने विभागों को चेतावनी दी है कि वेतन भुगतान में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रंगों के त्योहार में हर कर्मचारी के घर में खुशियां रहनी चाहिए। दरअसल, वित्त विभाग ने होली को लेकर सभी डीएम और चीफ एवं सीनियर कोषाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि फरवरी माह के आखिरी दिन यानी 28 फरवरी को सभी कर्मचारियों का वेतन जारी कर दिया जाए। 28 फरवरी को शनिवार है। हालांकि, सरकार के स्तर पर शनिवार को कार्यदिवस घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पर्व के मौके पर कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए काम किया जाए। यह प्रशासन की जवाबदेही है। शनिवार 28 फरवरी को कार्यदिवस घोषित किए जाने के बाद अब होली का सार्वजनिक अवकाश 2, 3 और 4 मार्च को घोषित किया गया है।

## मृतक आश्रितों की नौकरी पर आदेश, अब तीन माह में हो निस्तारण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने सेवाकाल में मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को दिए जाने वाले सेवायोजन (कंपैशनेट अपॉइंटमेंट) के मामलों में हो रही देरी पर सख्ती दिखाई है। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की ओर से जारी शासनादेश में निर्देश दिया गया है कि ऐसे सभी प्रकरणों का निस्तारण अधिकतम तीन माह के भीतर पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। कार्मिक अनुभाग-2 की ओर से जारी आदेश सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजा गया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली-1974 का उद्देश्य आकस्मिक मृत्यु के बाद परिवार को आर्थिक संकट से उबारना है। शासन के संज्ञान में आया है कि कई मामलों में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

# प्रदेश में रेलवे की बुनियाद को मजूबत बनाने के लिए वैश्विक सहयोग पर जोर

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने हेतु जर्मनी गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने अग्रणी रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी रेलवन जीएमबीएच के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का दौरा किया। शुक्रवार को वे जर्मनी प्रवास से वापस लौटे। इस दौरान उन्होंने यूपी सरकार और कंपनी के बीच लगभग 200 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

मौर्य का यह दौरा सीएम योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश में आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास और वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केशव मौर्य का



जर्मनी से वापस लौटने पर जोरदार स्वागत हुआ। उनकी यात्रा को प्रदेश के विकास को बढ़ावा देने वाला करार दिया गया। डिप्टी सीएम के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने रेलवन के संयंत्र में रेलवे ट्रैक और कंक्रीट स्लीपर निर्माण की उन्नत तकनीकों का विस्तृत अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रक्रिया को समझने के लिए कंपनी के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

इस समझौते के जरिए प्रदेश में रेल अवसंरचना के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता मानकों और वैश्विक अनुभव का लाभ मिलने की संभावना है।

### सेवा क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं

जर्मनी में प्रत्यक्ष बैठकों के साथ यूके के निवेशकों से डिजिटल माध्यम से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने संवाद किया। इसे निवेश कूटनीति के बेहद सकारात्मक स्वरूप का संकेत माना जा रहा है। इससे तकनीकी सहयोग के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही, सेवा क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को भी नई गति मिलेगी। संभावित निवेश से कौशल आधारित रोजगार सृजित होंगे। स्मार्ट सिटी एवं डिजिटल सेवाओं के विस्तार के जरिए शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# रिंकू सिंह ने पिता को दी अंतिम विदाई



महानगर नेटवर्क

अलीगढ़

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता, खानचंद सिंह का 27 फरवरी को निधन हो गया। रिंकू ने अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। खानचंद सिंह की शव यात्रा और उनके अंतिम संस्कार के समय काफी लोग वहां मौजूद रहे।

रिंकू सिंह के पिता ने 27 फरवरी की सुबह लगभग 5 बजे ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली थी। वे लंबे समय से लीवर कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। जब खानचंद अस्पताल में भर्ती थे, तब उनकी तबीयत में सुधार की खबर भी सामने आई थी, लेकिन 27 फरवरी की सुबह रिंकू के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। रिंकू सिंह के पिता का ग्रेटर नोएडा में निधन हुआ था, जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को अलीगढ़ लाया गया. रिंकू चेन्नई में टीम इंडिया के साथ मौजूद थे, लेकिन जैसे ही उन्हें पिता के निधन की खबर मिली वो अलीगढ़ के लिए रवाना हुए थे। रिंकू के बड़े भाई सोनू सिंह ने पिता खानचंद सिंह के शव को मुखाग्नि दी। रिंकू इससे पहले पिता की तबीयत बिगड़ने के कारण चेन्नई से नोएडा पहुंचे थे, लेकिन उससे अगले दिन ही चेन्नई में टीम इंडिया को रिजॉइन कर लिया था। रिंकू इस बीच 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में नहीं खेल पाए थे। उस मुकाबले में भारत ने 256 रन बनाए थे, जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 184 रन ही बना सकी थी।

क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद का पार्थिव शरीर अलीगढ़ पहुंचा। परिजन ओजोन सिटी आवास पर शोक में डूबे। मिलने जुलने वाले और रिंकू के प्रशंसक उनके पिता के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। रिंकू सिंह के पिता खानचंद पंचतत्व में विलीन हो गए। बताया जा रहा है कि जब रिंकू सिंह के दिवंगत पिता ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती थे, तब सपा सांसद प्रिया सरोज वहां पर पूरे समय रहीं। देहांत के बाद जब शव अलीगढ़ लाया गया, तब प्रिया सरोज भी अलीगढ़ आईं। शादी से पहले ससुराल में न आने के कारण वह ओजोन सिटी स्थित रिंकू सिंह के आवास में नहीं आईं। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने 8 जून 2025 को सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ सगाई की थी। अलीगढ़ के शंकर विहार स्थित रोटरी शिशु मोक्ष धाम में क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़े बेटी सोनू सिंह ने मुखाग्नि दी। वह पंचतत्व में विलीन हो गए। अंतिम संस्कार प्रकिया पूरे विधि-विधान से हुआ। जिसमें रिंकू सिंह और उनके भाई ने पिता को अंतिम विदाई दी।

# पहलगाम अटैक के बाद 'पाकिस्तान जिंदाबाद' पोस्ट करने वाले आरोपी को बेल

महानगर नेटवर्क

प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद इंस्टाग्राम पर कथित रूप से 'पाकिस्तान जिंदाबाद' पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार युवक फैजान को जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने फैजान बनाम स्टेट ऑफ यूपी मामले में पारित किया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की थी।

फैजान को मई 2025 में एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया, जिनमें धारा 152 भी



शामिल थी। यह धारा पूर्व में भारतीय दंड संहिता में राजद्रोह से जुड़े प्रावधान का स्थान लेती है। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि आरोपी का सोशल मीडिया पोस्ट देश की संप्रभुता और प्रतिष्ठा के खिलाफ था और इससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता था। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता एनआई जाफरी ने तर्क दिया कि आरोपी द्वारा की गई पोस्ट भले ही आपत्तिजनक प्रतीत हो, लेकिन उसमें भारत के खिलाफ कोई अपमानजनक, अवमाननापूर्ण या विद्रोह भड़काने वाला कथन नहीं था। उन्होंने कहा कि केवल किसी दुश्मन देश के समर्थन का उल्लेख करना स्वतः धारा 152 के तहत अपराध नहीं बनता। बचाव पक्ष ने यह भी दलील दी कि अधिकतम यह मामला धारा 196 बीएनएस के तहत आ सकता है, जिसकी सुनवाई मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है और जिसमें तीन से पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

### कई शर्तों के साथ आरोपी को जमानत

राज्य सरकार की ओर से जमानत का विरोध किया गया। हालांकि अदालत ने अपराध की प्रकृति, उपलब्ध साक्ष्यों, आरोपी की कथित संलिप्तता, जेलों में भीड़भाड़ और निचली अदालतों में लंबित मामलों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आरोपी को जमानत देने का निर्णय लिया। अदालत ने कड़ी शर्तें लगाते हुए कहा कि आरोपी सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसा पोस्ट अपलोड नहीं करेगा जो देश की प्रतिष्ठा या किसी समुदाय के खिलाफ हो।

# रंगभरी एकादशी: महादेव गौरा संग गलियों में भ्रमण पर निकले

## हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजी



**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध मसान की होली परंपरा के साथ खेली गई। इस दौरान क्रीम कुंड बाबा कीनाराम स्थल से भव्य शोभायात्रा निकाली जिसमें अघोरी, औघड़ और किन्नर शामिल हुए। शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां देखने को मिली, जिसमें भगवान शिव के अनेक गण शामिल हुए। इसमें भूत-पिचास, हाकिनी, डाकिनी, चुड़ैल और प्रेत भी शामिल रहे। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में काशीवासी भी शामिल हुए। यह यात्रा विजया चौराहा से सोनारपुर हरिश्चंद्र रोड से होते हुए हरिश्चंद्र घाट पर समाप्त हुआ।

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल बढ़ा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। अब वह 28 फरवरी 2027 तक अपने पद पर बने रहेंगे। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे करीबी अधिकारी माना जाता है। आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी योगी सरकार में अपर मुख्य सचिव के पद पर भी रह चुके हैं और सेवानिवृत्ति के बाद मुख्यमंत्री योगी के प्रशासनिक सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं।

# डायल 112 के सिपाही पर यौन शोषण का आरोप, निलंबित



**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर में डायल 112 के एक सिपाही को यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिपाही को गुरुवार देर रात निलंबित भी कर दिया गया है। बल्दीराय थाना क्षेत्र की एक महिला ने डायल 112 पीआरवी 5298 पर तैनात सिपाही आमिर फिरदौस पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। महिला की तहरीर पर बल्दीराय थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने सिपाही आमिर फिरदौस को गिरफ्तार कर लिया। जनसुनवाई के दौरान पीड़िता ने डायल 112 के आरक्षी द्वारा शोषण करने के संबंध में साक्ष्य के साथ शिकायत की थी। आरक्षी को तत्काल निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुरुवार को सिपाही का सीएचसी बल्दीराय में मेडिकल कराया गया, जिसके बाद उसे एसीजेएम चतुर्थ भव्या श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# भगोड़ा राशिद नसीम UAE में गिरफ्तार

## 1000 करोड़ के फर्जीवाड़े का आरोपी

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

यूपी में निवेश धोखाधड़ी और धन शोधन के मामले में वांछित भगोड़े राशिद नसीम को संयुक्त अरब अमीरात में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई ईडी के अनुरोध पर की गई। अधिकारियों के अनुसार, नसीम को दुबई में हिरासत में लिया गया है। राशिद नसीम लखनऊ स्थित शाइन सिटी ग्रुप के प्रमोटर हैं। लखनऊ की विशेष पीएमएलए अदालत ने अप्रैल 2025 में उन्हें भगोड़ा FEOA के तहत अपराधी घोषित किया था। दिसंबर 2025 में अदालत ने उनकी 127.98 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त करने का आदेश भी दिया था।

ईडी ने यह जांच उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज 554 मामलों के आधार पर




शुरू की थी। आरोप है कि शाइन सिटी समूह ने रियल एस्टेट योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग के जरिए लोगों को ऊंचे रिटर्न का लालच देकर करीब 800 से 1000 करोड़ रुपये तक जुटाए। एजेंसी का कहना है कि नसीम ने जांच से बचने के लिए समन का जवाब नहीं दिया और नेपाल के रास्ते भारत छोड़कर दुबई भाग गए थे। जनवरी 2026 में ईडी ने उनके खिलाफ एक विस्तृत डोजियर यूएई अधिकारियों को सौंपा था। अब गिरफ्तारी के बाद भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

शाइन सिटी ग्रुप के प्रमोटर राशिद नसीम पर मध्यम वर्गीय लोगों को सस्ते प्लॉट और फ्लैट का सपना दिखाकर हजारों करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। निवेशकों से बुकिंग और आसान किस्तों के नाम पर बड़ी रकम जुटाई गई। जब लखनऊ और वाराणसी में ठगी के मुकदमे दर्ज होने लगे, तब मामला खुलकर सामने आया और पुलिस व जांच एजेंसियां सक्रिय हुईं। लखनऊ के गोमती नगर थाने में ही सैकड़ों मुकदमे दर्ज हैं, जबकि प्रदेश भर में कंपनी पर लगभग तीन हजार से ज्यादा मामले बताए जाते हैं। यूपी के अलावा दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुवाहाटी और महाराष्ट्र तक शिकायतें दर्ज हुईं।

## महिला ने टोका तो प्राइवेट पार्ट पर मारा चाकू

**आगरा।** न्यू आगरा के दयालबाग क्षेत्र में बीती 22 फरवरी की सुबह महिला को चाकू मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्नी से झगड़े के बाद महिलाओं से नफरत करने लगा था। उसके पास वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में उसने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एसीपी हरीपर्वत अक्षय महाडिक ने बताया कि 22 फरवरी को पुष्पांजलि बाग निवासी 50 वर्षीय सोना देवी मार्निंग वॉक पर निकली थीं। रास्ते में अदन बाग के पास अज्ञात व्यक्ति ने उनको पीछे से चाकू मारकर भाग निकला। महिला को पुलिस ने एसएन मेडिकल कालेज भर्ती कराया था।

# हम संबंधों को सदैव मन से निभाते हैं : अखिलेश यादव

## मायावती को सपा अध्यक्ष ने दिया जवाब

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सियासत तेज हो गई है। कांशीराम जयंती को समाजवादी पार्टी ने इस साल 'PDA दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। इस फैसले पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने पलटवार करते हुए इसे 'विशुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी' करार दिया है। अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मायावती के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'हम अपने संबंधों को हमेशा मन से निभाते हैं।'



सपा ने घोषणा की है कि इस साल बहुजन नायक कांशीराम की जयंती को 'PDA दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। पार्टी हर जिले में पीडीए को एकजुट करने की रणनीति बना रही है। यह पहल सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूत करने के लिए है। 'पीडीए दिवस' एक नयी शुरुआत है जो सांकेतिक रूप से पीडीए समाज के उन सभी महान व्यक्तियों को समर्पित है, जिन्होंने समाज के हर पीड़ित, दुखी, अपमानित के मान-सम्मान, उत्थान और बराबरी के लिए कभी भी, किसी भी वर्चस्ववादी का साथ नहीं दिया। बसपा प्रमुख मायावती ने सपा के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा दलितों, पिछड़ों और बहुजन समाज के खिलाफ रहा है. उन्होंने 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ गेस्ट हाउस कांड का जिक्र करते हुए सपा पर दलित विरोधी रवैये का आरोप लगाया।

### समाज को बांटकर सत्ता में बने रहने की कोशिश

मायावती के बयान के बाद अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'हम जिन बड़ों का सम्मान करते हैं, उनसे सहानुभूति भी रखते हैं। हम अपने बड़ों और संबंधों को हमेशा मन से निभाते हैं।' अखिलेश ने कहा कि जरूरी नहीं कि जो लिखा जाए, वही भावना हो। कई बार लिखने वाले और लिखवाने वाले अलग होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज को बांटकर सत्ता में बने रहने की कोशिश की जाती है।

## सहारनपुर में 11 परिवारों ने की धर्मवापसी

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात के गांव पीकी में हिंदू से ईसाई बने परिवार की महिला की मौत के बाद श्मशान घाट में अंतिम संस्कार करने से रोक दिया गया। गांव में बैठी पंचायत में 11 परिवारों ने हिंदू धर्म में वापसी की, इसके बाद ही महिला के शव का अंतिम संस्कार होने दिया गया। इस दौरान गांव में तनाव की स्थिति रही।



गांव पीकी निवासी राम सिंह का परिवार अनुसूचित जाति से है और उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व अपने परिवार के साथ ईसाई धर्म अपना लिया था। उनके अलावा, गांव के 12 अन्य परिवारों ने भी ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। कई परिवारों द्वारा धर्म परिवर्तन करने के कारण समाज के अन्य लोग उनसे नाराज थे। बृहस्पतिवार रात राम सिंह की पत्नी मामचंदी का निधन हो गया। धर्म परिवर्तन करने के कारण समाज के लोग नाराज थे। इसी नाराजगी का परिणाम था कि मामचंदी की मृत्यु के बाद ग्रामीण उनके घर नहीं गए और न ही उन्होंने गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार करने की अनुमति दी। ग्रामीणों का तर्क था कि यदि उन्होंने ईसाई धर्म अपनाया है, तो उनका अंतिम संस्कार भी उसी धर्म के अनुसार होना चाहिए।

## जमीनी विवाद में अधिवक्ता की पीटकर हत्या, 3 घायल

**गोरखपुर।** नगर पंचायत बांसगांव के वार्ड नं 9 निवासी अग्निवेश सिंह एडवोकेट की आज सुबह जमीनी विवाद में मौके पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह 9.30 के आसपास वार्ड नं 12 में नगर पंचायत द्वारा नाली निर्माण कराया जा रहा था। मृतक अग्निवेश सिंह की जमीन के रास्ते में नाली का पानी गिराने के लिए संजय सिंह, सौरभ सिंह व सौरभ की माता द्वारा अग्निवेश की जमीन में पाइप डालने के लिए जबरदस्ती प्रयास करने लगे। जिसका विरोध अग्निवेश द्वारा किया गया, जिसपर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी।

# 68 खातों में 1600 करोड़ की संदिग्ध लेनदेन

महानगर नेटवर्क

कानपुर

हवाला और अवैध ढंग से कमाई गई रकम को लूटने वाला एक गिरोह क्राइम ब्रांच के हाथ लगा है। क्राइम ब्रांच ने देर रात मुठभेड़ में दो आरोपित और निशानदेही पर चार और दबोचे। जांच में बड़ी बात ये सामने आई लूटी गई रकम जाजमऊ के टेनरी और स्क्रैब कारोबारी महफूज की थी, जिसके व परिवार के 12 बैंकों के 68 खातों में लगभग 1600 करोड़ का लेनदेन हुआ है।

महफूज घटना के बाद से फरार है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने मामले में हवाला कारोबार और देशद्रोही गतिविधियों में रुपये लगाने की आशंका पर पुलिस की जांच के साथ ही आरबीआइ, आयकर, जीएसटी और ईडी को पत्राचार करने



की बात कही है। वहीं, जांच में पता चला कि पकड़े लुटेरे घटना के बाद जामा मस्जिद, कश्मीर, नेपाल समेत जगहों पर भी गए थे।

यशोदा नगर निवासी व्यापारी मो. वासिद और उसके साथी अरशद 16 फरवरी को फूलबाग में एलआइसी बिल्डिंग स्थित आइडीबीआइ बैंक से रुपये निकालकर बाइक से जाजमऊ जा रहे थे। श्यामनगर शताब्दी उद्यान के पास दो बाइक पर सवार चार लोगों ने उनकी बाइक में टक्कर मारी और विवाद करते हुए तमंचे की बट और हेलमेट से मारकर रुपयों से भरा बैग लूट ले गए थे। घटना में दोनों लोग घायल हो गए थे। अरशद को एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रकरण में वासिद ने पहले 25 लाख, फिर आठ लाख रुपये लूट होने की सूचना दी, लेकिन बाद में वह घटना से मुकर गया। उसने कहा कि वह ब्लड प्रेशर का मरीज है। मारपीट करने वालों को पकड़ने के लिए उसने हड़बड़ाहट में लूट की सूचना दे दी थी। उसने तहरीर देने से भी इन्कार कर दिया था। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि मारपीट का वीडियो मिलने और घटना से मुकरने के शक पर जांच क्राइम ब्रांच को दी गई थी। इसमें साइबर सेल, क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की अलग अलग छह टीमें लगाई गई। एक टीम की जांच में सामने आया कि जिस बैंक से वासिद व अरशद रुपये निकालकर आने की बात कह रहे थे।

## अंतरजनपदीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ 56 एप्पल आईफोन बरामद

**बस्ती।** जनपद की स्वाट, सर्विलांस और लालगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने एक अंतरजनपदीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 56 एप्पल आईफोन सहित भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। इस कामयाबी पर अपर पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

दरअसल, पिछले दिनों लालगंज थाना क्षेत्र के गूगल मोबाइल शॉप्स में चोरों ने दुकान का शटर काटकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया था। चोरों की शातिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पकड़े जाने के डर से मुख्य आरोपी अभिषेक



अपने साथियों के साथ दुकान में लगा CCTV का DVR भी उखाड़ ले गया था। घटना के बाद से क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्वाट और सर्विलांस टीम को घटना के खुलासे में लगाया गया। इसके बाद टीम ने मुखबिर की सूचना और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है। वहीं पुलिस की इस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# दोषी ने जज को दी देख लेने की धमकी

महानगर नेटवर्क

बिजनौर

जिले में उम्रकैद की सजा सुनते ही दो दोषी आपे से बाहर आ गए। दोनों दोषियों ने कटघरे में खड़े होकर जज को धमकी दे डाली। भरी कोर्ट में जज को धमकी से हड़कंप मच गया। इसके बाद जज ने यूपी के गृह सचिव, डीआईजी और जिला जज को चिट्ठी लिखी है। दरअसल चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मुकदमेबाजी की रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की कार से कुचलकर हत्या के मामले में आरोपी जयदीप और पिंटू चौहान को दोषी मानकर दोनों को उम्रकैद और 25- 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सजा सुनते ही दोनों अभियुक्तों ने अदालत में शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों अपना आपा



खो दिया और कटघरे में खड़े होकर जज को देख लेने की धमकी तक दे डाली। दोनों आरोपी बोले, हमें तेरे घर, गांव सबका पता है। तुमको देख लेंगे। दोषियों की धमकी से डरे जज ने तुरंत गृहसचिव, डीआईजी और जिला जज को चिट्ठी लिखी। हालांकि पुलिस ने न्यायाधीश की अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी है।

महिला रेनू ने थाना धामपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा था कि 19 मई 2024 को उसके पिता पुखराज सिंह निवासी गांव मटोरा दुर्गा थाना धामपुर अपने खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान कार से पहुंचे युवकों ने पुखराज सिंह को पीटना शुरू कर दिया। आरोपी पुखराज को खींचकर सड़क पर ले गए और कार से कुचलकर हत्या कर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने कार में सवार आरोपी जयदीप निवासी शिमला थाना शिवाला कला, पिंटू चौहान और ऋषिपाल की पहचान की। पुलिस ने विवेचना के बाद पुखराज की हत्या में आरोप पत्र आरोपी जयदेव और पिंटू चौहान के खिलाफ कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में दिए बयान में मृतक पुखराज की बेटी अंजलि ने बताया कि उसकी शादी आरोपी जयदीप के भाई प्रदीप से हुई थी। ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे, जिस कारण उसने ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करा रखे थे।

बंगाल में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

# हाईकोर्ट से मिली 'परिवर्तन यात्रा' की सशर्त अनुमति

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

बंगाल में भाजपा की प्रस्तावित 'परिवर्तन यात्रा' को लेकर चल रही कानूनी रस्साकशी के बीच कोलकाता हाई कोर्ट ने सशर्त अनुमति दे दी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की पीठ में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि एक और दो मार्च को दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक यात्रा निकाली जा सकेगी, लेकिन किसी भी स्थान पर एक हजार से अधिक लोगों की भीड़ नहीं होनी चाहिए। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन को सुनिश्चित करनी होगी। अदालत ने यात्रा के समय को भी सीमित कर दिया है, जिसके तहत दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक ही जुलूस निकालने की इजाजत होगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, होली के त्योहार के मद्देनजर तीन और चार मार्च को यात्रा स्थगित रहेगी। ऐसे में पार्टी ने रणनीति बनाई है कि एक और दो मार्च को ही यात्रा का भव्य उद्घाटन कर दिया जाए, जबकि पांच मार्च से इसे पुनः सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा। इस दौरान कूचबिहार, कृष्णनगर, कुल्टी, इस्लामपुर और संदेशखाली जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से यात्रा गुजरेगी।

## शाह दिखाएंगे हरी झंडी



### दो मार्च को शाह आएंगे कोलकाता

इस राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में केंद्रीय मंत्रियों और दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगने वाला है। विशेष रूप से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में मामूली बदलाव हुआ है; अब वे एक मार्च की बजाय दो मार्च को दक्षिण 24 परगना जिले के रायदिघी से इस यात्रा का शुभारंभ कर सकते हैं। भाजपा ने पूरे राज्य को 10 संगठनात्मक संभागों में बांटा है, जिनमें से नौ संभागों में यह यात्रा निकलेगी। कोलकाता संभाग को इस यात्रा से मुक्त रखा गया है क्योंकि वहां 14 मार्च को होने वाली ब्रिगेड रैली की तैयारियां चल रही हैं, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे।

# कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप

**5.4 तीव्रता: तेज झटके महसूस हुए, इमारतें हिलीं**

**लोग सड़कों पर निकले, बांग्लादेश के ढाका में था केंद्र**

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के ढाका स्थित अगरगांव में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। पश्चिम बंगाल से अगरगांव की दूरी लगभग 26 किलोमीटर बताई जा रही है। झटके इतने तेज थे कि कोलकाता में बहुमंजिला इमारतें कुछ सेकेंड तक हिलती रहीं। अचानक कंपन महसूस होते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। कई इमारतों में बंद पड़े सीलिंग फैन तक हिलते नजर आए। कुछ पुराने मकानों के झुकने की भी खबर सामने आई है। हालांकि अब तक बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। कोलकाता में स्वगता नाम की ने युवती ने बताया कि हम सोफे पर बैठे थे तभी अचानक झटके महसूस हुए। हम तुरंत घर से बाहर भागे। सोफा और पंखा हिल रहे थे, टेबल पर रखी एक बोतल गिर गई।



### कोलकाता में इस महीने दूसरी बार भूकंप

कोलकाता में इस महीने यह दूसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 3 फरवरी की रात को भी कोलकाता में भूकंप आया था। तब भूकंप का केंद्र म्यांमार में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6 दर्ज की गई थी। बंगाल में लगातार आ रहे भूकंप से लोगों में चिंता बढ़ गई है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इससे पहले नंवबर 2025 में बांग्लादेश के ढाका और चिटगांव समेत कई इलाकों में भूकंप आया था।

'तुरंत लौटाएं किताब'

# NCERT ने वापस ली 'ज्यूडिशियरी में भ्रष्टाचार' पर आधारित कक्षा 8 की बुक

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के क्लास 8 की सोशल साइंस की टेक्स्टबुक को जब्त करने का आदेश दिया है। इस टेक्स्टबुक में ज्यूडिशियरी में करप्शन का ज़िक्र था। वहीं नेशनल काउंसिल ऑफ़ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने शुक्रवार को ऑफिशियली लोगों और इंस्टीट्यूशन से इसकी सभी प्रतियां वापस करने और उससे जुड़ा डिजिटल कंटेंट डिलीट करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट के टेक्स्टबुक को जब्त करने का आदेश दिया। NCERT सेक्रेटरी की तरफ से जारी एक बयान में काउंसिल ने निर्देश दिया कि फिजिकल कॉपी वापस भेजी जाएं और ऑनलाइन मटीरियल बिना देर किए हटा दिया जाए। बयान में कहा गया, "NCERT किसी भी व्यक्ति या ऑर्गनाइज़ेशन से रिक्वेस्ट करता है, जिसके पास NCERT टेक्स्टबुक एक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड, सोशल साइंस ग्रेड 8 पार्ट 2, या उससे जुड़ा कोई भी मटीरियल है, तो वे इसे जल्द से जल्द हेड, डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन इन सोशल साइंसेज (DESS) या पब्लिकेशन डिवीज़न, NCERT (श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली) को लौटा सकते हैं।" बयान में आगे कहा गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म से एक खास चैप्टर के रेफरेंस हटा दिए जाएं। NCERT ने कहा, "हम यह भी रिक्वेस्ट करते हैं कि हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका चैप्टर से जुड़ा कोई भी कंटेंट अगर किसी भी सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया गया है, तो उसे जल्द से जल्द डिलीट कर दिया जाए। साथ ही जिसने भी यह टेक्स्टबुक कहीं से भी खरीदी है, उनसे रिक्वेस्ट है कि वे इसे तुरंत NCERT को लौटा दें।"



NCERT का कदम गुरुवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच के कड़े शब्दों वाले ऑर्डर के बाद आया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि किताब की सभी कॉपी चाहे वे रिटेल दुकानों में हों या NCERT स्टॉक गोदामों में- वापस ली जाएं और डिजिटल वर्जन सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिए जाएं।

सड़क सुरक्षा 2026 पर CII नेशनल कॉन्क्लेव

# भारत में हर साल सड़क हादसों में करीब 2 लाख मौतें : गडकरी




महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार, 26 फरवरी को नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा पर तीसरे नेशनल कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने कहा, 'भारत में हर साल सड़क हादसों की वजह से करीब पांच लाख एक्सीडेंट होते हैं और 1.80 लाख मौतें होती हैं।' नितिन गडकरी ने इन हादसों को लेकर कहा कि लोगों के व्यवहार में बदलाव और ट्रैफिक कानूनों को लागू करना, सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में देश की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। भारत के अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता और लम्बे समय से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली कंपनी रोज़मर्टा टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ने आज बच्चों के लिए एक कॉमिक बुक 'द क्युरियस बंच' का लॉन्च किया। पुस्तक का अनावरण नई दिल्ली के इंडिया हेबिटेट सेंटर में सड़क सुरक्षा पर आयोजित तीसरे सीआईआई नेशन कॉन्क्लेव के दौरान किया गया। यह लॉन्च रोज़मर्टा की इस अवधारणा को दर्शाता है कि स्थायी सड़क सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि हम उम्र से ही बच्चों में किस तरह ज़िम्मेदाराना व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं।

भारत में सड़क सुरक्षा की चुनौती बेहद गंभीर है। हाल ही के वर्षों में कई प्रयासों के बावजूद सड़क पर होने वाली दुर्घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। इसी के मद्देनज़र, भारत सरकार ने सड़क सुरक्षा के 4ईः इंजीनियरिंग, एजुकेशन, एनफोर्समेन्ट एवं एमरजेन्सी केयर- पर आधारित व्यापक रणनीति को प्राथमिकता दी है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि 2030 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए व्यवस्थित सुधारों, टेक्नोलॉजी के अडॉप्शन को बढ़ावा देने और आम जनता को जागरुक बनाने की ज़रूरत है।

• चीफ इलेक्शन कमीशन बोले

# तमिलनाडु में एक फेज में चुनाव होगा

महानगर नेटवर्क

चेन्नई

इस पर आखिरी फैसला जल्द करेंगे चीफ इलेक्शन कमिश्नर (CEC) ज्ञानेश कुमार ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में एक फेज में ही चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि इसपर आखिरी फैसला जल्द करेंगे।

CEC ने कहा कि तमिलनाडु इलेक्शन में रिकॉर्ड बनाएगा और बिहार से बहुत बेहतर होगा। उन्होंने राज्य के सभी वोटरों से आने वाले विधानसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) कराया गया है। इसके बाद वर्तमान में यहां 5 करोड़ 67 लाख वोटर हैं। यहां 75,000 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 44,000 ग्रामीण इलाकों में होंगे। ट्रांसपेरेंसी पक्का करने के लिए हर पोलिंग बूथ पर 100% वेबकास्टिंग होगी।हाल ही में चुनाव आयोग ने एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें 72 देशों के चीफ इलेक्शन कमिश्नर, इलेक्शन कमिश्नर और चुनावी स्टाफ ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में तमिलनाडु के 10वीं सदी के "कुडावोलाई सिस्टम" के बारे में जानकारी दी गई।



### इस पर आखिरी फैसला जल्द करेंगे

आयोग पिछले कुछ दिनों से तमिलनाडु में है। जिला कलेक्टर, SP, DIG, IG, 24 प्रवर्तन एजेंसियों, राज्य सरकार, चीफ सेक्रेटरी और DGP के साथ तैयारियों की समीक्षा की गई।

27 अक्टूबर 2025 से 23 फरवरी 2026 तक SIR किया गया। उद्देश्य था कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई अयोग्य व्यक्ति शामिल न हो। राज्य में कुल 5 करोड़ 67 लाख मतदाता हैं।हर पोलिंग स्टेशन पर औसतन 756 मतदाता होंगे। 258 बूथ पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। 47 बूथ दिव्यांगों द्वारा संचालित होंगे।

265 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।चुनाव आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने का भरोसा दिया। सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सख्ती से काम करने और वोटरों को लालच देने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया।

# TVF चीफ विजय की पत्नी ने दाखिल की तलाक की अर्जी

अभिनेत्री से अवैध संबंध का चला था पता

**चेन्नई।** तमिल एक्टर और TVF पार्टी के चीफ विजय की पत्नी ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की है। इन दोनों की शादी 27 साल पहले अगस्त 1999 में हुई थी। दोनों के दो बच्चे- जेसन संजय और दिव्या शाशा हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में याचिका के हवाले से बताया गया है कि 48 वर्षीय संगीता ने कथित तौर पर 51 साल के विजय पर एक महिला एक्टर के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया। याचिका में दावा किया गया है कि संगीता को 2021 में पता चला कि विजय "एक एक्ट्रेस के साथ गलत रिश्ते में थे।" द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, संगीता ने चेन्नई के पास



एक जिला अदालत में तलाक की अर्जी दी है। दोनों ने 10 जुलाई 1998 में यूके में शादी रजिस्टर करवाई थी। इसके बाद दोनों ने चेन्नई में 25 अगस्त 1998 को हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी।

# 2 मार्च से बंद हो जाएगा भारत-नेपाल बॉर्डर

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल की सीमा 2 मार्च की आधी रात से ही बंद हो जाएगी। यह फैसला नेपाल में 5 मार्च से होने जा रहे चुनावों के मद्देनजर लिया गया है। नेपाल के गृह मंत्रालय ने 26 फरवरी को इस संबंध में एक आधिकारिक मैसेज जारी किया है। बहराइच के रुपैडिहा में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) के इंचार्ज सुधीर शर्मा ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को इसकी जानकारी दी। दोनों देशों की सीमा 5 मार्च की आधी रात तक बंद रहेगी। आधिकारिक लेटर में कहा गया है कि भारत से सटे जिले बांके जिले के पूरे हिस्से में सभी बॉर्डर आउटपोस्ट 5 मार्च तक बंद रहेंगे।

# स्पाइसजेट को SC से नहीं मिली राहत

### चेयरमैन पर लगाया 1 लाख रुपये का जुर्माना



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज स्पाइसजेट लिमिटेड के चेयरमैन अजय सिंह की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एयरलाइन को मीडिया कारोबारी कलानिधि मारन और काल एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ लंबे समय से चल रहे वित्तीय विवाद में 144.5 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने याचिका खारिज कर दी और सिंह पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।


**राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड**

NHIDCL BUILDING INFRASTRUCTURE - BUILDING THE NATION | भारतमाला प्रगति के पथ पर अग्रसर

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार**

**मुख्यालयः प्रथम एवं द्वितीय तल, टॉवर ए. वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029**

**वेबसाइटः www.nhidcl.com ई-मेलः direct.recruitment@nhidcl.com**

**भर्ती सूचना संख्या. 02/2026**

राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से **ई2 ग्रेड (आईडीए पैटर्न) पर वित्त और लेखा संवर्ग में सीधी भर्ती** आधार पर निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र. सं. | पद (संवर्ग) | पदों की संख्या | आईडीए वेतनमान | ऊपरी आयु सीमा | आवश्यक अर्हता और पात्रता मानदंड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (वित्त और लेखा) | 15* पद (अनारक्षित-08, अ.जा.-02. अ.ज.जा. -01, अ.पि.व.-03. ईडब्ल्यूएस-01) *15 पदों में से 01 पद निम्नानुसार दिव्यांगजनों के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित है दृष्टिबाधिता और अल्प दृष्टि -01 श्रेणी (ए) | ₹ 50,000 - 3% - 1,60,000 रुपये | 34 वर्ष से अधिक न हो | सीए/ सीएमए / एम.कॉम / एमबीए (वित्त) और समकक्ष |

**(क) चयन प्रक्रियाः** चयन एनएचआईडीसीएल द्वारा अथवा एनएचआईडीसीएल द्वारा नामित किसी एजेंसी / एजेंसियों द्वारा एनएचआईडीसीएल वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत भर्ती सूचना सं. 02/2026 में दिए गए विवरण के अनुसार दो चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से आयोजित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां:**

- **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि :** 28 फरवरी, 2026 (प्रातः 10:00 बजे)
- **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :** 27 मार्च, 2026 (सांय 05:00 बजे)
- **आयु निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।**
- **उम्मीदवारों को अद्यतन सूचना/परिशिष्ट / निरस्तीकरण/शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है।**

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए कंपनी की वेबसाइट www.nhidcl.com (भर्ती पोर्टल) पर जाने का अनुरोध किया जाता है। विस्तृत पात्रता मानदंड, आरक्षण, आयु में छूट, कार्य दायित्व, चयन परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम, सामान्य अनुदेश और अन्य संबंधित विवरणों आदि के लिए www.nhidcl.com पर जाएं या दिनांक 28 फरवरी, 2026 के रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित पूर्ण एवं विस्तृत विज्ञापन देखें।

cbc 37112/12/0013/25-26 महाप्रबंधक (भर्ती)

**अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण**


# प्रदेश का सशक्त संकल्प है सिटी गैस परियोजना : मुख्यमंत्री साय




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में सिटी गैस अवसंरचना परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएनजी युक्त वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और रायपुर नगर निगम की पहली पाइपलाइन गैस उपभोक्ता श्रीमती पूनम चौबे से संवाद कर घरेलू उपयोग में पाइपलाइन गैस की सुविधा के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने गठन के 25 वर्ष पूरे कर रजत जयंती वर्ष मना रहा है और इन वर्षों में प्रदेश ने विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। सिटी गैस अवसंरचना परियोजना इस विकास यात्रा में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल नई सुविधा नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का सशक्त संकल्प है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब मेट्रो शहरों की तर्ज पर डीपीएनजी (डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस) के माध्यम से घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन से गैस उपलब्ध होगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को रिफिलिंग की झंझट से मुक्ति मिलेगी और सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सस्ती और सुलभ ऊर्जा मिलने से उद्योग क्षेत्र को भी गति मिलेगी तथा प्रदेश में निवेश की संभावनाएं सशक्त होंगी। मुख्यमंत्री ने एचसीजी समूह को बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे रायपुर सहित बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले में शीघ्र ही सीएनजी स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क विकसित करेंगे।

उन्होंने कहा कि वाहनों में सीएनजी के उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और आम नागरिकों के ईंधन खर्च में भी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रस्तुत राज्य बजट में अधोसंरचना विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों और प्रदेशवासियों को मेट्रो शहरों जैसी सुविधाओं का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलें, इस दिशा में सरकार ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता दे रही है।

# सालाना एग्ज़िबिशन फेस्टिवल का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रचना संसद के कॉलेज ऑफ एप्लाइड आर्ट एंड क्राफ्ट की सिल्वर जुबली के उपलक्ष्य में आयोजित सालाना एग्ज़िबिशन फेस्टिवल 'विज़ इम्पैक्ट 2026'का उद्घाटन प्रसिद्ध एडवरटाइजिंग एक्सपर्ट, अभिनेता एवं निर्देशक भरत दाभोलकर के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर जाने-माने आर्ट डायरेक्टर और रचना संसद के पूर्व छात्र डॉ. सुमित पाटिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में आर्किटेक्ट अरविंद ममानिया (डायरेक्टर, एप्लाइड आर्ट एंड क्राफ्ट), प्रिंसिपल डॉ. अदिति झा तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस वर्ष विज़ इम्पैक्ट 2026 का कॉन्सेप्ट बियॉन्ड द प्रॉम्प्टरखा गया है। एग्ज़िबिशन में एप्लाइड आर्ट्स की विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट आर्टवर्क प्रदर्शित किए गए हैं। यह प्रदर्शनी 1 मार्च, 2026 तक कॉलेज परिसर में प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी।


**मध्य रेल**

**एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट**

**खुली निविदा सूचना स.: BB.LD. 583. P. Rev.25/24.Cont. दिनांक 24.02.2026. कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के कुर्ला, पनवेल और जुईनगर जिले के 25 केवी टीएसएस / एसपी / एसएसपी में सुरक्षा योजनाओं के नियंत्रण और रिले पैनल (ASHIDA निर्मित) के लिए दो वर्षों का एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। **अनुमानित लागत:** रु. 2,05,62,979.78. **बिड सिक्योरिटी:** रु. 2,52,800/-. **ऑफर की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 24 महीने। **निविदा फार्म का मूल्य:** रु. 0/-. **I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय: दिनांक 18.03.2026 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। II)** शुद्धिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001 | फोन - 022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है। **AK-938**

**सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें**


# AIADMK से निष्कासित पूर्व CM पन्नीरसेल्वम DMK में शामिल

- मुख्यमंत्री स्टालिन ने सदस्यता दिलाई
- तीन बार तमिलनाडु के CM रह चुके



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला। पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व AIADMK नेता ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने शुक्रवार को DMK का दामन थाम लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। यह कदम अप्रैल-मई में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले उठाया गया है। जे जयललिता के करीबी ओ.पन्नीरसेल्वम पहली बार 2001 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि 6 महीने बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2014 में उन्होंने दूसरी बार सीएम पद का कार्यभार संभाला था। लेकिन इस बार भी वे एक महीने तक ही मुख्यमंत्री रह सके। इसके बाद वे 2016 में तीसरी बार राज्य के सीएम बने थे, लेकिन 2017 में उन्होंने एक बार फिर इस्तीफा दे दिया था। उन्हें लेकर AIADMK के अंदर खींचतान भी चल रही थी। बताया जाता है कि पार्टी के कई नेता उनके खिलाफ थे।


**सार्वजनिक सूचना**

**विरार स्टेशन पर 2रे उत्तर फूटओवर ब्रिज के पश्चिमी भाग को बंद करना**

विरार और दहानू रोड स्टेशनों के बीच 3री और 4थी रेलवे लाइन के निर्माण कार्य के कारण, विरार स्टेशन पर कि.मी. 59/24-26 पर स्थित वर्तमान 2रे उत्तर फूटओवर ब्रिज का पश्चिमी भाग, जो पश्चिम सर्कुलेटिंग क्षेत्र को प्लेटफॉर्म सं. 5/6 तथा पूर्व सर्कुलेटिंग क्षेत्र से जोड़ता है, को विखंडित किया जाना प्रस्तावित है.

बंद अवधि के दौरान यात्रियों को पश्चिम से पूर्व जाने हेतु उत्तर छोर (कि.मी. 60/4-6) पर स्थित फूटओवर ब्रिज तथा कि.मी. 59/20-22 पर स्थित मध्य एफओबी का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, जो पश्चिम सर्कुलेटिंग क्षेत्र, प्लेटफॉर्म सं. 2, प्लेटफॉर्म सं. 3/4, प्लेटफॉर्म सं. 5/6 तथा पूर्व सर्कुलेटिंग क्षेत्र को जोड़ता है.

अतः उक्त फूटओवर ब्रिज **दिनांक 02.03.2026 से अगले आदेश तक बंद रहेगा.** यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है.

**पश्चिम रेलवे** wr.indianrailways.gov.in 1186

हमें लाइक करें : www.facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : www.twitter.com/WesternRly



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**देवनार कसाईखाना**

**विभाग – महाप्रबंधक, देवनार कसाईखाना**

**"ई-निविदा सूचना"**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं दिनांक 06.03.2026 तक प्राप्त करने के लिए आमंत्रित की जाती हैं.

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बोली क्रमांक | बोली प्रारंभ दिनांक | बोली समाप्ति दिनांक | निविदा शुल्क | बयाना रकम जमाराशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवनार कसाईखाना स्थित पशु चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के डॉग कंट्रोल कार्यालय हेतु साइड वॉल कपबोर्ड एवं संबंधित फर्नीचर के नवीनीकरण का कार्य | 2026_एमसीजीएम_1282323_1 | 28.02.2026 | 06.03.2026 | ₹ 1452/- + 18% जीएसटी | ₹13,000/- |

इच्छुक पात्र ठेकेदार ई-निविदा संबंधी अधिक जानकारी एमसीजीएम की वेबसाइट https://portal.mcgm.gov.in/ पर (For partners–> Tenders-view –> Select Department – Deonar Abattoir) अथवा महाप्रबंधक, देवनार कसाईखाना का कार्यालय, गोवंडी रेलवे स्टेशन के सामने, गोवंडी, मुंबई – 43 से प्राप्त कर सकते हैं.

हस्ता./-
महाप्रबंधक
देवनार कसाईखाना

पीआरओ/3144/विज्ञा./2025-26

**सप्ताह में एक दिन का सूखा दिन के तौर पर पालन करें.**

# आज का राशिफल

**28 फरवरी 2026 का दिन सभी 12 राशियों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। ग्रहों की स्थिति के अनुसार आज कुछ राशियों को धन लाभ होगा, तो कुछ को सेहत का ध्यान रखना होगा। आइए जानते हैं कल का राशिफल–**

**मेष राशि –** किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

**वृषभ राशि –** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर–बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन राशि –** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर–बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

**कर्क राशि –** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र–मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**सिंह राशि –** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**कन्या राशि –**दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा।

**तुला राशि–**भूले–बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा

**वृश्चिक राशि –** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार–व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर–बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**धनु राशि–** घर–बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर राशि –** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर–बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कुंभ राशि–** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान–सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर–बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं।

**मीन राशि–** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी न करें।

– ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री

# जान लें डाइनिंग टेबल पर क्या–क्या नहीं रखना चाहिए?

**वास्तु शास्त्र एक ऐसी तकनीक है जिसमें हमारे आसपास की एनर्जी का बैलेंस करने की पावर होती है। घर के हर कमरे से लेकर वहां रखी हुई छोटी से छोटी चीज भी हमारी जिंदगी पर गहरा असर डालती है। बात जब डाइनिंग टेबल की आती है तो बता दें कि ये सिर्फ खाना खाने वाली जगह नहीं होती है, बल्कि इसका सीधा-सीधा संबंध घर की सुख-शांति, परिवार के सदस्यों की हेल्थ और आपसी रिश्ते से होता है। आम तौर पर देखा जाता है कि कई लोग डाइनिंग टेबल पर बिना सोचे-समझे कोई भी सामान रख देते हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार अगर डाइनिंग टेबल पर गलत चीजें रख दी जाएं तो इससे घर में नेगेटिव एनर्जी बढ़ने लगती है। ऐसे में इसका असर आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। घर के सदस्यों के बीच तनाव बढ़ता है और वास्तु दोस्त जैसी चीजें होती हैं।**



## डाइनिंग टेबल पर ना रखें ये चीजें

वास्तु शास्त्र के हिसाब से डाइनिंग टेबल पर कभी भी दवाइयां नहीं रखनी चाहिए। टेबलेस्ट, कैप्शूल से लेकर कफ सिरप वगैरह भी यहां रखने से बचना चाहिए। अगर इस नियम का पालन ना किया जाए तो घर के सदस्यों को अक्सर कोई ना कोई बीमारी घेरे रहेगी। वहीं अक्सर लोग डाइनिंग टेबल पर नमकदानी रखते हैं। इसे भी यहां रखने से बचना चाहिए। अगर यहां पर नमक इत्यादि रखते हैं तो इससे आर्थिक तंगी जैसी स्थिति बनती है। वहीं जल्दबाजी में लोग अपने पर्स, बिल्स या फिर मोबाइल को भी यहां रख देते हैं। नियम के अनुसार ये भी गलत तरीका है। वास्तु शास्त्र के नियम के अनुसार डाइनिंग टेबल पर हमेशा पॉजिटिव एनर्जी ही होनी चाहिए।

## रखें इस बातों का ध्यान

इस बात का जरूर ध्यान रखें कि कभी भी डाइनिंग टेबल के ऊपर बासी खाना ना रखें। इससे घर में नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। वहीं डाइनिंग टेबल भी सही दिशा में रखा होना चाहिए। नियम के हिसाब से इसे हमेशा घर की पश्चिम या फिर दक्षिण पश्चिम दिशा में ही रखना चाहिए। इसके अलावा नियमित रूप से इसकी सफाई करना भी जरूरी है। इसके साथ ही अगर डाइनिंग टेबल लकड़ी का हो तो इसे सोने पर सुहागा कहा जाएगा। इसे शुभ माना जाता है। नियम के हिसाब से डाइनिंग टेबल पर कभी भी चटके हुए बर्तन नहीं रखने चाहिए।



**भारतीय बच्चे 5 साल की उम्र तक मां पर निर्भर रहते हैं और उनसे ही चिपके रहते हैं, पेरेंटिंग करने का तरीका अलग है, जो हर माता-पिता को फॉलो करना चाहिए। कई ऐसी चीजें हैं, जो बच्चे को आत्मनिर्भर और तेज बनाते हैं। अगर आप भी अपने बच्चे को बचपन से ही तेज तर्रार और आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं, तो पेरेंटिंग से 5 जरूरी टिप्स जरूर सीख लें।**

# पेरेंटिंग से ये टिप्स जरूर सीख लें

## पेरेंटिंग के 5 खास टिप्स

### जिम्मेदारी सिखाओ

छोटे–मोटे काम बच्चे को खुद करने दो और सीखने दो। ऐसे बच्चा अपने काम खुद करना शुरू करेगा। जैसे अपनी प्लेट उठाकर किचन में रखकर आना, पानी खुद लेकर पीना, हाथ धोना, कपड़े पहनना वगैरह बेसिक काम करने दो। जिम्मेदारी वाले काम कॉन्फिडेंस भी बढ़ाती है।

### आजादी दो

छोटी–मोटी प्रॉब्लम्स बच्चे को खुद सॉल्व करने दो। हर चीज में दखलअंदाजी करने से बच्चा आप पर ही निर्भर रहेगा और कोई भी परेशानी आने पर अपना दिमाग नहीं लगाएगा। बल्कि भागकर पेरेंट्स के पास आएगा। हर मुश्किल से उसे बचाकर रखना प्यार नहीं होता।

### डेली फिक्स रूटीन

बच्चे का हर चीज का सही रूटीन तय करो। सोना, खाना, पीना, खेलना, आउटिंग सब चीजों को फिक्स समय होना चाहिए। रूटीन तय करने से बच्चा उसी में ढल जाता है और फिर उसी हिसाब से चीजें करता है। इससे बच्चे नखरे कम करते हैं।

### इमोशन्स सिखाओ

बच्चे को इमोशन्स भी सिखाने की कोशिश करें। अगर बच्चा रो रहा है, तो उसे समझाओ और बताओ कि तुम अपसेट हो किस बात पर हो और क्या हो सकता है। ऐसे बच्चा खुशी और दुख के बीच अंतर समझ सकेगा।

# सीढ़ियां चढ़ते समय सांस क्यों फूलती है

**कई बार जब हम सीढ़ियां चढ़ते हैं या थोड़ी सी शारीरिक गतिविधि करते हैं, तो सांस फूलने की समस्या का सामना करते हैं। अक्सर लोग इसे उम्र, फिटनेस की कमी या थकान का नतीजा मान लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह सामान्य समस्या वास्तव में दिल से जुड़ी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकती है? डॉक्टरों का मानना है कि यह सांस फूलने की समस्या, विशेषकर जब यह थोड़ी सी मेहनत से होती है, को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह आपके दिल की सेहत के लिए एक चेतावनी हो सकती है, जिसे समय पर पहचानना बेहद जरूरी है।**



सीढ़ियां चढ़ते समय सांस क्यों फूलती है – जब आप थोड़ी सी चढ़ाई पर चढ़ते हैं और अचानक से सांस फूलने लगती है, तो इसे हल्के में न लें। डॉक्टरों के अनुसार, जब दिल पर्याप्त रक्त पंप नहीं कर पाता, तो साधारण गतिविधियाँ भी थकाऊ हो जाती हैं। यह सांस फूलने की समस्या अक्सर सीने में दर्द या बेहोशी से पहले होती है और यह एओर्टिक वॉल्व रोग का पहला संकेत हो सकता है।

## लक्षणों पर ध्यान दें

कुछ लक्षण हैं जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जैसे कि:

**● थोड़ी सी मेहनत में भी सांस फूलना। ● सीने में दर्द या असुविधा। ● चक्कर आना या बेहोशी का अनुभव। ● सामान्य से अधिक थकान। ● हृदय की धड़कन में अनियमितता। इन लक्षणों का समय पर पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।**

## इलाज के विकल्प

अगर आप सांस फूलने की समस्या का सामना कर रहे हैं, तो जल्दी से जल्दी डॉक्टर से सलाह लें। समय पर पहचानने से उपचार में मदद मिल सकती है। नियमित जांच और उचित दवाइयाँ दिल की सेहत को बनाए रखने में सहायक होती हैं। गंभीर मामलों में वॉल्व की सर्जरी आवश्यक हो सकती है।

## एओर्टिक वॉल्व रोग क्या है

एओर्टिक वॉल्व दिल के बाएं वेंट्रिकल और एओर्टा के बीच होता है। इसका कार्य रक्त को शरीर में पंप करना है। जब यह वॉल्व ठीक से काम नहीं करता, तो दिल को अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे समय के साथ दिल कमजोर हो सकता है। यह बीमारी गंभीर हो सकती है और यदि इलाज न किया जाए, तो यह दिल की विफलता और अचानक दिल का दौरा जैसी जटिलताओं का कारण बन सकती है।

## दिल की सेहत बनाए रखने के उपाय

आपकी जीवनशैली दिल की सेहत पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। डॉक्टर गुलाटी के अनुसार, स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, रक्तचाप का नियंत्रण, धूम्रपान छोड़ना, और तनाव प्रबंधन जैसी छोटी–छोटी बातें आपके दिल की सेहत में बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

## निष्कर्ष

अगर सीढ़ियां चढ़ना आपके लिए कठिनाई का कारण बनता है, तो इसे नजरअंदाज न करें। सांस फूलना आपके दिल की स्वास्थ्य का संकेत हो सकता है। समय पर जांच और उचित उपाय करने से आप अपने दिल को सुरक्षित रख सकते हैं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं।

# गन्ने का सिरका जड़ से मिटाएगा रोग

**शरीर को ठंडक देने से लेकर डिहाइड्रेशन से बचाव करने वाला गन्ने का रस तो आपने गर्मियां शुरू होते ही कई बार पिया होगा। लेकिन क्या आपने कभी गन्ने के सिरके का स्वाद भी चखा है। गन्ने का सिरका महज एक जायका नहीं है, बल्कि बोतलों में बंद सेहत का 'देसी अमृत' भी है। पारंपरिक तरीके से तैयार यह सिरका प्रोबायोटिक्स और एंजाइम्स का भंडार है, जो आज के मॉडर्न 'डिटॉक्स ड्रिंक्स' को कड़ी टक्कर देकर आपके शरीर को अंदर से रीसेट करने की ताकत रखता है।**

प्रोबायोटिक्स, एंजाइम्स और नेचुरल एसिड से भरपूर यह देसी टॉनिक न केवल आपके बिगड़े हुए पाचन को पटरी पर लाता है, बल्कि वजन घटाने से लेकर शुगर कंट्रोल करने तक के सफर में आपका सबसे भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है। पारंपरिक तरीके से यह सिरका प्रोबायोटिक्स और एंजाइम्स का भंडार है, आइए जानते हैं इसके बेमिसाल फायदे।



### 1. बेहतर पाचन

गैस, बदहजमी, अपच और भारीपन से परेशान हैं? गन्ने का सिरका पेट के एंजाइम्स को एक्टिव कर खाने को आसानी से पचाने के साथ पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ाता है।

### 2. ब्लड शुगर पर कंट्रोल

डायबिटीज मैनेजमेंट में यह कमाल का असर दिखाता है। आपकी प्रतिदिन की डाइट में गन्ने का सिरका शामिल करने से खाने के बाद रक्त में शुगर का उतार–चढ़ाव कम होता है, जिससे डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस से जुड़ी समस्याओं का प्रबंधन बेहतर होता है।

### 3. वेट लॉस में नेचुरल बूस्टर

गन्ने का सिरका वजन नियंत्रण में एक प्राकृतिक सहायक के रूप में काम करता है। इसमें मौजूद अम्ल आपकी भूख को नियंत्रित करने और मेटाबॉलिज्म (चयाप्रक्रिया) को बेहतर करने में मदद करता है, जिससे अनावश्यक स्नैक्स खाने की इच्छा कम होती है और फैट बर्निंग को बढ़ावा मिलता है।

### 4. बॉडी डिटॉक्स और इम्यूनिटी

यह शरीर के डिटॉक्सिफिकेशन (शरीर की सफाई) में मदद करता है। गन्ने का सिरका लीवर और किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंगों की गहराई से सफाई कर विषैले तत्वों (Toxins) को बाहर निकालता है। जिससे हमारी इम्यूनिटी और ऊर्जा बेहतर होने के साथ चेहरे पर कुदरती चमक आती है।

### 5. दिल की सेहत और कोलेस्ट्रॉल

यह खून की नलियों को स्वस्थ रखने, अच्छे और बुरे कोलेस्ट्रॉल के संतुलन में सहायक, और हृदय स्वास्थ्य को लगभग प्राकृतिक तरीके से समर्थन करने में भी योगदान कर सकता है।

### 6. त्वचा और बालों की चमक

बाहरी रूप से इसका उपयोग त्वचा और बालों के लिए प्राकृतिक टोनर या कंडीशनर के रूप में भी किया जा सकता है, जिससे त्वचा की चमक बढ़ती है और बालों की जड़ों से संबंधित समस्याएं कम होती हैं।

# खीरा खाने का क्या है सही समय

**गर्मियों की दस्तक के साथ ज्यादातार लोग खीरा खाना शुरू कर देते हैं। खीरा वेट लॉस के लिए बेस्ट है। और, वहीं खीरे से शरीर को हाइड्रेशन भी मिलता है। लेकिन अगर इसे सही टाइम पर और सही तरीके से नहीं खाया तो फायदेमंद खीरा भी नुकसान पहुंचा सकता है। न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता शाह ने बताया कि कैसे उनके क्लाइंट को खीरा गलत समय पर खाने की वजह से सिर में दर्द की समस्या बनी रहती थी। वहीं उन्होंने खीरा खाने का सही तरीका भी बताया।**



***खीरा खाने का बेस्ट टाइम कौन सा है। डॉक्टर बताते हैं कि हर किसी को खीरा खाने से जुड़ा ये जुमला जरूर याद कर लेना चाहिए। "सुबह का खीरा हीरा, दोपहर का खीरा जीरा, रात का खीरा कीड़ा"***

इस एक लाइन की मदद से खीरा खाने का बेस्ट तरीका याद रखना आसान होगा। डॉक्टर तरंग बताते हैं कि खीरे को अगर सुबह 11 बजे से पहले खाते हैं तो ये हीरे की तरह काम करता है यानि बेहद फायदेमंद रहता है। वहीं खीरा अगर दोपहर में खाया जाए तो ये जीरा की तरह काम करता है। मतलब जिस तरह जीरा डाइजेशन के लिए फायदेमंद होता है। उसी तरह से खीरा भी पेट के लिए फायदेमंद होता है। वहीं अगर खीरा रात को खाया जाए तो कीड़े की तरह आपके शरीर के गुड बैक्टीरिया को खत्म करने लगता है। न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया था कि कैसे उनकी एक क्लाइंट जो शाम को या रात को अक्सर सलाद में खीरा खाती थी उसे सिर में दर्द रहता था और रात को खीरा खाना बंद करने के दो दिन के अंदर ही सिर दर्द की समस्या ठीक हो गई।

# गुजिया बनाने में नहीं बेकार होगा समय

**गुजिया के बिना होली का त्योहार अधूरा लगता है। चाहे जितने तरह के स्नैक्स बना के रख ले,लेकिन गुजिया न केवल त्योहार को पूरा करती है बल्कि ये होली की परंपरा है।लेकिन गुजिया को बनाने में काफी सारी मेहनत और वक्त लग जाता है। अगर आप गुजिया बनाने के झंझट से बचने के लिए मार्केट से गुजिया खरीद लाती हैं तो ये हैक आपकी मदद कर सकता है।**

कंटेंट क्रिएटर ने इस कमाल के हैक को शेयर किया है जिसे एक बार ट्राई करना तो बनता है। अगर इस हैक को ट्राई करेंगी तो एक बार में कम से कम 6–7 गुजिया बनाकर रेडी कर लेंगी। सबसे खास बात इस ट्रिक को फॉलो करने के लिए किसी एक्स्ट्रा चीज की जरूरत नहीं होगी।

एक बार में 6 से 7 गुजिया बनाने की ट्रिक ये ट्रिक बहुत आसान है। बस गुजिया का आटा गूंथकर रख लें।

अब लोई लेकर बड़ी सी रोटी बेल लें।

तैयार रोटी के किनारों पर थोड़ी जगह छोड़कर गुजिया में भरने के लिए तैयार स्टफिंग को रखें।

अब एक स्टफिंग के साइड से पूरी को फोल्ड करें और गिलास की मदद से इसे काट दें।

गिलास के साइड से काटने से गुजिया की शेप परफेक्ट बन जाएगी।

इसी तरह से सारी स्टफिंग के बगल से पूरियों को फोल्ड करें



और गिलास की मदद से काट लें।

इसी तरह से पूरी पर रखी स्टफिंग को फोल्ड करते हुए काटे।

बस अब तैयार गुजिया के किनारों को अच्छी तरह से सील करने के लिए कांटे की मदद से किनारों को दबा दें। ऐसा करने से गुजिया पूरी तरह से सील हो जाएगी और तलने पर खुलेगी नहीं। साथ ही कांटे की मदद से गुजिया के किनारों पर अच्छी सी डिजाइन भी बनकर रेडी हो जाएगी।

इस होली आप भी इस आसान हैक को ट्राई कर एक बार में ही कई सारी गुजिया बनाकर रेडी कर सकती हैं। जिससे समय और मेहनत दोनों बनेगी और आप ढेर सारी गुजिया बनाकर रेडी कर लेंगी।

घर में गुजिया का सांचा नहीं है तो भी इस तरह से परफेक्ट शेप में गुजिया बनकर रेडी हो जाएगी और फटेगी भी नहीं।

# रोजाना 5 से 10 मिनट ब्रीदिंग एक्सरसाइज के फायदे

**एक्सरसाइज बॉडी को फिट रखने का सबसे अच्छा और आसान तरीका है। शरीर को फिजिकली फिट रखने के साथ मेंटल फिटनेस भी बहुत जरूरी है। मेंटली बॉडी को फिट रखने के लिए ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें। पढ़ाई से लेकर कामकाज तक, हर चीज में फोकस बनाए रखने के लिए दिमाग का स्थिर होना बहुत जरूरी है। ब्रीदिंग एक्सरसाइज दिमाग शांत करने में मदद करती है। लेकिन क्या 5 से 10 मिनट के लिए सांस लेने वाली एक्सरसाइज करने पर फायदा होता है? आइए, इस आर्टिकल में जानते हैं कि सुबह सिर्फ 5 से 10 मिनट की ब्रीदिंग एक्सरसाइज क्या हेल्थ के लिए वाकई जादुई हैं?**

### 1) स्ट्रेस कंट्रोल सिस्टम होता है एक्टिव

ब्रीदिंग एक्सरसाइज खास तौर से लंबी सांस छोड़ने की प्रक्रिया वेगस तंत्रिका को एक्टिव करता है। इससे पैरासिंपैथेटिक तंत्रिका तंत्र एक्टिव होती है। ऐसा करने से शारीरिक रूप से आपका हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर कम हो जाता है।



### 2) दिमाग के काम करने की क्षमता बढ़ती है

गहरी सांस लेने से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में ब्लड फ्लो बढ़ता है, जो दिमाग का वह हिस्सा है जो फोकस, निर्णय लेने और इमोशनल बैलेंस के लिए जिम्मेदार है। जब आप रोजाना 5 से 10 मिनट के लिए सांस लेने वाली एक्सरसाइज करते हैं तो आप खुद के ब्रेन पर कंट्रोल पाएंगे।

### 3) मूड बेहतर होता है

रिपोर्ट्स से पता चलता है कि रोजाना 5 मिनट रोजाना ब्रीदिंग एक्सरसाइज मूड को बेहतर बनाने और नकारात्मक भावनाओं क्रोध, चिंता को कम करने में बहुत मददगार होता है।

### 4) लंग्स हेल्थ बेहतर होती है

रोजाना ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने पर फेफड़ों को मजबूत करने में मदद मिलती है। ये ऑक्सीजन के फ्लो में सुधार करता है और समय के साथ सांस लेने में तकलीफ को कम करता है।

### 5) नींद की क्वालिटी में सुधार होता है

अगर आप 4–7–8 जैसे सांस लेने की तकनीक को अपनाते हैं तो नींद क्वालिटी बेहतर होती है और आप गहरी नींद में सो सकते हैं।



# इंग्लैंड ने लगाई जीत की हैट्रिक

## न्यूज़ीलैंड-पाकिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार



**कोलंबो।** टी-20 वर्ल्ड कप के रोमांचक सुपर 8 मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात देकर कमाल कर दिखाया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड की टीम ने इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में सीधा एंट्री मारने का मौका गंवा दिया है। अब यहां से पाकिस्तान की टीम के लिए एक बेहद छोटी सी उम्मीद की किरण सेमीफाइनल में पहुंचने की जल उठी है। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 159 रन बनाए थे और इंग्लैंड की टीम ने आखिरी ओवर में इस टारगेट को चेज कर लिया। इससे पहले, इंग्लैंड के स्पिनरों ने अपनी काबिलियत का शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 7 विकेट पर 159 रन पर सीमित कर दिया। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली न्यूजीलैंड को किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। ग्लेन फिलिप्स (28 गेंदों पर 39 रन), टिम सिफर्ट (25 गेंदों पर 35 रन) और फिन एलेन (19 गेंदों पर 29 रन) ने बल्ले से अहम योगदान दिए। इंग्लैंड के लिए विल जैक्स (23 रन पर दो विकेट), आदिल राशिद (28 रन पर दो विकेट) और रेहान अहमद (28 रन पर दो विकेट) के स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी ने शानदार गेंदबाजी की। तेज गेंदबाजों की शुरुआती पिटाई के बाद इन स्पिनरों ने बीच के ओवरों में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में आग उगलने वाले जोफ्रा आर्चर ने शुरुआत मेडन ओवर से की। इस ओवर में अंपायर ने सीफर्ट को कैच आउट दिया, लेकिन टीवी रिप्ले में साफ हुआ कि गेंद बल्ले से नहीं लगी थी और फैसला पलट दिया गया। लियाम डॉसन ने भी दूसरे ओवर में सीफर्ट और फिन एलेन को बांधे रखा, लेकिन सीफर्ट ने डीप स्क्वायर लेग की दिशा में स्वीप कर चौका जड़कर दबाव तोड़ा। दूसरे छोर से आर्चर ने शानदार गति और स्विंग के साथ गेंदबाजी की लेकिन एलेन ने उनकी धीमी गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ दिया। एलेन लय में नजर आने लगे और डॉसन के खिलाफ सीधा मैदान के ऊपर एक और शानदार छक्का लगाया। साथी बल्लेबाज से प्रेरित होकर सीफर्ट ने भी आर्चर पर हमला बोला, लगातार दो चौके जड़े और फिर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया।

# पाकिस्तान की नजर बड़ी जीत पर

## सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका



**पाल्लेकल।** अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है। लेकिन पाकिस्तान के लिए अभी सारी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है बशर्ते इंग्लैंड शुक्रवार को न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दे और इसके बाद सलमान आगा की अगुवाई वाली टीम श्रीलंका पर बड़ी जीत हासिल कर दे। पाकिस्तान के बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चुनौती है क्योंकि अभी तक टूर्नामेंट में वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ही अभी तक अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उन्होंने 70.75 की औसत से 283 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 158.10 है। फरहान को छोड़कर पाकिस्तान की टीम का कोई भी अन्य विशेषज्ञ बल्लेबाज इस प्रतियोगिता में तिहरे अंक का आंकड़ा नहीं छू पाया है। उसकी तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में ऑलराउंडर शादाब खान दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 111 रन बनाए हैं। कप्तान सलमान आगा (44 रन), साइम अयूब (70) और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम (91) ने निराश ही किया है। ऐसे में पाकिस्तान की उम्मीदें फखर जमां पर टिकी होंगी। पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण में में उस्मान तारिक (10 विकेट) की मौजूदगी से उसे मजबूती मिली है। इसके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेकर कुछ हद तक फॉर्म हासिल कर ली है। उस मैच में हालांकि वह अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे थे। श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है लेकिन इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह मेजबान है। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था। दासुन शनाका की टीम ने शानदार शुरुआत की और ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को करारी शिकस्त देकर खिताब के दावेदारों में अपना नाम शामिल कर लिया था। लेकिन श्रीलंका उस जीत के बाद जिम्बाब्वे, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन मैच हारकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका का शतक सुदूर अतीत की किसी घटना जैसा लगता है, क्योंकि श्रीलंका खेल की प्रत्येक विभाग में जूझ रहा है। श्रीलंका की बल्लेबाजी में गहराई और दृढ़ता दोनों की कमी रही है, जिसके चलते वे नियमित रूप से जल्दी विकेट गंवाते रहे हैं और दबाव वाली परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। उसके गेंदबाज भी विरोधी टीम के बल्लेबाजों के लिए खास परेशानी नहीं खड़ी कर पाए हैं।

**ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका**

# कप्तान मोलिनक्स सीरीज से बाहर

**होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की सभी प्रारूपों की कप्तान सोफी मोलिनक्स पीठ की दिक्कत की वजह से भारत के खिलाफ बाकी बहु-प्रारूप सीरीज से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 28 साल की ऑलराउंडर होबाटर् में दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण नहीं खेल पाईं। मोलिनक्स ब्रिस्बेन में सीरीज के पहले मैच में खेली थीं, जिसमें उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी की और 17 रन देकर एक विकेट लिया था। इस चोट की वजह से अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उनका खेलना मुश्किल हो सकता है, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इशारा किया है कि सीरीज से पहले उनकी फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया का ऑल-फॉर्मेट कैप्टन बनाया गया था, जो एलिसा हीली की जगह लेंगी, जो भारत सीरीज के आखिर में संन्यास लेने वाली हैं। मोलिनक्स ने भारत के खिलाफ तीन टी-20 में टीम की अगुवाई की थी, जिसमें हीली नहीं खेली थीं, और वह ऑस्ट्रेलिया की इस महान खिलाड़ी की जगह उनके आखिरी इंटरनेशनल मैच, एकमात्र टेस्ट में लेंगी। टॉस के समय, हीली ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, 'सोफी मोलिनक्स की आज की खबर सबके लिए थोड़ी चौंकाने वाली और उनके लिए निराशाजनक थी। उम्मीद है कि हम उन तीनों (एलिस पेरी और किम गार्थ भी घायल हैं) को संभाल पाएंगे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए जरूरी प्यार दे पाएंगे।' उनकी गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया के पास दो उप-कप्तानों एश्ले गाडर्नर और ताहलिया मैकग्रा में से किसी एक को कमान सौंपने का विकल्प है। उल्लेखनीय है कि मोलिनक्स को पहले भी कई चोटें लगी हैं, वह पैर की चोट के कारण 2022 एशेज और एकदिवसीय विश्वकप से बाहर रहीं और उस साल कॉमनवेल्थ गेम्स में भी नहीं जा सकीं।

# जॉर्जिया वोल का शतक

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत से लगातार 12वीं वनडे श्रृंखला जीती



महानगर नेटवर्क

**होबार्ट**

जॉर्जिया वोल के आकर्षक शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां मौजूदा चैंपियन भारत को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 83 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका रावल की 81 गेंद पर खेली गई 52 रन की पारी से भारत ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। भारतीय टीम हालांकि बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई।

इसके बाद हरमनप्रीत ने 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने जॉर्जिया वोल (82 गेंद पर 101 रन, 13 चौके, एक छक्का) और फीबी लिचफील्ड (62 गेंद पर 80 रन) की उम्दा पारियों की मदद से 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक भारत के खिलाफ सभी 12 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखलाएं जीती हैं। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही कप्तान एलिसा हीली (06) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें काशवी गौतम (47 रन देकर दो विकेट) ने इनस्विंग यॉर्कर पर बोल्ड किया। इसके बाद हालांकि लिचफील्ड और वोल ने अगले लगभग 15 ओवर तक भारत को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी और इस बीच दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने भारत के तेज और स्पिन आक्रमण का सहजता से सामना किया और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का भी फायदा उठाया। क्रांति गौड़ (54 रन देकर एक विकेट) ने लिचफील्ड को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। लिचफील्ड स्कूप करने के प्रयास में बोल्ड हो गई। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। वोल ने बेथ मूनी (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 गेंद पर 82 रन की साझेदारी की। वह शतक पूरा करने के बाद कासवी की गेंद पर फाइन लेग पर कैच देकर पवेलियन लौटी। दीप्ति शर्मा (32 रन देकर दो विकेट) ने मूनी और फिर एनाबेल सदरलैंड (10) को आउट किया लेकिन इससे परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा। एशले गार्डनर (नाबाद 19) ने विजयी चौका लगाया। इससे पहले रावल ने स्मृति मंधाना (31) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके उसे मजबूत शुरुआत दी। भारत ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश की लेकिन कुछ खराब शॉट चयन के कारण इस श्रृंखला में लगातार दूसरी बार वह मुश्किल में फंस गया था। मंधाना ने पैडल स्वीप करने से चूक गई और गार्डनर (39 रन देकर दो विकेट) की गेंद उनके लेग स्टंप पर जा लगी। जेमिमा रोड्रिग्स (11) ने ऑफ स्टंप के बाहर एक ढीला शॉट खेला और सदरलैंड (37 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठी। दीप्ति शर्मा (01) अलाना किंग (41 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर तेजी से रन बनाने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर कैच आउट हो गईं। किंग ने इसके बाद रिचा घोष (22) को पगबाधा आउट किया। काशवी (25) ने हरमनप्रीत के साथ सातवें विकेट के लिए 55 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिससे भारत 251 रन तक पहुंचने में सफल रहा। इन दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम वनडे मैच यहां एक मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीम के बीच छह मार्च से एकमात्र टेस्ट मैच होगा। भारत ने इससे पहले टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

**जर्मन ओपन में भारत का अभियान खत्म**

# किदांबी श्रीकांत बाहर

महानगर नेटवर्क

**मुल्हेम एन डेर रूहर**



जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिंगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वल्डर् नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-यी से सिफर्. 32 मिनट में 21-14, 21-9 से हार गए। ताइवानी शटलर के खिलाफ़ इतने ही हेड-टू-हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था। श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, लिन ने धीरे-धीरे वापसी की, कमी को दूर करते हुए 12-10 से आगे हो गए और फिर आराम से पहला गेम जीत लिया। इंटरवल के बाद ताइवानी शटलर का मोमेंटम मज़बूत रहा, उन्होंने दूसरे गेम में 7-1 की बढ़त बना ली और पूरे गेम में कंट्रोल बनाए रखा, जिससे श्रीकांत वापसी नहीं कर पाए। इंडियन खिलाड़ी ने इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वाटर्र-फाइनल में जगह बनाने के बाद इस टूर्नामेंट में एंट्री की थी और इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भी देश को रिप्रेजेंट किया था। बुधवार को जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, मालविका बंसोड़ और किरण जॉर्ज के पहले राउंड से बाहर होने से भारत की चुनौती पहले ही कम हो गई थी। भारतीय शटलर अब मशहूर ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 में हिस्सा लेंगे, जो अगले मंगलवार को बर्मिंघम में शुरू होगा।



# अर्शदीप सिंह ने रचा इतिहास

- सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने

**चेन्नई :** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह गुरुवार को जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में देश के सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अर्शदीप ने यह उपलब्धि (35 विकेट) चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी टीम के करो या मरो वाले मैच के दौरान हासिल की और इस अहम मैच में अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 3/24 विकेट लिए। अर्शदीप ने 2022 टी20 वर्ल्ड कप में अपने डेब्यू के बाद से 19 मैचों में 14.25 के औसत और 7.33 के इकॉनमी रेट से 35 विकेट लिए हैं, जिसमें उनके नाम एक इनिंग में 4 विकेट भी शामिल हैं। बुमराह पहले भारत के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे जिन्होंने 23 मैचों में 14.00 के औसत से 33 विकेट लिए थे, जिसमें उनका बेस्ट प्रदर्शन 3/7 था। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (50 विकेट) टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अब तक 5 मैचों में अर्शदीप ने 16.00 की औसत से 8 विकेट लिए हैं जिसमें 3/24 का उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा। 2024 के पिछले एडिशन में अर्शदीप 8 मैचों में 12.64 की औसत से 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे जिसमें उनके नाम एक चार विकेट हॉल और 4/9 का सबसे अच्छा प्रदर्शन था।

# अर्जेंटीना में होगी संग्राम सिंह की MMA फाइट

## फ्रांस के युवा फाइटर से मुकाबला

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**




MMA खेल आइकन संग्राम सिंह के अर्जेंटीना की जमीन पर अपनी अगली फाइट की खबर के साथ ही वहां समुराई फाइट हाउस के अध्यक्ष मार्टिन पाकसियार्ज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के टाइग्रे इलाके में रविवार, पांच अप्रैल को उनका फ्रांस के युवा फाइटर मौटेऊ मोंटेइरो से होने वाला मुकाबला मुख्य आकर्षण रहने वाला है, जहां युवा जोश और जुनून के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। संग्राम सिंह इस दिन MMA के समुराई फाइट हाउस 28 (SFH 28) के मुख्य मुकाबले में उतरने वाले हैं। किसी भारतीय MMA फाइटर का अर्जेंटीना की धरती पर फाइट करने का यह पहला मौका होगा। मार्टिन पाकसियार्ज ने कहा कि जॉर्जिया और नीदरलैंड के एम्सटडर्म में संग्राम ने MMA की कला में जो जलवा दिखाया है, उससे अर्जेंटीना के लोगों में उनको लेकर जबरदस्त उत्साह है। वहां के लोग यह भी जानने को उत्सुक हैं कि जहां मिट्टी और गद्दे की कुश्ती खूब चर्चा का विषय बनती हो, वहां से इन दोनों तरह की कुश्ती करने वाले संग्राम सिंह ने MMA में कैसे अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और उम्र के 40 के पड़ाव को पार करने के बाद भी कोई कैसे MMA में सफलता के झंडे गाड़ सकता है। वह भारत में इस खेल के एम्बेसडर हैं। उनकी इस फील्ड में कामयाबी से भारत में भी इस खेल को अलग पहचान मिली है। अर्जेंटीना में संग्राम सिंह की मौजूदगी मील का पत्थर साबित होने वाली है। पूर्व प्रोफेशनल रेसलर से मिक्स्ड मार्शल आर्ट के फाइटर बने संग्राम सिंह ने कहा कि जब उन्होंने MMA की शुरुआत की तो हर किसी ने इस बात को लेकर हैरानगी जाहिर की थी कि रेसलिंग और MMA अलग दुनिया हैं लेकिन उन्हें विश्वास था कि मैट पर सीखा गया अनुशासन, फिटनेस और योद्धा की तरह जुझारूपन से वह MMA के मंच पर भी खुद को साबित करने में सफल रहेंगे। उनके हर मुकाबले से उनकी खेल कौशल (स्किल) में सुधार हुआ है। संग्राम सिंह ने कहा कि नीदरलैंड और जॉर्जिया की फाइट ने उन्हें पहले से ज़्यादा मैच्योर और संपूर्ण फाइटर बनाने में मदद की है और अब अर्जेंटीना उनके सफर का अगला पड़ाव है, जहां वह अर्जेंटीनावासियों के दिल जीतने के अलावा अपने जीत के क्रम को बरकरार रखने के प्रति कृतसंकल्प हैं। अर्जेंटीना में MMA फाइट लड़ने वाले पहले भारतीय बनने पर संग्राम सिंह ने कहा कि समुराई फाइट हाउस दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित फाइट लीग में से एक है, जहां दुनिया भर के फाइटर हिस्सा लेते हैं।

# खिताबी जीत के करीब जम्मू-कश्मीर

**नई दिल्ली।** कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बीच रणजी ट्रॉफी 2025-26 का फाइनल केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी जम्मू-कश्मीर की टीम ने पहली पारी में 584 रन बनाए थे, जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रनों पर सिमट गई है। मयंक अग्रवाल ने शानदार शतक जड़ते हुए 160 रनों की पारी खेली, मगर उन्हें दूसरे छोर से किसी का साथ नहीं मिला। पहली पारी के बाद जम्मू-कश्मीर के पास 291 रनों की बढ़त है। उन्होंने कर्नाटक पर पूरी तरह से शिकंजा कस लिया है।चौथे दिन का खेल खत्म होने तक जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक पर 477 रनों की विशाल बढ़त बना ली है और वह अपनी पहली ऐतिहासिक खिताबी जीत के बेहद करीब है।

जम्मू-कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 186 रन बना लिए हैं, जिसमें सलामी बल्लेबाज कमरान इकबाल 94 रन बनाकर नाबाद हैं और अपने शतक के करीब खड़े हैं, जबकि साहिल लोतरा 16 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं।

# सिकंदर ने किया नया कीर्तिमान स्थापित

**चेन्नई।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने T20I क्रिकेट मैचों में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। रजा 3000 रन और 100 विकेट पूरे करने वाले फुल-मेंबर देश के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। रजा ने गुरुवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ सुपर आठ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इस अनुभवी ऑलराउंडर ने मैच में अपना 15वां रन बनाते ही 3000 रन का आंकड़ा पार कर लिया, और T20Is में यह आंकड़ा पार करने वाले कुल 14वें खिलाड़ी बन गए। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने 2013 में अपना T20I डेब्यू किया था और 132वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उनके नाम अब 132 मैचों (127 पारियों) में 26.22 की औसत और 136 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 3016 रन हैं। उनके नाम एक शतक और 16 अर्धशतक शामिल हैं। गेंद के साथ रजा ने 23.94 की औसत से 104 विकेट लिए हैं जिसमें 2 बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट हॉल शामिल हैं। रजा T20I में 3000 रन और 100 विकेट का डबल हासिल करने वाले कुल मिलाकर दूसरे खिलाड़ी हैं उनसे पहले मलेशिया के वीरनदीप सिंह यह कमाल किया था। सुपर आठ मैच में रजा ने अपने टी20 करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। पारी का सातवां रन बनाने के साथ ही उन्होंने टी20 क्रिकेट में कुल 7,000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने 348 टी20 मैचों में एक शतक और 37 अर्धशतक बनाए हैं, जो सबसे छोटे फॉर्मेट में उनके लंबे समय तक खेलने और लगातार अच्छा खेलने का सबूत है।



# गायक शान का अनोखा अंदाज

तेजी से बदलते संगीत के इस दौर में, अपनी जड़ों से जुड़ी ध्वनियों को एक नई पहचान मिल रही है। मशहूर गायक शान ने सुप्रसिद्ध सूफी आवाजों—रईस अनीस साबरी और मुज्तबा अजीज नाज़ा के साथ मिलकर 'दमादम मस्त कलंदर' को एक आधुनिक और नए स्वरूप में पेश किया है।



इस गाने को 'देसी तड़का म्यूजिक' के बैनर तले 'BacXtage' सीजन 1 के हिस्से के रूप में रिलीज किया गया है। भारत के मूल 'साबरी ब्रदर्स' की तीसरी पीढ़ी के संगीतकार रमीज सोहेल द्वारा परिकल्पित 'BacXtage' एक ऐसा मंच है,जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक रूप से समृद्ध संगीत को समकालीन प्रदर्शन प्रारूप में पेश करना है। इस पूरे सीजन में विरासत और नए जमाने की प्रतिभाओं का अनूठा मेल देखने को मिला है, जिसमें कविता सेठ,राज बर्मन,जावेद अली, शबाब साबरी,दानिश साबरी, सलमान अली और पवनदीप राजन जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी है। छठें एपिसोड में 'दमादम मस्त कलंदर' के जरिए शान की मधुर गायकी और साबरी–नाज़ा परंपराओं की आध्यात्मिक तीव्रता का संगम देखने को मिलता है। शान ने कहा कि यह एक ऐसा गीत है जो पहले से ही लोगों के दिलों में बसता है। हमारा प्रयास इसकी भावनात्मक गहराई को सुरक्षित रखते हुए इसे ताजगी के साथ पेश करना था। रईस अनीस साबरी ने साझा किया, 'हमारा ध्यान परंपरा का सम्मान करने पर था ताकि यह आज के श्रोताओं के साथ जुड़ सके।' वहीं मुज्तबा अजीज नाज़ा ने बताया कि सूफी संगीत समय के साथ विकसित होता है। यह सहयोग उसी भावना को आगे ले जाता है। 'देसी तड़का म्यूजिक' के सीईओ यश हाके के नेतृत्व में यह प्रोजेक्ट सांस्कृतिक संगीत को आधुनिक मंच प्रदान कर रहा है। क्रिएटर रमीज सोहेल का विजन "BacXtage को संगीत की दुनिया में मौलिकता और शुद्ध अभिव्यक्ति को वापस लाने के लिए बनाया गया है।"

# भव्यता और रहस्य से भरपूर 'नागबंधम' का टीज़र



आखिरकार इंतजार हुआ खत्म अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म 'नागबंधम' का बहुप्रतीक्षित टीज़र रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ़ नज़र आ रही है। हर फ्रेम में उनकी साहसिक सोच और आध्यात्मिक गहराई के साथ-साथ एक शानदार विजुअल अनुभव की झलक मिलती है।

फैंस की एक्साइटमेंट तब सातवें आसमान पर पहुंच गई जब सुपरस्टार महेश बाबू ने खुद इस टीज़र को लांच किया, जिससे पूरे देश में इस फिल्म को लेकर चर्चा तेज़ हो गई है। हिमालय की रहस्यमयी वादियों के बैकड्रॉप पर सेट यह टीज़र एक ऐसी दुनिया का दरवाज़ा खोलता है, जहाँ समय से भी पुराना एक गहरा राज़ दफन है। जब एक इंसान का लालच इस ब्रह्मांडीय सच को उजागर करने की कोशिश करता है, तब नियति खुद अपने योद्धा को चुनती है। 'नागबंधम' की कहानी अब्दाली के ऐतिहासिक अफगान आक्रमण से प्रेरित है, जिसमें माइथोलॉजी, इतिहास और आध्यात्मिक युद्ध का अनोखा मेल देखने को मिलता है। यह लड़ाई सांस्कृतिक विरोध और दैवीय सुरक्षा के बीच के टकराव को दिखाती है। इस महागाथा के केंद्र में है पवित्र नागबंधम मंदिर, एक ऐसा गुप्त मंदिर जिसकी रक्षा दिव्य शक्तियां कर रही हैं और माना जाता है कि यहाँ ब्रह्मांड की एक प्राचीन शक्ति सुरक्षित है। हिमालय के छिपे हुए रास्तों के बीच स्थित इस मंदिर में इतनी अपार शक्ति है कि अगर यह गलत हाथों में पड़ गई, तो अकल्पनीय तबाही आ सकती है।

# 'थप्पड़' की विरासत को आगे बढ़ा रही है 'अस्सी'

थप्पड़' फिल्म के जरिए घरेलू हिंसा पर देशभर में बहस छेड़ने के छह साल बाद, तापसी पन्नू ने एक बार फिर वही जोश जगा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो फैंस से अपनी नई फिल्म 'अस्सी' देखने की अपील कर रही हैं। अपनी पिछली कामयाबी और इस नए प्रोजेक्ट को एक साथ जोड़ते हुए, एक्ट्रेस ने इस इमोशनल वीडियो के कैप्शन में लिखा है: "थप्पड़ से अस्सी तक ......"



वीडियो में तापसी उन फिल्मों के बारे में बात करती हैं जो दिल को छू जाती हैं। वो कहती हैं: "हाय! कुछ फिल्में होती हैं जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कहानी है! कुछ फिल्में होती हैं जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या गजब का कैरेक्टर निभाया है! और कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जिनके लिए मैसेज आते हैं कि यह फिल्म करने के लिए आपका शुक्रिया! कुछ फिल्मों के रिव्यूज में लिखा होता है कि क्या एंटरटेनिंग फिल्म है, जरूर देखें! और कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जिनके रिव्यूज में लगातार एक ही बात लिखी होती है कि बहुत अनकंफर्टेबल है देखकर गुस्सा आया, पर देखनी जरूर चाहिए! ऐसी ही एक फिल्म 6 साल पहले आई थी थप्पड़ और उसी डायरेक्टर की खुशकिस्मती से मेरे साथ एक और पिक्चर एक हफ्ते पहले आई है अस्सी। इतने प्यारे-प्यारे मैसेज, इतने शानदार रिव्यूज, पर सबसे जरूरी बात यह है कि कितने सारे लोगों ने इस मुद्दे को पर्सनली लिया है। मैंने वो खूबसूरत आर्टिकल्स और वीडियो सब देखे और पढ़े हैं, शायद आपने भी पढ़े और देखे होंगे।

# सुनील शेट्टी ने नहीं देखी है बेटे अहान की फिल्म बॉर्डर 2

सुनील शेट्टी ने एबीपी न्यूज के इवेंट आईडिया ऑफ इंडिया समिट में शिरकत की,यहां उन्होंने बेटे अहान के बारे में भी बात की। सुनील ने बताया कि उन्होंने अभी तक बेटे अहान की फिल्म बॉर्डर 2 नहीं देखी है।

अहान की फिल्म बॉर्डर 2 आई। पूरा परिवार प्रीमियर के लिए गया। लेकिन आप पूरे टाइम थिएटर के बाहर ही बैठे रहे। तो इस पर सुनील ने बताया, 'मैंने मन में फिल्म देखने से पहले ये सोच लिया था कि यार देशभक्ति की फिल्म है तो 500 करोड़ तो होनी चाहिए और मुझे लगता है कि फिल्म 500 के आसपास पहुंच गई हूं। मुझे लगता है कि पिता के प्यार में ऊपरवाला दे ही देगा और 500 के मार्क तक पहुंचा देगा। ये मेरा सिर्फ एक इमोशन था। मैंने अभी तक भी फिल्म का एक भी फ्रेम नहीं देखा है। बाहर जाकर खड़े होकर साउंड सुनता था कि अहान की डायलॉग डिलीवरी कैसी है। लेकिन देखी नहीं है।' बता दें कि कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म बॉर्डर 2 ने दुनियाभर में 35 दिनों में 482 I33 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 360 I24 करोड़ कमा लिए हैं।



# अली अब्बास जफर को मिला नया रोमांटिक हीरो

सुल्तान और टाइगर ज़िंदा है जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए मशहूर निर्देशक अली अब्बास जफर अब 'सैयारा' के स्टार अहान पांडे को अपनी अगली अनटाइटल्ड फिल्म में निर्देशित कर रहे हैं, जिसे यश राज फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। अली का मानना है कि अहान में आज की पीढ़ी के किसी भी अभिनेता में न मिलने वाला एक ओल्ड-स्कूल रोमांटिक हीरो का आकर्षण है।



अली अब्बास जफर ने कहा, मुझे अहान में जो सबसे ज़्यादा पसंद है, वह है उसकी सच्चाई। आज के दौर में, जब बहुत कुछ बनावटी और परफॉर्मेटिव लग सकता है, अहान अपने अभिनय में एक पुरानी ईमानदारी लेकर आता है — बिल्कुल उन रोमांटिक हीरोज़ की तरह जिन्हें देखकर हम बड़े हुए हैं और जिन्हें प्यार किया है। कैमरा इसे महसूस करता है। आप स्क्रीन पर बनावटी संवेदनशीलता नहीं दिखा सकते, वह कभी असर नहीं करती। अहान संवेदनशील होने से डरता नहीं है और यही बात उसे खास बनाती है।" अली आगे कहते हैं, दर्शकों ने अहान से इसलिए जुड़ाव महसूस किया है,क्योंकि वह उन्हें प्रभावित करने की कोशिश नहीं करता। वह बस उस पल में मौजूद रहता है। उसमें एक नरमी है, लेकिन साथ ही ताकत भी। यही संतुलन दर्शकों को उसके साथ खड़ा करता है, खासकर लव स्टोरीज़ में। मुझे सच में लगता है कि उसमें उन दुर्लभ रोमांटिक हीरोज़ में शामिल होने की क्षमता है, जो फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों को कुछ महसूस करवा जाते हैं। अहान, अली अब्बास जफर की इस फिल्म की शूटिंग 30 मार्च से मुंबई में शुरू करेंगे और इसके बाद लगभग 60 दिनों की शूटिंग के लिए यूके रवाना होंगे। यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जिसमें उनके साथ दमदार युवा अभिनेत्री शरवरी भी नज़र आएंगी। अहान कहते हैं, एक सच्चा रोमांटिक हीरो सिर्फ नरमी से परिभाषित नहीं होता — उसे भावनात्मक तीव्रता परिभाषित करती है, और यही एक्शन में बेहद खूबसूरती से बदलती है। रोमांस एक हीरो को गरिमा देता है। एक्शन उसे आग देता है। जब गरिमा और आग मिलती हैं, तो यह दर्शकों के लिए एक बेहद शक्तिशाली अनुभव बन जाता है, जिसमें वे अहान का एक बिल्कुल नया पक्ष देखते हैं, जो उन्होंने पहले नहीं देखा।

# रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 की शानदार सफलता

यश राज फिल्म्स की 'मर्दानी 3' ने बेहद सराही जा चुकी मर्दानी फ्रेंचाइज़ी को एक कदम आगे बढ़ाते हुए बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता दर्ज की है। मर्दानी 3 अब तक की मर्दानी फ्रेंचाइज़ी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।

अब इस फिल्म ने एक और अहम मुकाम हासिल करते हुए भारत में 50 करोड़ रुपए और विश्व स्तर पर 75 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे समय में जब बॉक्स ऑफिस पर 'अल्फा मेल' किरदारों का दबदबा देखने को मिल रहा है, रानी मुखर्जी का मानना है कि मर्दानी 3 की सफलता दर्शकों के जबरदस्त प्यार के साथ एक शांत लेकिन बेहद मजबूत संदेश दे रही है। रानी कहती हैं, मैं दिल से आभारी हूं कि मर्दानी 3 ने दर्शकों से इतना गहरा जुड़ाव बनाया है। ऐसे समय में जब बॉक्स ऑफिस की चर्चा मुख्य रूप से 'अल्फा मेल' किरदारों के इर्द-गिर्द घूम रही है, यह सफलता एक बहुत ही ताकतवर बात साबित करती है कि महिला प्रधान फिल्मों का भी दर्शक वर्ग है। मुझे उम्मीद है कि इंडस्ट्री ने इस संकेत को समझा होगा ताकि आगे ऐसी और फिल्में बनें।



# ऋषभ शेट्टी दिखाएंगे भारतीय संस्कृति की असली ताकत

एक ऐसी इंडस्ट्री में जहां अक्सर फिल्मों की भव्यता और दिखावे पर जोर दिया जाता है, वहां ऋषभ शेट्टी ने यकीन, लोककथाओं और भगवान की शक्ति को सिनेमा के बीचों–बीच रखकर एक अलग ही रास्ता बनाया। 'कांतारा' और इसके प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' के साथ, शेट्टी ने सिर्फ एक ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी ही नहीं दी, बल्कि उन्होंने अपनी जड़ों से जुड़ी लोकल परंपराओं को पूरी दुनिया के लिए एक यादगार फिल्मी अनुभव में बदल दिया। 'कांतारा' फ्रेंचाइजी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर करीब 1300 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, किसी एक इंसान (लेखक, एक्टर और डायरेक्टर) की मेहनत से हासिल किया गया एक बड़ा मुकाम है। लेकिन कमाई से हटकर इसकी असली जीत कुछ और ही है। शेट्टी ने तटीय कर्नाटक की पवित्र परंपराओं को पर्दे पर उतारा और वहां की दैवीय कहानियों को पूरी सच्चाई और सम्मान के साथ पेश किया। 'कांतारा' में दिखाई गई आध्यात्मिक एनर्जी सिर्फ दिखावे के लिए नहीं थी, बल्कि वो कहानी की जान थी। हर भाषा के दर्शकों ने फिल्म में दिखाए गए भरोसे, समाज और उस अनदेखी ईश्वरीय शक्ति से खुद को जुड़ा हुआ महसूस किया।



# 'पहले मुझे खुश करना होगा'

## एक्ट्रेस से रोल के बदले डायरेक्टर ने की थी डिमांड!

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच की घटनाओं काफी समय से चलती आ रही हैं। कई एक्ट्रेसेस ने इसक लेकर अपने एक्सपीरियंस शेयर किए हैं। यहां तक कि कहा कि कंप्रोमाइज ना करने पर उन्हें फिल्म में रोल नहीं मिला है। एक चर्चित अभिनेत्री ने एक बार अपना कास्टिंग काउच का अनुभव बताते हुए फिल्म के डायरेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस एक्ट्रेस ने आरोप लगाया था कि डायरेक्टर को खुश करने की बात नहीं मानी तो उसे फिल्म से निकाल दिया गया था। आइए जानते हैं कि ये एक्ट्रेस कौन है।पायल रोहतगी ने मीटू कैंपेन के दौरान खुलासा करके लोगों को हैरान कर दिया था। पायल रोहतगी ने कहा था कि उनके साथ फिल्म में रोल देने के बाद गंदी डिमांड की थी। पायल रोहतगी ने डायरेक्टर दिबाकर बनर्जी पर कास्टिंग काउच का आरोप लगाया था। पायल रोहतगी का कहना था कि एक फिल्म में रोल देने के लिए डायरेक्टर ने उनसे कंप्रोमाइज करने के लिए कहा,साल 2011 में फिल्म 'शंघाई' रिलीज हुई थी और इसे दिबाकर बनर्जी ने डायरेक्ट किया था। पायल रोहतगी ने कहा था कि वह फिल्म के ऑडिशन के लिए डायरेक्टर से मिली थी।

# पति विजय देवरकोंडा की बाहों में खिलखिलाती नजर आईं रश्मिका मंदाना

उदयपुर की हसीन वादियों में सात फेरे लेने के बाद, फिल्म जगत की सबसे चर्चित नई शादीशुदा जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना पहली बार सार्वजनिक रूप से एक साथ नजर आए। पति पत्नी के तौर पर दोनों ने मीडिया का अभिवादन किया। इतना ही नहीं दोनों ही सितारे काफी खुश और एक्साइटेड दिखे। शादी के अगले ही दिन शुक्रवार को इस 'पावर कपल' को उदयपुर एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां से वे अपनी नई जिंदगी की शुरुआत के लिए हैदराबाद वापस रवाना हुए। दोनों की जोड़ी कमाल की लग रही थी और उन्हें देखकर फैंस और अधिक उत्साहित हो गए हैं।



### एयरपोर्ट पर दिखा सादगी और प्यार का संगम

जैसे ही यह जोड़ा एयरपोर्ट पहुंचा वहां मौजूद पैपराजी और फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विजय और रश्मिका ने अपने पहले पब्लिक अपीयरेंस को बेहद सादगी भरा लेकिन प्रभावशाली रखा। दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे एयरपोर्ट की ओर बढ़ते नजर आए और उनके चेहरों पर शादी की खुशी और सुकून साफ झलक रहा था। उन्होंने मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर पैपराजी का अभिवादन किया, जिससे उनकी सादगी ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया। दोनों बड़ी स्माइल के साथ आगे आए, इसके बाद एक्ट्रेस ने फ्लाइंग किस दी और फिर दोनों ने मिलकर हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इसके बाद रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा एक-दूसरे से बाते करने में खोए दिखे और इसी दौरान विजय ने उन्हें अपनी बाहों में भर लिया, फिर दोनों ने साथ मिलकर पैप्स को फ्लाइंग किस दी और एयरपोर्ट के अंदर चले गए।

# कंगना शर्मा ने पार की बोल्डनेस की हदें

एक्ट्रेस कंगना शर्मा अपने बोल्ड फैशन सेंश के लिए जानती जाती हैं। वह अपनी हॉट अदाओं से अक्सर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। कंगना ने एक बार फिर बोल्डनेस की हदें पार कर दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ ऐसी तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिन्हें देखकर फैंस के दिल की धड़कने बढ़ गई है। तस्वीरों में कंगना शर्मा येलो कलर की बेहद रिवीलिंग ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। कंगना की बिकिनी टॉप डोरियों से टिकी दिख रही हैं। वहीं इसके साथ उन्होंने थाई हाई स्लिट कट स्कर्ट पहने हुई है। पने ग्लैमरस लुक को कंप्लीट करने के लिए कंगना ने इसके साथ ब्लैक शिमरी जैकेट स्टाइल की है, जो उनके आउटफिट में परफेक्ट कॉन्ट्रास्ट और एलिगेंस जोड़ रही है। उन्होंने अपने आउटफिट्स को इस तरह कैरी किया है जो उनके टोन्ड फिगर को बखूबी फ्लॉन्ट कर रहा है।ड्यूई बेस के साथ सटल आईशैडो और परफेक्ट लिप शेड ने कंगना के चेहरे की चमक बढ़ा दी है। इसके साथ ही बालों का स्टाइलिश बन बनाकर उन्होंने अपना लुक कम्प्लीट किया है।

